*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

11 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 322

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

झारखंड समेत पूरे देश के पीवीटीजी लाभुकों को मिलेगी 9500 करोड़ की सौगात



# विधायकों को खरीदने के लिए घूम रहे हैं भाजपा नेता: हेमंत

- कोरोना में लोगों को गलत सूई लगा दी, हमको भी लगा दी, पता नहीं क्या होगा
- इन जादूगरों ने विधायक खरीदने-पार्टी को तोड़ने के लिए नोट छापनेवाली मशीन घर पर रख ली है
- चील-कौवों की तरह इनके नेता मंडरा रहे हैं, इनके गुरु भी जल्दी ही झारखंड आनेवाले हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर भाजपा पर हमला बोला है। मंगलवार को उन्होंने कहा कि भाजपा को जनता नहीं चुनती है, बल्कि वह पैसे से सरकार बनाती है। इनके नेता घूम-घूम कर विधायक खरीद रहे हैं। मंगलवार को 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत जमशेदपुर में उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जादूगर हैं। इन लोगों ने अपने घर में नोट छापने की मशीन रख ली है, ताकि विधायकों की खरीद-फरोख्त कर सकें, सरकार बना सकें, दलों में तोड़फोड़ मचा सकें।

**चील-कौवों की तरह मंडरा रहे नेता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव आनेवाला है। चील-कौवे की तरह नेता लोग मंडराने लगा है। अभी इनका गुरु आनेवाला है। उनके स्वागत की तैयारी हो रही है। ये लोग सोचते हैं कि नोट की बदौलत पूरे देश पर कब्जा कर लेंगे। हम हक-अधिकार मांगते हैं, तो जेल में डाल दिया जाता है। 1.36 लाख करोड़ का बकाया मांगने पर नहीं दे रहा है। हम पर इतना आरोप लगाया। इतना परेशान किया। नहीं सका, तो जेल में डाल दिया। इनको पता नहीं है कि झारखंड वीर भूमि है। गोली-बंदूक से हम डरे नहीं, तो जेल में भेज कर क्या हमें डराना चाहते हो। हमने जितनी योजनाएं बनायी है, ये लोग गिनने लगेंगे तो पांच साल और लग जायेगा। आपका बिजली का बिल भी माफ हो गया। आपके इस भाई ने, बेटे ने संकल्प लिया है कि जब तक हम गांव को मजबूत नहीं करेंगे, तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे। आने वाले पांच साल के अंदर हम आपको इतना मजबूत करेंगे कि आपको किसी से उधार नहीं लेना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ इसलिए पूरे राज्य का भ्रमण कर रहे हैं, क्योंकि हम देखना चाहते हैं कि जो काम हम आपके लिए कर रहे हैं, वे जमीन पर उतर रहे हैं या नहीं। आपके लिए पंचायतों में, टोलों में शिविर लग रहे हैं।

(शेष पेज 03 पर)



## विपक्ष पर साधा निशाना

सीएम ने कहा कि जब हम यहां के लोगों के लिए कुछ काम करते हैं, तो दुनिया भर का झूठा आरोप लगाया जाता है। कभी इडी, तो कभी सीबीआइ। दो साल तक हमको परेशान किया। अभी कल-परसों केंद्रीय मंत्री आपके कोल्हान क्षेत्र में घूम रहे थे। मनरेगा में सबसे कम मजदूरी झारखंड को क्यों दी जाती है। और वो भी समय पर पैसा नहीं देते हैं। भाजपा का लोग यहां घूम रहा है विधायकों को खरीदने और पार्टी को तोड़ने के लिए। बोलता है, इतना विधायक, इतना सांसद हमारे साथ है। जनता भाजपा को नहीं चुनती है। इसके लोग पैसा से सरकार बनाते हैं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने की जरूरत है।

## कोरोना काल में दीदियों ने खाना बना कर खिलाया था

सीएम ने कहा, कोरोना काल का भयावह दिन आपको याद होगा। भाजपा की सरकार ने पूरे देश मे लॉकडाउन लगा दिया था। हमारे दो-दो मंत्री मर गये। हम लोग जब से सरकार बनाये, उसके दूसरे दिन से विपक्षी हमारी सरकार गिराने में लग गये। उन लोगों को नहीं अच्छा लगता है कि हम बूढ़ा लोग को बुढ़ापे का सहारा दें। उनको नहीं अच्छा लगता है कि हमारी बेटियां अच्छे से पढ़ाई करें। यही वजह है कि एक साल तक दिल्ली में देश के किसानों ने भारतीय जनता पार्टी को घेर कर रखा। अनेक किसान शहीद हो गये, लेकिन किसानों का आंसू पोंछने के लिए ये लोग नहीं गये। लोकसभा चुनाव में उनका घमंड चूर-चूर किया गया। और सरकार बनाने के लिए इनको बैसाखी का सहारा लेना पड़ा। हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारा राज्य सबसे पिछड़ा राज्य है। सबसे गरीब गुरबा लोग यहीं रहता है। दूसरे राज्य का लोग इसको सोने की चिड़िया बोलता है। क्यों बोलता है। ये सोने की चिड़िया अमीर और व्यापारी लोगों के लिए है। उनकी गिद्ध वाली नजर हमेशा से इस पर है। 2019 के पहले लोग यहां हाथ में राशन कार्ड लेकर भात-भात करते हुए मर गया। लेकिन कोरोना जैसी महामारी में भी हम लोगों ने एक भी मजदूर को भूख से नहीं मरने दिया। उस समय हमारी राज्य की महिला दीदियों ने इस राज्य के गरीब-गुरबा को खाना बना कर खिलाया था।

# सत्ताधारी दल के लोग झारखंड को चील-कौवे की तरह नोच-नोच कर खा रहे हैं : शिवराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सीएम हेमंत सोरेन के 'राजनीतिक गिद्ध' वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा कि हम इस तरह की भाषा नहीं बोलते, लेकिन सत्ताधारी दल के लोग झारखंड को चील-कौवे की तरह नोच-नोच कर खा रहे हैं। जल जीवन मिशन के पैसे को बर्बाद कर दिया गया। यह भ्रष्टाचार की अति है और अन्याय की पराकाष्ठा। यहां सत्ताधारी दल के लोगों के पास से नोटों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं। कहीं करोड़ों, तो कहीं अरबों। वह मंगलवार को रांची एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।



**झारखंड में कोई सुरक्षित नहीं:** शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी है कि कोई सुरक्षित नहीं है। रेत, बालू से लेकर खनिज तक में भ्रष्टाचार है। जल जीवन मिशन का पैसा पूरा बर्बाद कर दिया। प्रधानमंत्री ने हर घर जल नल योजना के लिए पैसा भेजा, एक गांव में भी पैसा नहीं पहुंचा। आखिर ये पैसा कहां गया?

## पांच साल तक एक भी नौकरी नहीं दी

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पांच साल तक सरकार ने एक भी नौकरी नहीं दी और अब चुनाव के समय 10-10 किलोमीटर तक दौड़ा रहे हैं। युवाओं की जान जा रही है। डेमोग्राफी चेंज होना भयावह है। इसलिए झारखंड को बचाना भारतीय जनता पार्टी का कर्तव्य है। पांच साल में एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। दो हजार रुपये चूल्हा खर्च देने का वादा किया था, अब चुनाव के समय केवल एक हजार रुपये पकड़ा कर जाल बिछा रहे हैं। हम इसे उजागर करेंगे। इस सरकार को भारतीय जनता पार्टी उखाड़ कर फेंकेगी।

# अमित शाह 21 को आयेंगे झारखंड

**भाजपा शासित चार राज्यों के मुख्यमंत्री भी आयेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 21 सितंबर को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। वह दुमका से शुरू हो रही भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे। इस यात्रा में भाजपा शासित प्रदेशों के चार मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। बता दें कि झारखंड में भाजपा परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। इसकी शुरुआत दुमका से 21 सितंबर को होगी। इस यात्रा को अमित शाह झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। उनके अलावा इस परिवर्तन यात्रा के दौरान उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, ओड़िशा के सीएम मोहन मांझी, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी रहेंगे।






# योजना का लाभ लेकर जीवन में मिली उम्मीद

## मनरेगा के अंतर्गत सिंचाई कूप निर्माण से सशक्त हुए किसान

खूंटी

**खूंटी** के कर्रा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बमरजा निवासी कोयलो उराँव अपने जीवन को उन्नत करने की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। मनरेगा के तहत संचालित बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना कोयलो उराँव जैसे हजारों किसानों के लिए सार्थक सिद्ध हो रहा है। सफलता के पथ पर बढ़ते ये किसान अब आत्मविश्वास से लबरेज हैं।

कोयलो उराँव के जीवन में एक आशा की किरण तब नजर आई, जब उसने मनरेगा अंतर्गत सिंचाई हेतु कुआँ की जरुरत से ग्राम सभा को अवगत कराया। उसकी जरुरत को देखते हुए ग्राम सभा और प्रखंड स्तर से उसे योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई। देखते ही देखते उसके खेत में कुआँ निर्माण का कार्य शुरू हो गया।

### खेती में हो रही थी परेशानी

कोयलो को अपने खेत में सिंचाई के लिए पानी की कमी के कारण खेती में परेशानी हो रही थी। कोयलो दूसरे के खेत में खेती करने को विवश था। उसकी परेशानियां तब कम हुई, जब मनरेगा के अंतर्गत उसके खेत में कुआँ का निर्माण हुआ। इससे न केवल वह अपने खेत में खेती करने लगा, बल्कि उसकी आंखों में उम्मीदों की चमक भी दिखाई देने लगी है। वह दोगुने मेहनत से खेती के कार्य में जुट गया। उसकी मेहनत रंग लाई और उसके खेत लहलहाने लगे।



बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना (लाभुक) - कोयलो उराँव की परिजन

### किसानों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव

किसान कोयलो उराँव का कहना है कि पहले से अब वो चार से पांच गुना ज़्यादा फसल उपजा रहा है। आलू, मटर, बीन, करेला, गोभी, प्याज़, टमाटर इत्यादि से करीब 2 लाख रुपये तक की आमदनी हुई। निकट भविष्य में भी उसे उम्मीद है कि उसके द्वारा उत्पादित फसलों से उसे लाभ होगा। मनरेगा के अंतर्गत कुआँ निर्माण से बमरजा गांव के ही नहीं बल्कि कर्रा प्रखंड के दर्जनों किसानों को भी लाभ हुआ है। किसान कहते हैं कि अब वे हर मौसम में खेती करते हैं और परिवार का भरण-पोषण एवं बच्चों की शिक्षा बेहतर ढंग से कर रहें हैं।

योजना का लाभ लेकर कोयलो कर्रा प्रखंड में एक उभरते हुए किसान के रूप में अन्य किसानों को प्रेरित कर रहा है। मनरेगा से मिली ये सुविधा किसानों तक बेहतर संदेश देने में सहायक सिद्ध हुई हैं। अब ऊर्जावान किसान उन्नत भी हैं और कुशल भी। मालूम हो कि सिंचाई की व्यवस्था के लिए बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के तहत राज्य भर में 1 लाख कुआँ निर्माण का लक्ष्य रखा गया है

जोहार, मेरा नाम मलविना पूर्ति है। मुझे फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत योजना का लाभ मिला था। योजना में मिली मदद से मैंने अपना व्यवसाय शुरू किया है। मैं बहुत खुश हूं। हेमन्त दादा को आभार।

मलविना पूर्ति, पश्चिमी सिंहभूम



# नियुक्तियों से युवाओं के सपने हो रहे साकार

## सरकार के लगातार प्रयास से युवाओं को मिला रोजगार और नियुक्ति के अवसर

**हेमन्त सरकार** ने राज्य में होने वाली नियुक्ति में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिले इसके लिए लगातार प्रयास किये हैं। इसका फायदा भी दिखा है। JPSC एवं JSSC द्वारा ली गयी परीक्षाओं में जो चयन हुआ है उसमें स्थानीय लोगों के चयन का प्रतिशत चौकाने वाले हैं। हाल के दिनों में हुए विभिन्न पदों पर नियुक्तियों में 75 प्रतिशत से 100 प्रतिशत नियुक्ति झारखण्ड के अभ्यर्थियों की हुई है।

JPSC द्वारा जहां लेखा पदाधिकारी के पद पर 100 प्रतिशत झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई, वहीं JSSC द्वारा कनीय अभियंता (सिविल) में 75 प्रतिशत युवा झारखण्ड के चयनित हुए। झारखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों की संख्या पर नजर डालें तो कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी 94 प्रतिशत, सहायक अभियंता 85 प्रतिशत, कनीय अभियंता (विद्युत) 88 प्रतिशत, कनीय अभियंता (यांत्रिक) 95 प्रतिशत एवं स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर 81 प्रतिशत झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई है। इस तरह झारखण्ड डिप्लोमा संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में मोटरयान निरीक्षक में 97.63 प्रतिशत, कनीय अभियंता (यांत्रिक) में 91 प्रतिशत, कनीय अभियंता (असैनिक) में 79.93 प्रतिशत, कनीय अभियंता (विद्युत) में 92.30 प्रतिशत समेत अन्य में झारखण्ड के अभ्यर्थी नियुक्त हुए हैं।

झारखण्ड को बने दो दशक से अधिक हो गए। लेकिन, विभिन्न विभागों में जहां कई पदों पर पहली बार नियुक्ति हुई तो कहीं नियुक्ति नियमावली भी पहली बार बनायी गयी। सभी अड़चनों को दूर कर झारखण्ड सरकार क्रमबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से पूरी तेजी के साथ खाली पदों को भरने का अभियान शुरू कर चुकी है और यह सिलसिला लगातार जारी है।




मुख्यमंत्री ने 1500 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

### नियुक्ति में स्थानीय युवाओं ने मारी बाजी

(नगर विकास एवं आवास विभाग में विभिन्न पदों के आंकड़े)

| | |
|---|---|
| लेखा पदाधिकारी | 100% |
| कनीय अभियंता (सिविल) | 75% |
| कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी | 94% |
| सहायक अभियंता | 85% |
| कनीय अभियंता (विद्युत) | 88% |
| कनीय अभियंता (यांत्रिक) | 95% |
| स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर | 81% |

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 335331 (IPRD) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,700 रु./10 ग्राम
चांदी 86,000 रु./प्रति किलो

# झारखंड में शुरू हो गयी नेताओं के बीच जुबानी जंग

## ■ दिखने लगी हैं विक्टिम कार्ड से लेकर दूसरी सियासी चालें भी

आजाद सिपाही विशेष

**झारखंड में आसन्न विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल अचानक बेहद गर्म हो गया है। हर तरफ से सियासी मोहरे तैनात किये जाने लगे हैं, राजनीतिक चालें सजायी जाने लगी हैं और नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गयी है। सत्तारूढ़ गठबंधन, यानी झामुमो-कांग्रेस-राजद और विपक्षी गठबंधन, यानी भाजपा और आजसू के बीच जम कर रस्साकशी हो रही है, बयानों के तीर चल रहे हैं, आरोप-प्रत्यारोप से लेकर बात अब 'डरी हुई सरकार' और 'गिद्ध' से लेकर 'परजीवी' और चील कौवों तक पहुंच गयी है। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि झारखंड में अब चुनावी मौसम आ गया है। उधर नेताओं के पाला बदलने का दौर भी शुरू हो गया है। इस चुनावी आपाधापी में सबसे खास और दुखद बात यह है कि कोई भी दल या नेता झारखंड की बात नहीं कर रहा है। झामुमो की तरफ से भाजपा और आजसू पर हमले किये जा रहे हैं, तो भाजपा के निशाने पर झामुमो के साथ कांग्रेस भी है, जबकि आजसू ने झामुमो पर निशाना लगा रखा है। बयानों और सियासी चालों की इस गहमा-गहमी के बीच झारखंड की आम जनता को यह समझ में नहीं आ रहा है कि झारखंड का राजनीतिक विमर्श किस तरफ जा रहा है और इस विमर्श में 'झारखंड' कहां खड़ा है। कहा जाता है कि राजनीति का अंतिम उद्देश्य देश-राज्य-समाज का विकास और कल्याण होता है, लेकिन झारखंड का वर्तमान राजनीतिक माहौल तो इससे पूरी तरह अलग होता दिखाई दे रहा है। एक आम झारखंडी को यही बात खल रही है। क्या है झारखंड का वर्तमान राजनीतिक माहौल, किस तरह की कड़वाहट देखने को मिल रही है और इसका क्या असर हो सकता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

कभी 'राजनीति की प्रयोगशाला' कहे जानेवाले झारखंड का राजनीतिक माहौल इन दिनों अचानक से गर्म हो गया है। आसन्न विधानसभा चुनाव से ठीक पहले वैसे तो राजनीतिक माहौल का गर्म होना आश्चर्य का विषय नहीं है, लेकिन इस बार मामला जरा हट कर है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह पहली बार है, जब झामुमो-कांग्रेस के शासन में चुनाव होगा और भाजपा विपक्ष में होगी। इसलिए कहा जा रहा है कि झारखंड में इस बार का विधानसभा चुनाव बेहद दिलचस्प होनेवाला है, क्योंकि 2019 के मुकाबले परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी हैं। इस बार एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन के बीच मुकाबला होना है। दलों के लिहाज से घोषित तौर पर एनडीए में भाजपा, आजसू, और अभी तक अघोषित तौर पर जदयू और एनसीपी (अजित पवार गुट) है, तो इंडिया गठबंधन में झामुमो, कांग्रेस, राजद के अलावा भाकपा माले है। इस चुनाव के दिलचस्प होने की एक वजह यह भी है कि एक तरफ जहां इंडिया गठबंधन सत्ता में अपनी वापसी के लिए पूरा जोर लगा रहा है, तो एनडीए गठबंधन झारखंड की सत्ता दोबारा हासिल करने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है। इस मकसद में कामयाबी के लिए दोनों तरफ से मोहरे सजाये जा रहे हैं, सियासी चालें चली जा रही हैं और बयानों के तीर भी चलाये जाने लगे हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर तो खैर पहले ही शुरू हो चुका है। हालांकि अब तक न तो विधानसभा चुनाव की घोषणा हुई है और न ही सीट शेयरिंग का फार्मूला तय हुआ है।

### क्या है राजनीतिक माहौल

इस बार झारखंड की राजनीति का एक कोण सीएम हेमंत सोरेन और पूर्व सीएम चंपाई सोरेन भी हैं। दोनों नेता खुल कर विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। दोनों नेता अभी दो महीने पहले एक-दूसरे के पर्याय थे, लेकिन अब परस्पर विरोधी ध्रुवों पर खड़े हैं। आज चंपाई सोरेन भाजपा का दामन थाम चुके हैं। उन्होंने भगवा धारण करते ही झामुमो नेतृत्व पर उन्हें अपमानित करने का आरोप लगा कर पार्टी छोड़ दी। इस क्रम में उन्होंने यह भी कह दिया कि अगर झारखंड को बांग्लादेशी घुसपैठियों से बचाना है, तो भाजपा को जीताना होगा। यानी एक तरह से वह बांग्लादेशी घुसपैठ के लिए सत्ताधारी दल को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। वह झामुमो की बजाय कांग्रेस पर ज्यादा निशाना साध रहे हैं। गुवा गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने यहां तक कहा कि कांग्रेस ने ही झारखंड के सपूतों को गोलियों से भूना। वैसे अपमान का दर्द यदा-कदा उनकी बातों से जाहिर हो ही जाता है। दूसरी तरफ हेमंत सोरेन खुल कर भाजपा पर हमलावर हैं। बिना किसी सबूत के पांच महीने तक जेल में रखने से लेकर झारखंड की हकमारी तक का आरोप वह भाजपा पर मढ़ रहे हैं और खुद को बड़ा 'विक्टिम' साबित करने में जुटे हुए हैं। इस 'विक्टिम पॉलिटिक्स' से इतर नेताओं के बीच जुबानी जंग भी पूरे उफान पर है। झामुमो की तरफ से भाजपा और आजसू पर बयानों के तीर चल रहे हैं, जो भाजपा-आजसू के निशाने पर झामुमो के अलावा कांग्रेस भी है। इस जुबानी जंग में सबसे अफसोसजनक यह है कि इसमें दोनों ओर से भाषा की मर्यादा टूट जा रही है।




### क्या कह रहे हैं हेमंत और चंपाई

हेमंत सोरेन और चंपाई सोरेन खुल कर विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं, लेकिन एक-दूसरे के खिलाफ सीधे तौर पर बयानबाजी से बच रहे हैं। दोनों में एक बात कॉमन दिख रही है और वह यह कि चंपाई कह रहे हैं कि आदिवासियों की बदहाली के लिए कांग्रेस जिम्मेवार है, तो हेमंत सोरेन भाजपा को महाजनी पार्टी बता कर आदिवासियों का शोषक बता रहे हैं। गुवा गोलीकांड के बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने सिंहभूम गये सीएम ने बस इतना कहा कि अपने बीच कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो इस लड़ाई को छोड़ कर अलग राह पर चले गये। वहीं चंपाई सोरेन ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने ही यहां गोली चलवायी थी। कांग्रेस कभी आदिवासियों के हित में नहीं रही है। हेमंत कह रहे हैं भाजपा वाले राज्य को लूट लेंगे। वहीं चंपाई कह रहे हैं कि झारखंड में आदिवासियों को कोई पार्टी बचा सकती है, तो वह सिर्फ भाजपा है। उनका कहना है कि बांग्लादेशी घुसपैठ की वजह से आदिवासी समाज सिमटता जा रहा है। हालांकि इस मसले पर झामुमो की दलील है कि घुसपैठ रोकना केंद्र सरकार का काम है।

### जुबानी जंग से गरमाया माहौल

इन सियासी गहमा-गहमी के बीच अब बात जुबानी जंग की। नेताओं के बयानों में अब कड़वाहट साफ झलकने लगी है। एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप तो सामान्य बात है, लेकिन अब तो 'पत्नी संग नाच रहे हैं' से लेकर 'गिद्ध' और 'राजनीतिक परजीवी' से होते हुए चील कौवों तक पर मामला पहुंच गया है। पांच दिन पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तंज कसते हुए कह दिया कि एक तरफ राज्य में युवाओं की मौत हो रही है और दूसरी तरफ मुख्यमंत्री अपनी पत्नी के साथ नाच रहे हैं। बाबूलाल मरांडी जैसे गंभीर नेता की तरफ से आये इस बयान से लोगों को आश्चर्य तो हुआ, लेकिन अब, जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बगैर नाम लिये झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा को 'राजनीतिक गिद्ध' कह दिया है, तो फिर किसी को अब भाषा की मर्यादा टूटने की चिंता शायद नहीं रह गयी है। यही नहीं, शिवराज सिंह चौहान भी पीछे नहीं रहे।

### क्या कहा हेमंत सोरेन ने

हेमंत सोरेन ने कहा है कि जल्द ही राज्य में चुनाव की घंटी बजने वाली है। इसलिए अभी से झारखंड के आसमान में राजनीतिक गिद्ध मंडराने लगे हैं। कोई असम से आ रहा है तो कोई छत्तीसगढ़ से। अभी छोटे-छोटे गिद्ध आ रहे हैं। कुछ दिनों में बड़े गिद्ध भी आयेंगे। ये लोग सौ लोगों के बीच में सिर्फ पांच लोगों को झूठ का खाना परोसेंगे कि बाकी लोग खाना के लिए लड़ें। ये झूठे आश्वासन देंगे। लोगों को दिग्भ्रमित करेंगे, लेकिन आप सावधान रहिएगा। याद रखिएगा कि बीते चार वर्षों में इन लोगों ने मुझे कितना परेशान किया। मुझे जेल तक भेज दिया। अब इनकी कोशिश है कि मेरे पूरे परिवार को जेल में कैसे भेजा जाये।

### क्या कहा शिवराज सिंह चौहान ने

मंगलवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जब पत्रकारों ने केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह का ध्यान हेमंत सोरेन के उस पर दिलाया, जिसमें उन्होंने कहा था कि झारखंड में राजनीतिक गिद्ध मंडरा रहे हैं, कोई असम से आ रहा है तो कोई मध्यप्रदेश से, कुछ दिन में बड़ा गिद्ध भी आयेगा, इस पर शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार करते हुए यहां तक कह दिया कि सत्ताधारी दल के लोग झारखंड को चील-कौवों की तरह नोच रहे हैं।

### झामुमो का आजसू पर निशाना

इधर झामुमो और आजसू के बीच भी नया विवाद पैदा हुआ है। झामुमो ने आजसू पार्टी को 'राजनीतिक परजीवी' कह दिया। इस पर आजसू पार्टी बुरी तरह बिफर पड़ी है। झामुमो के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आजसू ने अकेले चुनाव लड़ा था, जिसमें वह दो सीटों पर सिमट गयी। उसकी बैसाखी ने तब उसे नकार दिया था। बाद में फिर सुलह हुई होगी। एक बार तो ऐसी भी परिस्थिति आयी थी कि अभी भाजपा को गौरवान्वित कर रहे मधु कोड़ा की सरकार में इसके एक विधायक मंत्री बने और दूसरे विपक्ष में थे। इसका मतलब यह है कि इनको सत्ता कहीं से छोड़ना नहीं है। आजसू एक संगठित राजनीतिक मोलभाव करने वाला समूह है। इसका जीवन दूसरे के साथ चिपक कर चलता है।

### आजसू ने किया पलटवार

आजसू प्रमुख सुदेश महतो को 'परजीवी' बताने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा है कि सबसे बड़ा परजीवी तो झामुमो है, जो पूरे झारखंड को चूस रहा है। बालू, कोयला, जमीन को लूट कर यह काम कर रहा है। जिसने कहा था कि उसकी लाश पर झारखंड बनेगा तथा जिस दल ने झारखंड आंदोलन को बेचने का काम किया, सत्ता के लिए उसके साथ मिल गया। झामुमो को इतनी ताकत और हिम्मत हो गयी है, तो अकेले चुनाव लड़ कर दिखा दे। कौन परजीवी है, यह उसे पता चल जायेगा। सच यह है कि झारखंड नवनिर्माण संकल्प में युवाओं के जुटान को देखकर झामुमो के लोग बौखला गये हैं।

इन सियासी बयानों और चालों के बीच एक बात साफ है कि इसमें झारखंड कहीं नहीं है और सबसे बड़ी विडंबना भी यही है कि कोई झारखंड की बात नहीं कर रहा। सभी को अपनी चिंता है और इस राजनीतिक विमर्श को किसी नये मुकाम पर पहुंचाना अब केवल जनता के बूते की ही बात है।

---

## गवर्नर सोनाधनी पहुंचे, गांव के लोगों से किया सीधा संवाद

# सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक हो जनता : संतोष कुमार गंगवार

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मंगलवार को लिट्टीपाड़ा के पीवीटीजी बहुल गांव सोनाधनी पहुंचे। राज्यपाल के आगमन पर उपायुक्त मृत्युंजय कुमार ने उनका स्वागत किया।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोनाधनी पंचायत के ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि मैं आप लोगों के बीच, आपके गांव, आपसे सीधे संवाद करने आया हूं। इस दौरान उन्होंने लोगों से उनकी समस्या को जानने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि हम यह जानना चाहते हैं कि, सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को किस हद तक मिला है। उसमें सुधार की और क्या संभावनाएं हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ अन्य आवास योजना के तहत पंचायत में लाभुकों की जानकारी प्राप्त की। वहीं ग्रामीण संजय पहाड़िया ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं संचालित हैं, उसका हमें लाभ मिला है।




कार्यक्रम में राज्यपाल ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। पीएम जनमन आवास योजना के दो लाभुकों के बीच 2-2 लाख, प्रधानमंत्री आवास योजना के दो लाभुकों के बीच 2 लाख 40 हजार, मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप योजना से 2 लाभुकों को लाभ, बिरसा हरित गाम योजना से 2 लाभुकों को लाभ, जेएसएलपीएस विभाग अंतर्गत सूक्ष्म उधमी योजना से 17 लाख का चेक, प्रेम आजीविका सखी मंडल दीदियों के बीच, सामुदायिक निवेश निधि योजना अंतर्गत 10 लाख 25 हजार का चेक गुलाब आजीविका सखी मंडल दीदियों के बीच वितरण किया गया। उक्त मौके पर उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बर्णवाल, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, परियोजना निदेशक आइटीडीए अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी सहित अन्य जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सामूहिक अवकाश पर गये सचिवालय सेवा के अफसर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो के साथ झारखंड सचिवालय सेवा संघ की विभिन्न मांगों पर वार्ता के बाद सहमति नहीं बनने के बाद झारखंड सचिवालय सेवा संघ के कर्मचारी मंगलवार 10 सितंबर से सामूहिक अवकाश पर चले गये हैं। यह अवकाश 12 सितंबर तक रहेगा। सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद और महासचिव सिदार्थ बेसरा ने कहा कि संघ के प्रत्येक सदस्य की यह जिम्मेदारी है कि यह कार्यक्रम पूर्णरूपेण सफल हो। हम सब मिल कर यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे हक-हुकूक की आवाज सरकार के कानों तक पहुंचे। इतिहास साक्षी है कि अपने सम्मान के लिए झारखड सचिवालय सेवा संघ ने लंबा संघर्ष किया है और सदैव विजयी हुआ है। यह इतिहास दोहराने का अवसर है। मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन सचिवालय, नेपाल हाउस, एफएफपी भवन, एमडीआइ बिल्डिंग सहित सभी सचिवालय संलग्न कार्यालय में काम ठप रहा।

---

## मानव तस्करी की जाल में फंसे 17 मजदूर

# झारखंड, बंगाल के 11 मजदूरों ने भागकर बचायी जान

**6 मजदूरों को गुजरात बार्डर पार कराकर पाकिस्तान भेज दिया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** मानव तस्करी की जाल मे फंसे झारखंड और बंगाल के 17 मजदूरों को पाकिस्तान भेजा जा रहा था , जिसमें 11 मजदूर अपनी जान बचाते हुए अपने घर लौटे हैं, लेकिन 6 मजदूरों को गुजरात बार्डर पार पाकिस्तान भेज दिया गया। जिससे अभी तक संपर्क कटा हुआ है। इन मजदूरों को मोबाइल भी बंद हैं।

भाग कर अपनी जान बचाने वाले झारखंड के- कुकडू प्रखंड अदलडीह गांव के 5 मजदूरों की आप बीती सुनेंगे तो आपके भी रोंगटे खड़े हो जायेंगे। कैसे ये मजदूर अपनी जान बचाकर पाकिस्तान के सीमा से भाग कर अपने गांव लौटे हैं।

आपको बता दें कि कुल 17 मजदूर, जिसमें झारखंड के 8 और बंगाल के 9 मजदूर एक ठेकेदार के माध्यम से अहमदाबाद में काम करने गये थे। वहां पहुंचने के बाद उन्हें ठेकेदार द्वारा बदसुलूखी और शोषण का सामना करना पड़ा। ठेकेदार ने मोबाइल बंद कर मजदूरों को दूसरे लोगों के हाथों सौंप दिया गया। जिन लोगों के हाथों मजदूरों को सौंपा गया वे मजदूरों को मानव तस्कर के रूप मे खरीद कर उसे पाकिस्तान ले जाना चाह रहे थे। सभी मजदूरों को गुजरात बॉर्डर तक ले जाया गया, जहां सीमा पार करने के लिए कागजात बनाये जाते हैं। मजदूरों को समझ में आ चुका था कि वे फंस चुके हैं और उन्हें पाकिस्तान ले जाया जा रहा है, जब मजदूरों ने इसका विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी गयी और मजदूरों के पास जो भी रुपये थे वे भी उनसे छीन लिये गये। किसी तरह से मजदूर गुजरात-पाकिस्तान सीमा से चकमा देकर अहमदाबाद के सरखेज स्टेशन में छुपे और अपने परिवार वालों से संपर्क किया। परिवार वालों ने भाजपा नेता बिनोद राय से संपर्क किया और फिर विनोद राय ने युवा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज से संपर्क कर जानकारी दी। शशांक राज के सहयोग से अहमदाबाद के वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश जी से संपर्क स्थापित हुआ। उनके प्रयासों से प्रशासन का सहयोग मिला और सभी 11 मजदूरों को सुरक्षित रेलवे स्टेशन पहुंचाकर झारखंड लौटने वाली ट्रेन में बैठाया गया।



वर्तमान में सभी मजदूर सुरक्षित हैं और अपने घर पहुंच गये हैं। इस पूरी प्रक्रिया की लाइव वीडियो और लोकेशन भी साझा की गयी है तब जाके मजदूर सुरक्षित घर लौट पाये हैं।

भाजपा नेता विनोद राय की त्वरित कार्रवाई, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज और अहमदाबाद के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के समन्वय से यह महत्वपूर्ण बचाव कार्य सफल हुआ है। सभी 11 मजदूर अब सुरक्षित रूप से घर पहुंच गये हैं।

लेकिन लौटे हुए मजदूर कलेश्वर लोहरा की बात माने को 17 मजदूरों मे से 6 मजदूरों को पाकिस्तान सीमा मे प्रवेश करा दिया गया है ।

6 मजदूर मे तीन मजदूर जमशेदपुर के गदड़ा और तीन मजदूर बंगाल के है ।

17 मजदूर मे 11 मजदूर किसी तरह से भाग कर अपनी जान बताये और वापस अपने घर लौट आये है , लेकिन अब 6 मजदूर पाकिस्तान मे फंसे है , जिसका मोबाइल बंद है और कोई संपर्क नही हो रहा है ।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.2 °c | 23.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.57 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.33 बजे |



## पीएम जन-मन के तहत योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास की तैयारी

# झारखंड समेत पूरे देश के पीवीटीजी लाभुकों को मिलेगी 9500 करोड़ की सौगात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जन-मन) से देश भर के पीवीटीजी लाभुकों के लिए 9500 करोड़ से अधिक की योजनाओं की सौगात इस माह सितंबर में मिलेगी। इस अभियान के तहत झारखंड सहित पूरे देश में मेगा इवेंट का आयोजन कराया जायेगा, जिसमें सीएम, गवर्नर, मंत्री सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। बता दें कि पीएम मोदी ने 15 नवंबर 2023 को पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद 15 जनवरी को व्यापक कार्यक्रम भी हुआ था। उस समय 4749 करोड़ की योजना शुरू हुई। इसके नौ माह बाद 5300 करोड़ की और योजना की स्वीकृति मिली, यानि लगभग 9500 करोड़ की योजना अब उद्घाटन और शिलान्यास के लिए तैयार है। ऐसे में जनजातीय मामलों के मंत्रालय के सचिव विभु नायर ने झारखंड सहित 17 राज्यों के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है और पीवीटीजी समूह के लाभुकों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कदम उठाने को कहा है। इसी कड़ी में मेगा इवेंट का भी आयोजन किया जायेगा।

### ये योजनाएं होंगी शुरू

पीएम जन-मन के तहत ग्रामीण विकास में पांच हजार पक्का आवास के लिए पहली किस्त के रूप में प्रत्येक लाभुक को 70 हजार रुपये जारी किये जायेंगे। इसमें 350 करोड़ खर्च होगा। योजना के तहत 25 हजार पूर्ण आवास लाभुक को हैंडओवर किये जायेंगे। इससे दो लाख परिवारों को लाभ होगा। इस पर 500 करोड़ खर्च किया जायेगा। इसके अलावा 1000 करोड़ की लागत से 1000 किमी रोड का शिलान्यास होगा और 1500 करोड़ की 1500 किमी नयी सड़क की स्वीकृति दी जायेगी। योजना के तहत 180 करोड़ की लागत से 150 मोबाइल मेडिकल यूनिट और स्वास्थ्य कैंप लगेंगे। 8000 बसावटों को पेयजल स्वच्छता का लाभ दिया जायेगा। 30 करोड़ की लागत से 250 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण और शिलान्यास होगा और 500 केंद्र चालू होंगे। उन्होंने बताया कि 27.50 करोड़ से 10 छात्रावास के निर्माण का शिलान्यास होगा और 146.25 करोड़ से 6500 गांवों के परिवारों तक बिजली पहुंचायी जायेगी। ढाई करोड़ रुपये की लागत से 500 परिवारों के बीच सोलर लाइट सेट वितरित किया जायेगा। इसके अलावा 1900 करोड़ की लागत से बहुद्देशीय केंद्रों का निर्माण, 25 इएमआरएस का शिलान्यास और 25 का उद्घाटन होगा। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ की लागत से 250 पीवीटीजी वीडीवीके को चालू किया जायेगा।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिस्थिति में सुधार,नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।

**वृष** रोजी-रोजगार के क्षेत्र में सफलता,यशस्वी कार्य करने का अवसर,राजनीतिक लाभ।

**मिथुन** प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि,धन-द्रव्य का लाभ,शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होंगी।

**सिंह** सक्रियता बनाये रखें,सभी काम देरगसबेर पूरा होगा,बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।

**कन्या** पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे। पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा। जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे।

**तुला** काम-काज की स्थिति में सुधार अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।

**वृश्चिक** संकल्पित कार्य पूरे होंगे, आकस्मिक लाभ,स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी, जमीन-जायदाद के कामों में रुकावट दूर होगी।

**मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ,हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

**कुंभ** स्वास्थ्य में सुधार,दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**मीन** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे। व्यापार में लाभ। समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना।

# गांव समृद्ध होंगे तभी राज्य समृद्ध होगा : हेमंत सोरेन

- प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन का उद्घाटन एवं 236 चलंत पशु चिकित्सालय वाहन का शुभारंभ किया
- राज्य सरकार ने पिछले चार वर्षों में विकास की लंबी लकीर खींची

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन रांची-2024 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 236 चलंत पशु चिकित्सालय वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री सोरेन ने पिछले चार वर्षों में राज्य सरकार द्वारा किये गये विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य की समृद्धि गांवों की समृद्धि से जुड़ी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा, गांव समृद्ध होंगे तभी राज्य समृद्ध होगा। खेत-खलिहान और पशुधन ग्रामीणों का बैंक और एटीएम हैं।

**ये रहे मौजूद :** कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, सांसद सुखदेव भगत, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन और झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### कृषि और पशुपालन पर जोर

मुख्यमंत्री ने कृषि और पशुपालन को लेकर राज्य सरकार की योजनाओं को उजागर किया। उन्होंने कहा कि किसान वर्ग को मजबूत करने के लिए उनकी सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलायी हैं। कृषकों को 2 लाख रुपये तक के कृषि ऋण माफ किये जायेंगे और सभी पशुओं का बीमा किया जायेगा। उन्होंने वैकल्पिक कृषि योजनाओं पर जोर देते हुए कहा कि मछली पालन, गाय पालन, मुर्गी पालन और दुग्ध उत्पादन जैसे क्षेत्रों में निरंतर योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कृषकों को इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। साथ ही कहा कि झारखंड में परंपरागत खेती और पशुपालन की परंपरा रही है और सरकार इन परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी उल्लेख किया कि वनोपज को बाजार में लाने और ग्रामीण किसानों को उचित मूल्य दिलाने के लिए उनकी सरकार संकल्पित है। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार हर संभव प्रयास करेगी ताकि ग्रामीण परिवार आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का झारखंड बंद आज

- परिवहन मालिकों और दुकानदारों से बंद में सहयोग करने की अपील
- 50 हजार आंदोलनकारी अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरेंगे
- आकस्मिक सेवाएं बंद से मुक्त रहेंगी, सीमावर्ती राज्यों में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 11 सितंबर को आहूत झारखंड बंद के आलोक में शहीद स्मारक स्थल से अल्बर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाला गया। आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारा लगाया कि झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी को राजकीय मान सम्मान अलग झारखंडी पहचान, बेटा-बेटियों को रोजी रोजगार, नियोजन के अधिकारों की सौ प्रतिशत गारंटी करने, सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपये देना होगा। पूर्व राज्यपाल कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा झारखंड से हटानी होगी, राज्य में समता जजमेंट लागू करना होगा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपना वादा निभाना होगा, आंदोलनकारी को सम्मान पेंशन देनी होगी का भी नारा लगाये। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि 50 हजार आंदोलनकारी अपने अधिकारों व स्वाभिमान की रक्षा के लिए 11 सितंबर को झारखंड बंद करने सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने परिवहन मालिकों व दुकानदारों से बंद में सहयोग करने की अपील की। आकस्मिक सेवाएं बंद से मुक्त रहेंगी। केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड बंद के क्रम में सीमावर्ती राज्यों में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेंगे। बंद के कराने के लिए आदिवासी के साथ पहली बार कुशवाहा समाज की 100 महिलाएं तीर-धनुष लिये रहेंगी।

इस मौके पर जिला संयोजक जिला सुबोध लकड़ा ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों ने झारखंड अलग राज्य के मूल्यों को स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मौके पर झारखंड आंदोलनकारियों में अजय सिंह, इम्तियाज खान,

रंजन बाड़ा, दिवाकर साहू, एंथन लकड़ा, अमर बांगरा सुजीत राम, प्रताप मेलगंडी, बिरसा मिंज, परमेश्वर उरांव, शनिचरा उरांव, संजय उरांव, पंचू उरांव, संजू टोप्पो, शंभू कुमार, संजू उरांव, रूपा पाहन, सानू मुंडा सहित अन्य प्रमुख थे।



## यौन उत्पीड़न के दोषी कैफी को सजा

रांची (आजाद सिपाही)। रांची सिविल कोर्ट ने नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी कैफी खान को दोषी करार देते हुए सजा का एलान किया है। पोक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने कैफी खान को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। इसके साथ ही कोर्ट ने उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माना की राशि नहीं देने पर कैफी को तीन महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दोषी के खिलाफ घटना पीड़िता ने डोरंडा थाना में 7 सितंबर 2019 को नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

# शिवराज और हिमंता के खिलाफ चुनाव आयोग में वंदना डाडेल ने की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य सरकार ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की है। इस शिकायत पत्र में राज्य सरकार ने दोनों नेताओं पर झारखंड के विभिन्न समुदायों के बीच में नफरत फैलाने और राज्य के शीर्ष अफसरों को धमकी देने का आरोप लगाया है। प्रधान सचिव वंदना डाडेल की ओर से दो सितंबर को चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा गया है कि हिमंता बिस्वा सरमा ने झूठे बयान दिये। इससे राज्य, राज्य के शीर्ष अफसरों और सरकारी पदाधिकारियों का चरित्र हनन हुआ। पत्र के मुताबिक, दोनों नेताओं के दौरे के दौरान यह पाया गया है कि उनके भाषण और बयान उत्तेजक, शत्रुतापूर्ण, झारखंड के प्रशासन के खिलाफ होते हैं। डीजीपी, एसएसपी, एसपी जैसे शीर्ष अधिकारियों की गतिविधियों के खिलाफ होते हैं। दोनों नेता कई गांवों का दौरा कर रहे हैं, रैलियां कर रहे हैं और इस तरह के बयान देते रहते हैं। इस कारण अधिकारियों में प्रतिशोध का डर है और वे कर्तव्य का पालन करने में हतोत्साहित हो रहे हैं।

पत्र के साथ दोनों नेताओं समेत अन्य भाजपा नेताओं द्वारा सोशल मीडिया पर किये गये पोस्ट का स्क्रीनशॉट भी भेजा गया है। साथ ही कहा गया है कि भाजपा नेताओं के बयान सांप्रदायिक तनाव पैदा करनेवाले हैं। जानकारी हो कि शिवराज सिंह चौहान झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और हिमंता सह प्रभारी हैं। दोनों नेता लगातार झारखंड में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। पत्र में राज्य सरकार की ओर से मांग की गयी है कि दोनों नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। पत्र में कहा गया है कि अभी तक राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू नहीं हुई है। लेकिन भाजपा ने 17 जून को शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी और हिमंता बिस्वा सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। इसके बाद से दोनों नेता हर हफ्ते झारखंड दौरे पर आते हैं। दोनों नेता जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति हैं। शिवराज सिंह केंद्रीय मंत्री हैं, जबकि हिमंता बिस्वा सरमा असम के मुख्यमंत्री। दोनों नेताओं की सुरक्षा में बड़े पैमाने पर पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की तैनाती की जाती है।

इस बारे में चुनाव आयोग का कहना है कि झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू नहीं है। लिहाजा वह इस मामले में कुछ नहीं कर सकता।

पेज 01 का शेष

# विधायकों को खरीदने के लिए...

जहां सड़क है, जहां नहीं है, वहां भी बैलगाड़ी से साइकिल से जाकर आपकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। एक समय था, जब बूढ़े-बुजुर्ग पेंशन के लिए कितना चक्कर लगाते थे। साथ-साथ दलाल लोगों के भी चक्कर लगाते थे। दलाल लोग पैसा मार लेता था। लेकिन आज इस राज्य में दीया लेकर भी ढूंढ़ने जायेंगे, तो बिना पेंशन का कोई नहीं मिलेगा।

कोरोना काल में लगा दी फर्जी सूई : सीएम ने कहा, कोरोना में क्या उल्टी-सीधी दवा इन लोगों ने लगवा दी। पूरा देश-दुनिया में उस पर रोक लगा दी गयी थी। लेकिन चंदा लेने के लिए पूरा देश में फर्जी दवा सप्लाई की गयी। हम लोगों को भी लगा दी। पता नहीं कब मर जायेंगे। लोग चलते-फिरते मर जा रहा है। पता चलता है कि टीका का असर पड़ता है। ये लोग सत्ता में आने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

**योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन :** मुख्यमंत्री ने इस दौरान 555 करोड़ 83 लाख 80 हजार की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसमें पूर्वी सिंहभूम में 303 करोड़ 54 लाख 84 हजार और पश्चिमी सिंहभूम में 252 करोड़ 28 लाख 96 हजार की योजनाएं शामिल हैं।

# एनटीपीसी खनन के साथ सामुदायिक दायित्वों में भी है आगे






## एनटीपीसी की महत्वकांक्षी योजनाओं का सीधा लाभ उठा रहे स्थानीय रैयत

केरेडारी। एनटीपीसी की केरेडारी कोल माइनिंग प्रोजेक्ट सुरक्षा, परिचालन उत्कृष्टता और सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ खनन उद्योग में लगातार मानक स्थापित कर रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 ने प्रोजेक्ट की परिवर्तनकारी पहलों और मजबूत सुरक्षा उपायों को प्रमाणित किया जिससे केरेडारी कोल ब्लॉक की समृद्धि और गांववासियों की भलाई सुनिश्चित हुई है। एनटीपीसी केरेडारी परियोजना ने अपने खनन संचालन में उल्लेखनीय वृद्धि की है। खनन गतिविधियां विगत 5 अप्रैल 2023 को शुरू हुईं और कोयला उत्पादन 25 जनवरी 2024 को शुरू हुआ जिसमें 2.35 लाख मीट्रिक टन का प्रभावशाली उत्पादन प्राप्त हुआ। इस परियोजना को वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह 2023 में 'योजना और सर्वेक्षण' के लिए उपविजेता के रूप में मान्यता प्राप्त हुई जो इसके वास्तविक सुरक्षा मानकों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहीं कोयला डिस्पैच संचालन 5 मार्च 2024 को शुरू हुआ जिसमें पहले महीने में 43,175 मीट्रिक टन की प्रारंभिक डिस्पैच किया गया। प्रोजेक्ट ने दो वर्षों में 4 मिलियन मीट्रिक टन के परिवहन अनुबंध को भी सुरक्षित किया और पांच रेलवे साइडिंग्स पर कोयला भंडारण के लिए डीलर लाइसेंस प्राप्त किये। ये मील के पत्थर एनटीपीसी केरेडारी की कुशल और सुरक्षित कोयला परिवहन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रोजेक्ट की आधारभूत संरचना का विकास भी प्रशंसनीय रहा है। महत्वपूर्ण उपलब्धियों में केडी से सीबी तक एक नयी ब्लैकटॉप सड़क का निर्माण शामिल है जो रिकॉर्ड छह महीनों में पूरा हुआ और चार वजनपुलों की स्थापना जिन्हें पूरी तरह से संचालन में लाया गया। इसके अतिरिक्त 3.2 किमी लंबी सड़क जिसमें छोटे कूलवर्ट और एचपीसी शामिल हैं का विकास किया गया, जिससे परिवहन के लिए संपर्कता और सुरक्षा में वृद्धि हुई। एनटीपीसी केरेडारी ने कई सामुदायिक विकास गतिविधियां की हैं जिन्होंने खनन प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है।

## प्रमुख पहल में शामिल हैं




### जल आपूर्ति

विभिन्न परियोजना प्रभावित गांवों में सुरक्षित पीने के पानी के लिए छह हैंडपंप और छह गहरे बोरवेल्स की स्थापना, पानी टैंकरों की आपूर्ति और 'पियाऊ केंद्र' की स्थापना।

### शिक्षा और कौशल विकास

दो उच्च विद्यालयों में पुस्तकालयों की स्थापना लगभग 1,500 छात्रों को लाभ और छात्रों को पैरा मेडिकल पाठ्यक्रमों में कौशल विकास प्रशिक्षण की पेशकश, प्रोजेक्ट तीन कंप्यूटर साक्षरता प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन करता है और महिलाओं के लिए 12 सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, जिससे लगभग 500 लोगों को लाभ होता है।

### कृषि समर्थन

लगभग 600 स्वसहायता समूह की महिलाओं के लिए मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण और स्ट्रॉबेरी उगाने वाले किसानों के लिए बाजार लिंक प्रदान किया गया जिससे परिवारों को अतिरिक्त आय प्राप्त हुई।

### स्वास्थ्य देखभाल

टीबी मरीजों के लिए नियमित पोषण समर्थन,दो मेगा मेडिकल कैंप जिसमें कई विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल थे और 21 मोबाइल मेडिकल कैंप आयोजित किये गये, जिससे हजारों लोगों को लाभ हुआ। प्रोजेक्ट ने खदान, वजनपुल और साइट कार्यालयों में सुरक्षा और परिचालन निगरानी बढ़ाने के लिए 75 सीसीटीवी कैमरे लगाये हैं। सुरक्षा एनटीपीसी केरेडारी के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रोजेक्ट ने व्यापक सुरक्षा उपायों को लागू करने में सक्रिय भूमिका निभाई है जिसमें नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम और कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन शामिल है। पर्यावरणीय स्थिरता भी एक प्रमुख ध्यान केंद्र है, जिसमें खनन गतिविधियों के पारिस्थितिकीय प्रभाव को कम करने और समुदाय में हरित प्रथाओं को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं।

Media Marketing Initiative

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# मुख्यमंत्री ने परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस पर कांटाटोली चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने परमवीर अब्दुल हमीद चौक, कांटाटोली के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन तथा परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति के अध्यक्ष मुन्ना भाई,



प्रधान महासचिव अख्तर हुसैन, उपाध्यक्ष मोहम्मद इरफान, इकबाल, उपाध्यक्ष मोहम्मद साबिर, यासमीन परवीन, सरिता, सुनीता सावित्री, मुजीब कुरैशी, सऊद आलम, औरंगजेब खान, मोहम्मद इश्तियाक, जफर खान, अब्दुल, मोहम्मद शकील, शाहनवाज आलम, मोहम्मद जमील, मोहम्मद आफताब, गुलाम,जावेद, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। मोहम्मद इश्तियाक सदर, चिश्तिया पंचायत, मुजीब कुरैशी प्रदेश अध्यक्ष जमीयतुल, सऊद आलम सदर, अंजुमन इस्लामिया नूरिया पंचायत, सहित खटट के पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दक्षिण पूर्व रेलवे के नये अतिरिक्त महाप्रबंधक बने सौमित्र मजूमदार

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** सौमित्र मजूमदार ने 10 सितंबर को दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता के अतिरिक्त महाप्रबंधक का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने से पहले श्री मजूमदार पूर्वी रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक थे। वह भारतीय रेलवे यातायात सेवा, 1989 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने विभिन्न पदों और विभिन्न क्षमताओं में काम किया है। वह पूर्वी रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक और मुख्य यातायात योजना प्रबंधक भी रहे। श्री मजूमदार को रेलवे संचालन और वाणिज्यिक मुद्दों के साथ-साथ रेलवे के जनसंपर्क और मीडिया प्रबंधन में व्यापक ज्ञान और कार्य अनुभव है। उन्हें खेल, संगीत, यात्रा और सामाजिक कल्याण गतिविधियों में गहरी रुचि है।

# सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत पौधरोपण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत स्मृति तरु पहल के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहान और मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने सीसीएल के लाल एवं सीसीएल की लाडली अध्ययन केंद्र, गांधीनगर में पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों और सीसीएल के लाल एवं सीसीएल के लाडली के छात्रों ने भी भाग लिया। सीएमडी श्री सिंह ने छात्रों को परिणामों के बारे में बहुत अधिक चिंता किये बिना कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने वास्तविक जीवन के उदाहरण साझा किये। जिन्होंने असफलता का अनुभव करने के बाद सफलता पायी। सीसीएल के लाल एवं सीसीएल की लाडली कंपनी की सीएसआर के तहत चलने वाली एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत सीसीएल के कमान क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को विभिन्न इंजीनियरिंग परीक्षाओं के लिए निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है।

# झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो का आयोजन 20 से 22 सितंबर तक

- माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर उद्योग को मिलेगी नयी दिशा
- प्रभात तारा मैदान धुर्वा में आयोजित शो में शामिल होंगी कई कंपनियां

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आगामी 20, 21 और 22 सितंबर को धुर्वा स्थित प्रभात मैदान में झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस शो को आयोजन ओलपिंया एक्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस शो में माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी 100 से अधिक सरकारी और निजी कंपनियां शामिल हो रही हैं। ओलंपिया ने इस आयोजन में शामिल होने के लिए झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री, मेकॉन के सीएमडी, झारखंड के औद्योगिक सचिव और झारखंड के कमिश्नर को विशेष रूप से आमंत्रित किया है। इस शो में प्रवेश निःशुल्क है। शो सुबह 10 से शाम छह बजे तक खुला रहेगा।

इस शो में जेसीबी इंडिया, टीवीएस टायर्स, हीरालाल इंडस्ट्रीज टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, हुंडई कंस्ट्रक्शन इक्यूवमेंट, एजेक्स इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, वीनस टेक्नो इक्यूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड, टेकफैब (इंडिया) इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पीआरडी रिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, मैक्समैच इक्यूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड, प्रेमसंस मोटर उद्योग, शैल ल्यूब्रिकेंट समेत अन्य कंपनियां शामिल हो रही हैं। इसके अलावा सरकारी कंपनियों में मेकॉन लिमिटेड, कोल इंडिया, सीपीएमपीडीआइ, भारत पेट्रोलियम समेत निर्माण कंपनियां, भारी वाहन निर्माता, खनन कंपनियां, उपकरण निर्माता, लुब्रिकेंट सप्लायर, और स्पेयर पार्ट्स निर्माता भी इस आयोजन का हिस्सा होंगे। ओलपिंया एक्जीबिशन के सीओ एसके त्रिपाठी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर लोकेश चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो वर्ष के सबसे प्रतीक्षित आयोजनों में से एक है। यह शो खनन, निर्माण, और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी प्रमुख कंपनियों और नेताओं को एक मंच पर लाता है। यह सिर्फ नवाचार के लिए एक मंच नहीं है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों को आपस में विचार-विमर्श करने और भारत में खनन और इन्फ्रास्ट्रक्चर के भविष्य पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करता है। यह शो उन तकनीकी उन्नतियों और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास को प्रदर्शित करने का एक मौका है जो राज्य और राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाते हैं।

### अत्याधुनिक उपकरण और खनन तकनीक देखने का मिलेगा मौका

तीन दिवसीय माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो में अत्याधुनिक उपकरण, आधुनिक खनन तकनीकें, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के समाधान और उद्योग को आगे बढ़ाने वाले नवाचार प्रदर्शित किये जाएंगे। आगंतुक भारी वाहन जैसे जेसीबी, निर्माण उपकरण और अत्याधुनिक खनन उपकरणों के लाइव डेमोंस्ट्रेशन देख सकेंगे। इसके अलावा कई ज्ञान-विनिमय सत्र, पैनल चर्चा, और व्यापार नेटवर्किंग के अवसर भी उपलब्ध होंगे। यह कंपनियों के लिए साझेदारी करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और विकास के नये रास्ते खोजने का एक सुनहरा अवसर है।

# ड्रोन मैन ऑफ इंडिया मिलिंद राज पहुंचे सरला बिरला विश्वविद्यालय

- छात्रों को ड्रोन तकनीक के बारे में जानकारी दी
- ड्रोन तकनीक और रोबोटिक्स पर सेमिनार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 'ड्रोन मैन ऑफ इंडिया' के नाम से मशहूर मिलिंद राज मंगलवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय आये थे। पूर्व राष्ट्रपति अबुल कलाम आजाद ने मिलिंद राज को यह नाम दिया था। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड कंप्यूटर साइंसेज द्वारा इनोकेशन काउंसिल के सहयोग से 'ड्रोन तकनीक और रोबोटिक्स' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मिलिंद राज ने ड्रोन तकनीक के इस्तेमाल पर दो सत्रों में अपनी इनडोर और आउटडोर प्रस्तुति दी। इस क्रम में उन्होंने एआइ रोबोटिक क्लब का शुभारंभ भी किया। उन्होंने भविष्य में माइक्रो ड्रोन और पानी में तैरनेवाले ड्रोन की आवश्यकता की बात भी बतायी। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि आनेवाले समय में एसबीयू भारत का ऐसा पहला विवि बनेगा, जहां कैंपस के अंदर ही ड्रोन तकनीक के माध्यम से विभिन्न कार्यों का निष्पादन संभव हो पायेगा। कार्यशाला में बोलते हुए एसबीयू के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने एआइ पर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने इस तकनीक के बेजा इस्तेमाल के प्रति भी सतर्क किया। उन्होंने विद्यार्थियों को इजरायल के ड्रोन आविष्कार के अलावा दक्षिण अफ्रीका में वैज्ञानिक पिता-पुत्र द्वारा नवीनतम ड्रोन के अविष्कार के विषय में भी जानकारी दी, जो 480 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ पाने में सक्षम है।

अपने संबोधन के दौरान विवि के प्रभारी कुलपति प्रो. एसबी डांडीन ने एआइ टूल्स पर कई तरह के कार्यों को करने की जानकारी देते हुए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने ड्रोन के इस्तेमाल के मामले में देश को विश्व पटल पर अग्रणी बनाने का भी सुझाव दिया। कुलसचिव प्रो. वीके सिंह ने भविष्य में रोबोट के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल की बात कही और इसकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीएनएल दुर्गा और समापन डॉ. मनोज पांडेय ने किया। इस अवसर पर डॉ. पंकज गोस्वामी, डॉ. संदीप, डॉ. विश्वरूप सामंता, डॉ. संजीव सिन्हा, डॉ. दुर्गेश, डॉ. दीपक समेत विवि के अन्यान्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यशाला के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं दीं।

# युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने पूजा पंडालों का किया भ्रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गणेश पूजा के अवसर पर युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया। उन्होंने भगवान गणेश को मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया और राज्य की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही स्वस्थ वातावरण की कामना की गयी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान गणेश से क्षेत्र के लोगों के लिए शक्ति प्रदान करने, दुखों का नाश करने और जीवन में खुशियां बढाने की प्रार्थना की गयी। मैं प्रार्थना करता हूं कि भगवान गणेश पूरे विधानसभा के लोगों को सुख, बुद्धि, अच्छा स्वास्थ्य और समृद्धि प्रदान करें। उन्होंने विभिन्न पंडालों में पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों से मिलकर गणेश पूजा और पूजा आयोजन के लिए बधाइयां दी। पंडाल भ्रमण में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष कुमार रोशन, कुलदीप कुमार रवि, युवा कांग्रेस नेता माइकल मिंज, ओलिवर मिंज, बंटी शामिल थे।

# स्टार्टअप कंपनी 'जूआ' के खिलाफ अरगोड़ा थाना में धोखाधड़ी का मामला दर्ज

- किशन सिन्हा ने थाने में 6 सितंबर को ऋषभ वर्मा के खिलाफ दर्ज करायी थी शिकायत
- बड़े-बड़े सपने दिखाकर कंपनी से जोड़ा और काम करवाने के बाद नहीं दिया वेतन
- कंपनी के अन्य कर्मचारियों से लंबे समय तक काम कराया, लेकिन पैसे नहीं दिये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में एक कंपनी द्वारा ठगी किये जाने के मामले में एफआइआर दर्ज की गयी है। नवाटोली, पंडरा, रातू रोड के किशन सिन्हा ने इस मामले में थाने में 6 सितंबर को ऋषभ वर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गयी थी। अरगोड़ा थाना प्रभारी को दी गयी अपनी शिकायत में किशन सिन्हा ने बताया है कि साल 2016 में ऋषभ वर्मा ने जूआ बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी दिल्ली में शुरू की थी। पहली बार वह कंपनी के सिलसिले में मुझे 2019 के सितंबर में मिला और बड़े-बड़े सपने दिखाकर कंपनी में पार्टनर बनाने का लालच दिया। उसने रांची में कंपनी का काम शुरू किया। कंपनी में उसने बिना पेपर वर्क किये सितंबर 2022 तक काम करवाया। बहुत दबाव देने पर एक और नयी कंपनी बनाकर उसमें मुझे 10% का हिस्सेदार बनाया। इसके बाद धोखा देकर उसने इसी साल फरवरीमें एक और नयी कंपनी बनायी। इसका पता हरमू हाउसिंग कॉलोनी में रखा। मुझे और पुरानी कंपनी के सभी कर्मचारियों को धोखा देकर उसने काम करवाया, लेकिन पैसे नहीं दिये। दबाव बनाने पर उसने सबका नंबर धीरे-धीरे ब्लॉक करना शुरू कर दिया। उसने अब तक तीन कंपनी बनाकर मुझे और अन्य अनेक लोगों को ठगा। जब कर्मचारियों को पता चला कि सबको कंपनी से निकाल दिया गया है, तब सबने अपना पूरा बकाया मांगना शुरू कर दिया। उसने कर्मचारियों से कहा कि किसी का कोई ज्वाइनिंग लेटर ही नहीं है, तो कंपनी में काम कैसे किया। कंपनी में काम करने वाले जिन कर्मचारियों का बकाया है, उनमें शशि शब्बीर हुसैन, मोहन कुमार, गौरव कुमार, भीम कुमार, उदय कुमार विकास केरकेट्टा, सुमित कुमार, विश्वजीत राम, संतोष कुमार, अक्षत गुप्ता, नितेश कुमार अमित चौधरी आदि शामिल हैं।

लिखित शिकायत में यह भी बताया गया है कि ऋषभ वर्मा की कंपनी में नेहा कुमारी नाम की एक स्टाफ है, जो खुद को कंपनी की मालिक बताती है और आये दिन सबको धमकी देती रहती है। हाल में ही उसने मुझे और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। शिकायत में ऋषभ और नेहा के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह थाना प्रभारी से किया गया है।

> *किशन सिन्हा ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। एफआइआर दर्ज होने के बाद पुलिस जांच में जुटी है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जायेगा।*
>
> **–आनंद कुमार मिश्रा**
> **थाना प्रभारी, अरगोड़ा।**

# भाजपा के शक्ति केंद्र रांची में बूथ कार्यकर्ता बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र रांची में मंगलवार को बूथ कार्यकर्ता की बैठक संपन्न हुई। यूनियन क्लब शक्ति केंद्र बूथ संख्या 279 और 270 की बैठक में बूथ कमेटी और पन्ना प्रमुखों की समीक्षा की गयी और सभी को सोशल मीडिया से जोड़ा गया। संयोजक उपेंद्र रजक ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव जीतने के लिए बूथ मजबूत होना जरूरी है और भाजपा के बूथ सबसे मजबूत हैं। बैठक बूथ अध्यक्ष सुनीता देवी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सुचिता सिंह, नेहा सोनी, अरविंद साव, गुंगिया देवी, छोटी देवी, संगीता देवी, जतिन कुमार, बब्ली कुमारी, नंदिता कुमारी, मोनु कुमारी, दुर्गा लोहरा, पप्पू वर्मा, आनिल राम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### हरमू से निकाली गयी बप्पा की विसर्जन यात्रा



रांची (आजाद सिपाही)। नारायणी गरुड़ सेना गणेश पूजा समिति न्यू आनंद नगर हरमू में मंगलवार को समय 3:00 बजे से महाभोग का आयोजन किया गया और शाम में 7:00 बजे बप्पा की विसर्जन यात्रा निकली गयी। मुख्य रूप से साहिल साहू, अमित कुमार, अनिमेष सिंह, आदर्श सिंह, सकूल कुमार, साजन सेठ, गौरव वर्मा, हर्ष कुमार, गोलू पांडे, रोहन कुमार, अनीश साहू, बंटी कुमार, अनिकेत सिंह, निक्की वर्मा, सोनू मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### पीड़ित परिवारों के समर्थन में करेंगे आंदोलन : हरिनाथ साहू



रांची (आजाद सिपाही)। लोकहित अधिकार पार्टी रांची जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कार्यालय दानवीर भामाशाह नगर आइटीबीपी क्षेत्र हथिया पत्थल के समीप हरिनाथ ट्रेडर्स परिसर पर रांची जिला के प्रमुख पदाधिकारी के साथ एक रणनीतिक बैठक रखा गया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 30 सितंबर 2024 को आहूत सहारा इंडिया, पल्स इंडिया सहित हजारों चिट फंड नन बैंकिंग कंपनियों द्वारा ठगी पीड़ित जमाकर्ताओं के समर्थन में एक दिवसीय महा धरना कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विशेष चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची जिला प्रभारी हरिनाथ साहू ने महाधरना को सफल बनाने के लिए गांव गांव का दौरा कर सभी पीड़ित परिवारों से संपर्क व पार्टी के नेतृत्व में उनके फंसे हुए पैसा ब्याज सहित दिलाने हेतु किये जा रहे आंदोलन की जानकारी और महा धरना कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए अनुरोध करने का सुझाव दिये। बैठक में विशेष रूप से जिला उपाध्यक्ष सह कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक, कपिल साहू, शंकर साहू, सुशीला देवी, मीना महतो, निशा यादव, कंचन रानी, प्रदेश खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजय गौतम, मोहम्मद अब्दुल कलाम अंसारी, धनंजय कुमार साहू, जुल्फान अंसारी, मुकेश उरांव, अनिल नायक, डॉ. दानेश्वर साहू, संजय साहू, संजय लोहरा, मुकेश कुमार, प्रवीण महतो, मुकेश कुमार महतो सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### सरवाइकल कैंसर पर जागरूकता शिविर



रांची (आजाद सिपाही)। जेसीआइ वीक के दूसरे दिन मंगलवार को शैलबी डिवाइन हॉस्पिटल के सहयोग से सरवाइकल कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विषेषज्ञ डॉ आरती ज्योति ने अस्पताल परिसर में सरवाइकल कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि यह संक्रमण फैलता जा रहा है। 18 वर्ष से उपर की महिलाओं को प्रतिवर्ष यह टेस्ट जरूर कराते रहना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कॉमनवेल्थ गेम की गोल्ड मेडलिस्ट लवली चौबे उपस्थित थीं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जेसीआइ रांची यूथ के सौजन्य से शाम में झाझरिया कंपयूटर के परिसर में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हर्ष सिंघानिया के द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। उक्त जानकारी जेसीआइ रांची यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने देते हुए कहा कि जेसीआइ वीक के सभी कार्यक्रमों में समाज के प्रबुद्धजनों का निरंतर सहयोग मिल रहा है। बुधवार को पहाडी मंदिर में पौधरोपण के साथ ही बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा। कार्यक्रम में सोनल अग्रवाल, प्रतीक बदानी, रीचा जालान, सज्जन अग्रवाल, मोनिका गोयनका, विकास झाझरिया, खुशबू अग्रवाल, मनीषा सोंथालिया, सुभानीष सोंथालिया, भावेश राठौड, वरूण सखूजा उपस्थित थे।

### स्वयं को परिभाषित करने के लिए इतिहास को जानें : डॉ तपन शांडिल्य



रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के विद्यार्थियों के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने संवाद और विमर्श कार्यक्रम किया। इस दौरान उन्होंने स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के प्रथम और अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के साथ इतिहास विषय की बारीकियों पर चर्चा करने के साथ महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक युद्धों, ऐतिहासिक तिथियों और संकल्पनाओं के विषय में विद्यार्थियों के साथ गहन संवाद किया। अपने विमर्श के क्रम में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने प्रसिद्ध चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस की उक्ति को सामने रखते हुए कहा कि, स्वयं को परिभाषित करने के लिए इतिहास को जानना और पढ़ना आवश्यक है। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों और दर्शन को विस्तार से समझाने के दौरान उनके ट्रस्टशिप सिद्धांत को समझाया और कहा कि आज के संदर्भ में यह काफी प्रासंगिक है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध पर संवाद करते हुए उसके तात्कालिक कारणों और परिणामों की चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में इतिहास विषय की महत्ता से अवगत कराया। इस अवसर पर इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो राजेश कुमार सिंह, विभागीय शिक्षिका हनी कुमारी, पुष्पा कुमारी, शुभ्रा लकड़ा के अलावा रवि प्रकाश, दीप्ति गौरव और मितेश के साथ स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW



# प्रदेश भाजपा परिवर्तन यात्रा में हेमंत सोरेन सरकार की विफलताओं को उजागर करेगी

- छह सांगठनिक प्रमंडलों से निकलेगी परिवर्तन यात्रा
- 20 सितंबर से 30 सितंबर तक होगी यात्रा
- दीपक प्रकाश परिवर्तन यात्रा के संयोजक बने



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इसमें आगामी 20 सितंबर से शुरू होने वाली परिवर्तन यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गयी।

बैठक में केंद्रीय मंत्री सह विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी और असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष और यात्रा के संयोजक सांसद दीपक प्रकाश, समीर उरांव, प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू, मनोज कुमार सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी,सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी उपस्थित थे। यात्रा संयोजक एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बैठक के बाद बताया कि हेमंत सरकार से जनता ऊब चुकी है। सभी वर्गों में राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मजबूत विपक्ष के नाते जन भावनाओं की अभिव्यक्ति है।

कहा कि जन मुद्दों और सरकार की विफलताओं को जमीनी स्तर पर उजागर करने के लिए भाजपा ने सभी छह सांगठनिक प्रमंडलों से परिवर्तन यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। यात्रा की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा। कहा कि यात्रा की संभावित तिथि 20 से 30 सितंबर के बीच होगी, जो सभी विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। कहा कि पार्टी जल्द यात्रा कार्यक्रमों की विधिवत घोषणा करेगी। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने किया। मंचस्थ पदाधिकारियों का स्वागत अनंत ओझा, नीलकंठ सिंह मुंडा, बड़कुवर गगराई, नवीन जायसवाल, नीरा यादव, केदार हाजरा, राज सिन्हा, शशि भूषण मेहता ने किया।

## युवा आक्रोश रैली केस

### बाबूलाल, संजय सेठ बाउरी, दीपक प्रकाश को हाइकोर्ट से राहत

रांची। झारखंड हाइकोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, सांसद दीपक प्रकाश, ढुल्लू महतो युवा मोर्चा के अध्यक्ष शशांक राज समेत 18 को बड़ी राहत मिली है। हाइकोर्ट ने मोरहाबादी में भाजपा के कार्यक्रम के दौरान पुलिस के साथ झड़प मामले में पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दरअसल भाजपा के युवा आक्रोश मार्च में हुए उपद्रव के बाद उक्त सभी लोगों समेत दस हजार अज्ञात के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बाबूलाल मरांडी व अन्य की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने बहस की।

# चुनिंदा आपराधिक गिरोहों को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का संरक्षण: सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ और आक्रामक हो गये हैं। उन्होंने कहा है कि जमशेदपुर शहर में आपराधिक घटनाएं पुलिस-प्रशासन के नियंत्रण से बाहर हो गयी हैं। राजनीतिक दबाव का माहौल बन जाने से पुलिस प्रशासन पूरी क्षमता का प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है। नतीजा है कि शहर में अपराध नियंत्रित नहीं हो पा रहे हैं।

**अपराधी गिरोह को सत्ताधारी समूह का संरक्षण :** श्री राय ने कहा कि जमशेदपुर के चुनिंदा अपराधी गिरोहों को सत्ताधारी समूह का संरक्षण मिल रहा है। स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता की भूमिका इसमें अग्रणी है। नतीजा है कि आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के मामले में जमशेदपुर पुलिस-प्रशासन के सामने अकसर असमंजस की स्थिति पैदा हो जाती है।

**शक्तिनाथ सिंह हत्याकांड के आरोपियों को मंत्री का संरक्षण :** सरयू राय ने कहा कि मानगो में हुए शक्तिनाथ सिंह हत्याकांड के अपराधियों को स्वास्थ्य मंत्री का सीधा संरक्षण प्राप्त है। मंत्री के साथ इन अपराधियों की बड़ी-बड़ी होर्डिंग मानगो के चौक चौराहों पर लगी हुई है, जिसे पुलिस ने शक्तिनाथ सिंह हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त मान कर गिरफ़्तार किया है। यह व्यक्ति ईश्वर सिंह है, जो मानगो मंडल कॉंग्रेस का अध्यक्ष है और बन्ना गुप्ता का खासमखास है।

### आरोपी चंदन सिंह का नाम अभियुक्त की सूची से कर दिया गया बाहर

एक अन्य आरोपी चंदन सिंह का नाम अभियुक्त सूची से बाहर कर दिया गया। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सीधे ज़िम्मेदार हैं। वे अपराध का संरक्षण कर रहे हैं। इस मामले की जांच होनी चाहिए। मानगो का अपराधी सरगना अमरनाथ सिंह को आगे बढ़ाने और संरक्षण देने का काम भी स्वास्थ्य मंत्री ने ही किया था।

## साइबर क्राइम पर कंट्रोल के लिए प्रतिबिंब एप के लिए झारखंड पुलिस पुरस्कृत

# अमित शाह ने डीजीपी अनुराग गुप्ता और गुंजन कुमार को दिया प्रशस्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** साइबर क्राइम को रोकने की दिशा में निरंतर सफलता के लिए झारखंड पुलिस को पुरस्कृत किया गया है। गृह मंत्री अमित शाह की ओर से झारखंड पुलिस को दिल्ली में प्रशस्ति पत्र दिया गया है। बता दें कि दिन-ब-दिन बढ़ते साइबर क्राइम को रोकने के लिए झारखंड पुलिस ने प्रतिबिंब नाम का एप बनाया है। इस एप की मदद से पुलिस अधिकारियों को अपराधियों तक पहुंचने और उनको गिरफ्तार करने में कई बार कामयाबी मिल चुकी है। प्रतिबिंब एप को बनाने में डीजीपी अनुराग गुप्ता और डाटा साइंटिस्ट गुंजन कुमार की अहम भूमिका रही। मंगलवार को इन दोनों अधिकारियों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुरस्कृत किया। बता दे कि झारखंड पुलिस इस एप के माध्यम से देशभर के साइबर क्रिमिनल्स पर नकेल कसने में सफल रही है। प्रतिबिंब एप के माध्यम से झारखंड पुलिस को साइबर क्राइम रोकने में बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए पुरस्कृत किया गया है।

## बन्ना गुप्ता ने जामताड़ा डीसी को दिया आदेश

# पहाड़िया गांव में हुई मौतों पर कार्रवाई करें

आजाद सिपाही संवाददाता



**जामताड़ा।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है। पोस्ट में उन्होंने जामताड़ा के डीसी को जामताड़ा जिले के करमाटांड़ के नेंगराटांड़ पहाड़िया गांव में हुई मौतों पर संज्ञान लेने का आदेश दिया है। जानकारी हो कि जामताड़ा के करमाटांड़ के नेंगराटांड़ पहाड़िया गांव में छह लोगों की मौत अज्ञात बीमारी के कारण हो गयी है। वहीं दर्जनों लोग बीमारी से पीड़ित हैं। पहाड़िया गांव के लोगों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति आक्रोश है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के लोग सिर्फ दवा देकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। गांव के लोगों को अपने मवेशियों को बेच कर निजी डॉक्टरों से इलाज कराना पड़ रहा है। वहीं सड़क सुविधा ना होने के कारण लोगों का आना-जाना भी मुश्किल हो जाता है।

## केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने ऑस्ट्रेलिया में भारतवंशियों से संवाद किया

# ऑस्ट्रेलिया में रहकर भारतीय अपने कार्यों से भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं: संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया में भारतवंशियों से संवाद किया, जिसमें उन्होंने कहा कि भारत में अमृत काल चल रहा है और हमें आपकी सहभागिता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विदेश में भारतवंशियों से मिलकर अद्भुत आनंद की अनुभूति हो रही है। संजय सेठ ने मेलबर्न में युद्ध स्मारक द श्राइन ऑफ रिमेंबरेंस पर श्रद्धांजलि अर्पित की और काउंसलेट जनरल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि दूर देश में अपने लोगों से मिलकर अपनत्व का बोध होता है और आप सब ऑस्ट्रेलिया में रहकर अपने कार्यों से भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं। संजय सेठ ने भारतवंशियों से भारत के विकास में योगदान देने और सुझाव देने का अनुरोध किया। उन्होंने मेलबर्न स्टेडियम का भी भ्रमण किया, जो दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खेल मैदान है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम से हॉकी की नयी प्रतिभा सामने आयेगी : शिल्पी नेहा तिर्की



रांची (आजाद सिपाही)। मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि लापुंग प्रखंड के ग्राम महुंगाव में एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम के निर्माण से हॉकी की नयी प्रतिभा सामने आयेगी। उन्होंने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में हजारों खेल प्रतिभाएं हैं जो न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश का नाम रोशन करने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम मुख्यमंत्री और खेल मंत्री की दूरदर्शिता का साक्षात प्रमाण है। उक्त बातें मंगलवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग प्रखंड के ग्राम महुंगाव में एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम के शिलान्यास के दौरान कही। शिलान्यास कार्यक्रम में विभाग के अधिकारियों, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ ग्रामीणों ने भाग लिया। इस एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम के निर्माण से लापुंग प्रखंड और मांडर विधानसभा क्षेत्र में हॉकी की प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलेगा और वे अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए एक अच्छा मंच प्राप्त करेंगे।

### एसएस मेमोरियल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय सोहराई पेंटिंग कार्यशाला



रांची (आजाद सिपाही)। एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची में आयोजित दो दिवसीय सोहराई पेंटिंग कार्यशाला का समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कॉलेज के सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में सोहराई पेंटिंग में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ जयश्री इंदवार ने विद्यार्थियों को पेंटिंग की बारीकियों को सिखाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की और कहा कि उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर देने की जरूरत है। इस कार्यशाला में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को कॉलेज के करम मिलन समारोह में सम्मानित किया जायेगा। उक्त जानकारी डॉ सुबास साहू मीडिया सेल इंचार्ज एसएस मेमोरियल कॉलेज ने दी।

### 15 को एबीवीपी का छात्र गर्जना कार्यक्रम

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विशाल सिंह ने कहा है कि आगामी 15 सितंबर को मोराबादी स्थित दीक्षांत मंडप में परिषद छात्र गर्जना कार्यक्रम करेगा। साथ ही शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य वगैरह पर सरकार की विफलता को लेकर काला दस्तावेज भी जारी होगा। एबीवीपी कार्यालय, रांची में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि छात्र गर्जना कार्यक्रम में प्रदेश भर के 2000 छात्र कार्यकर्ता सम्मिलित होकर प्रदेश सरकार की अराजकता , गलत नीतियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुरक्षा एवं राज्य में घुसपैठियों को शरण देने की गलत मानसिकता के खिलाफ प्रदेश को एक संदेश देने का काम होगा। झारखंड सरकार ने जिस प्रकार से सत्ता में आने से पूर्व स्नातकोत्तर युवाओं से 7000 रुपए के बेरोजगारी भत्ता, स्नातक के विद्यार्थियों को 5000 भत्ता देने का वादा किया था और सत्ता में आयी थी, वह पूर्णतः विफल रहा। साथ ही साथ झारखंड सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व पांच लाख रोजगार देने का वादा किया था जबकि 5000 विद्यार्थियों की भी धरातल पर नियुक्ति नहीं हो पायी है।

# राजभवन के समीप राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का महाधरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा चाहती तो ओबीसी का आरक्षण 27% आराम से हो जाता। बाबूलाल मरांडी ने ओबीसी का आरक्षण 27% से घटाकर 14% कर दिया था। भाजपा का समर्थन नही मिलने से अब तक 27% तक भी नहीं बढ़ायी गयी है। जबकि राज्य सरकार 2 वर्षों के अंतराल में दो दफा कैबिनेट में और दो दफा विधानसभा में 27% आरक्षण बढ़ाने का पारित प्रस्ताव राज्यपाल के पास लंबित है। जिससे नौवीं अनुसूची में डालने हेतु केंद्र सरकार को भेजना था। उपरोक्त बातें मंगलवार को राजभवन के समीप महाधरना को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सात जिले में ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया था, जो आज तक वैसा ही है।

राष्ट्रीय जन स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरेंद्र जायसवाल ने कहा कि जातीय जनगणना हो, अनुसूची जाये और ओबीसी आरक्षण को 9वीं अनुसूची में डाला जाये। अजय मेहता ने कहा कि सात जिले में जो ओबीसी आरक्षण शून्य है वहां जनसंख्या अनुपात में आरक्षण मिले। राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि ओबीसी का प्रमोशन में रिजर्वेशन मिलना चाहिए तभी ओबीसी अधिकारी उच्च ओहदे पर पहुंच सकते हैं।

वरिष्ठ नेता ओबीसी नेता अशर्फी चंद्रवंशी ने कहा कि ओबीसी में लागू 50% आरक्षण की सीमा हटाया जाना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा की अगर ओबीसी का आरक्षण नहीं बढ़ाया जाता है तो झारखंड में उलगुलान होगा और जो पार्टी नहीं देगा उसका विरोध किया जायेगा।

वरिष्ठ समाजसेवी योगेंद्र यादव (दिल्ली) राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया और अपने भाषण में कहा कि आपका मुद्दे सही हैं और जातीय जनगणना पर जोर दिया। मौके पर मोर्चा के सलाहकार सुनील जायसवाल, प्रमोद कुमार शंकर विश्वकर्मा सुरेश ठाकुर, बसंत नारायण मेहता, लोकनाथ महतो भुनेश्वर मेहता, शुभम गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, सुग्रीव यादव प्रमोद कुमार, सुरेंद्र राय, शिव जन्म सिंह, अनीता देवी भगवानी देवी लवली देवी अमित कुमार सहित काफी संख्या में मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच का संचालन मोर्चा वरिष्ठ नेता विद्याधर प्रसाद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश सचिव सुग्रीव यादव ने किया।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वत: संज्ञान लिया

एमजीएम अस्पताल में प्रसव पीड़ा के कारण फर्श पर पड़ी एक महिला को 27 घंटे तक इलाज न मिलने के कारण मां के गर्भ में बच्चे की मौत होने

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एनएचआरसी ने जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल में प्रसव पीड़ा के कारण फर्श पर पड़ी एक महिला को 27 घंटे तक इलाज नहीं मिलने के कारण मां के गर्भ में बच्चे की मौत होने की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने झारखंड सरकार को दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किया। रिपोर्ट में पीड़ित महिला के स्वास्थ्य और सरकारी अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता के साथ-साथ अन्य सुविधाओं की स्थिति को शामिल किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी), भारत ने एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है, रिपोर्ट के अनुसार झारखंड के जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल में प्रसव पीड़ा से जूझ रही एक गर्भवती महिला को बेहतर चिकित्सा देखभाल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा रेफर किये जाने के बाद भी लगभग 27 घंटों तक उसकी देखभाल नहीं की गयी। कथित तौर पर, उसे फर्श पर लेटना पड़ा क्योंकि अस्पताल में कोई बिस्तर उपलब्ध नहीं था। हालांकि, कोई इलाज न मिलने के कारण अगले दिन उसके बच्चे की गर्भ में ही मृत्यु हो गयी। यह भी बताया गया कि एक अन्य महिला जिसने बच्चे को जन्म दिया था उसका इलाज फर्श पर किया जा रहा था। आयोग ने पाया है कि मीडिया रिपोर्ट की सामग्री, यदि सत्य है, तो यह मानव अधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है। तदनुसार, आयोग ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में पीड़ित महिला के स्वास्थ्य की स्थिति और राज्य के सरकारी अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता के साथ-साथ अन्य सुविधाओं की स्थिति को भी शामिल करने की अपेक्षा है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया जाना चाहिए कि क्या अधिकारियों द्वारा पीड़ित परिवार को कोई मुआवजा दिया गया है।

### जेबीकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष संजय मेहता ने दिया इस्तीफा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष संजय मेहता ने अपने पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस बाबत एक पत्र भी जारी किया है। पत्र में उन्होंने झारखंड के क्रांतिकारियों और महापुरुषों का उल्लेख करते हुए कहा है कि वह क्रांतिकारियों और महापुरुषों के सपनों का झारखंड बनाने की सोच रखते हैं। उनकी सोच को अमल में लाने के लिए उन्हें चिंतन-मनन की आवश्यकता महसूस हो रही है। संजय मेहता जयराम महतो की टीम में बड़ा नाम था। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा की सीट से चुनाव लड़ा था और वोट लाकर काफी चौंकाया था। खबर है कि पिछले दिनों उन्होंने मीडिया में सत्रह सवाल उठाये थे, जिसे लेकर उनका जयराम महतो से मतभेद चल रहा था और उन्होंने ये प्रश्न क्यों पूछे। बताते चलें कि अभी कुछ दिनों पहले जयराम महतो ने रिजवान को पार्टी पद से हटाया था। उन्होंने धनबाद में ट्रैक्टर और ट्रकवालों से अवैध वसूली की थी और उस दौरान उन्हें चालकों ने पीटा भी था।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# विधानसभा चुनाव में संभावित हार से भयभीत हैं हेमंत : बाउरी



**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के प्रधान सचिव द्वारा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ चुनाव आयोग को लिखे पत्र पर नेता प्रतिपक्ष ने दी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधानसभा चुनाव में संभावित हार से भयभीत हैं। अमर बाउरी ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा का आचरण अगर विधि विरुद्ध तो एफआइआर दर्ज कराये सरकार। चुनाव आयोग में रोना क्यों रो रही राज्य सरकार। श्री बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी विधानसभा चुनाव में सुनिश्चित हार को देखते हुए बौखलाहट में हैं। कहा कि मुख्यमंत्री पदाधिकारियों को आगे कर लोकतंत्र की मर्यादा को तार-तार कर रहे। लोकतंत्र का गला घोंटने का कुत्सित प्रयास कर रहे।



## AFFIDAVIT/ शपथ पत्र

शपथ पत्र सं.: 30831 दिनांक:14.08.2024 के अनुसार मैं सुशील उरांव, उम्र करीब 48 वर्ष, पिता- बलिया उरांव, ग्राम- शांति, पो०- मुरपा, थाना- बालुमाथ, जिला- लातेहार, राज्य- झारखंड, राष्ट्रीयता - भारतीय शपथपूर्वक निम्न बातों का घोषणा करता हूं:-

1. यह कि मैं उक्त ग्राम का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मैं वर्तमान में **CCL Employee** के पद पर चुरी प्रोजेक्ट, एन.के. एरिया, डकरा में पदस्थापित हूँ।
3. यह कि नीचे अंकित मेरे परिवार का नाम को सेवा पुस्तिका में नाम दर्ज किया जाए।

| क्र. सं. | सदस्यों का नाम | पिता/पति का नाम | उम्र | संबंध | विवाहित/ अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुशील उरांव | बलिया उरांव | 48 वर्ष | स्वयं | विवाहित |
| 2. | नुनी देवी | सुशील उरांव | 45 वर्ष | पत्नी | विवाहित |
| 3. | आकाश उरांव | सुशील उरांव | 23 वष | पुत्र | विवाहित |
| 4. | चांदनी कुमारी | सुशील उरांव | 22 वर्ष | पुत्री | अविवाहित |
| 5. | सुरज उरांव | सुशील उरांव | 21 वर्ष | पुत्र | अविवाहित |
| 6. | छटू उरांव | सुशील उरांव | 20 वर्ष | पुत्र | अविवाहित |

4. यह कि मुझे अपने पत्नी एवं बच्चों का सेवा पुस्तिका में नाम दर्ज कराने हेतू मैं यह शपथ पत्र कर रहा हूं।

## बालिका उच्च विद्यालय, कुजू

ग्राम+पो०- कुजू, प्रखंड-माण्डू, जिला - रामगढ़, राज्य - झारखंड, पिन कोड - 825316

**स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालय योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित**

1) **सहायक शिक्षक :-** अंग्रेजी, संस्कृत, जीव विज्ञान, भूगोल, कंप्यूटर अनुदेशक, शारीरिक शिक्षा प्रत्येक विषय में एक पद।
2) **उम्र एवं योग्यता :** झारखंड सरकार के नियमावली के अनुरूप। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति महिला उम्मीदवार को प्राथमिकता। नियुक्ति हेतु झारखंड राज्य का आवसीय प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य है।

**आवेदन देने की अंतिम तिथि :-** 05/10/2024
**साक्षात्कार की तिथि :-** 21/10/2024
**समय प्रातः-** 10:30 बजे से।

अध्यक्ष के आदेशानुसार
अनीष कुमार गुप्ता
सचिव
बालिका उच्च विद्यालय, कुजू
जिला – रामगढ़

**पत्रांक संख्या :-** 50/2024

# ममता बनर्जी की मुश्किलें

तृणमूल कांग्रेस के सांसद जवाहर सरकार का राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफे का एलान पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार की परेशानी बढ़ाने वाला है। इसने राज्य सरकार पर लगाये जा रहे आरोपों और उससे किये जा रहे सवालों की विश्वसनीयता बढ़ा दी है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को एक महीना हो चुका है, लेकिन अब तक न तो इसकी जांच किसी ठोस नतीजे पर पहुंचती दिख रही है और न ही इससे उपजा आक्रोश थमने का नाम ले रहा है। हालांकि इसकी जांच सीबीआइ को सौंपी जा चुकी है और सुप्रीम कोर्ट भी इस मामले में कथित तौर पर हुई गड़बड़ियों से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहा है। इसलिए उस पहलू पर कोई नतीजा निकालने की जल्दबाजी ठीक नहीं होगी। लेकिन बड़ा सवाल राज्य सरकार के इस पूरे घटनाक्रम से निपटने के ढंग का भी है। ममता सरकार इस मामले में पूरा दोष केंद्र और विरोधी पार्टियों के सिर मढ़ कर काम चला रही है। उसका कहना है कि साजिश के तहत लोगों को भड़काया जा रहा है। लेकिन ऐसा जनाक्रोश किसी एक या दो पार्टी के भड़काने भर का नतीजा नहीं हो सकता। राज्य सरकार और तृणमूल कांग्रेस यह समझने को जैसे तैयार ही नहीं कि युवा डॉक्टर के रेप और मर्डर की इस घटना ने न केवल राज्य में बल्कि देश भर में लोगों की संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया। इसने डॉक्टर बिरादरी के मन में बसी असुरक्षा की भावना को सतह पर ला दिया। इससे पूरी संवेदनशीलता के साथ निपटने की जरूरत थी। लेकिन राज्य सरकार का रवैया पहले दिन से आंदोलन को दबाने और इसके लिए विरोधियों को दोषी ठहराने का था। नतीजा यह कि एक घटना से उपजे असंतोष का दायरा बढ़ता रहा, अस्पताल प्रशासन की ओर से की जा रही अन्य गड़बड़ियां भी उसके दायरे में आती गयीं और सरकारी तंत्र व सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े तत्वों के भ्रष्टाचार भी मुद्दा बनते गये। मगर पार्टी नेतृत्व ने किसी तरह की कार्रवाई करके लोगों को विश्वास में लेने की जरूरत नहीं महसूस की। अब सांसद जवाहर सरकार के इस्तीफे ने इन पहलुओं को मुद्दा बना दिया है। खास बात यह है कि पूर्व नौकरशाह जवाहर सरकार की छवि केंद्र सरकार की गलत नीतियों का विरोध करने वाले व्यक्ति की रही है। इसलिए उन पर विरोधियों से मिलीभगत का आरोप भी टिकने वाला नहीं है। ऐसे में यही उम्मीद की जा सकती है कि कम से कम अब राज्य सरकार अपने रुख में आवश्यक बदलाव पर गंभीरता से विचार करेगी।

**कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को एक महीना हो चुका है, लेकिन अब तक न तो इसकी जांच किसी ठोस नतीजे पर पहुंचती दिख रही है और न ही इससे उपजा आक्रोश थमने का नाम ले रहा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**खाद्य सुरक्षा और निरंतरता बढ़ाने के लिए खाद्य पदार्थों, खासकर फलों और सब्जियों जैसे जल्दी खराब होने वाले पदार्थों की हानि और बर्बादी को कम करना बहुत जरूरी है। इससे हमारे किसानों के लिए लाभकारी दाम सुनिश्चित करने में भी मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त, जैसे-जैसे कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों काव्यापार बढ़ता है, प्रभावी खाद्य सुरक्षा प्रबंधन और भी महत्वपूर्ण होता जाता है। कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं में आयात होने वाले खाद्य पदार्थों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े खाद्य सुरक्षा नियम और कार्यप्रणालियां हैं।**

# विकिरण प्रौद्योगिकी से भारत की खाद्य सुरक्षा में बदलाव



**चिराग पासवान**



भोजन का महत्व बुनियादी जीविका से कहीं बढ़ कर है। यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक गतिशीलता को प्रतिबिम्बित करते हुए हमारे त्योहारों, सामाजिक समारोहों और अनुष्ठानों में प्रमुख भूमिका निभाता है। आर्थिक रूप से, खाद्य उद्योग विकास को गति देता है, रोजगार के अवसरों का सृजन करता है तथा ग्रामीण एवं कृषि संबंधी विकास को बढ़ावा देता है। यह घरेलू खपत और निर्यात दोनों के माध्यम से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। अपनी स्वतंत्रता के 78वें वर्ष में भारत जैसे-जैसे विकसित भारत के विजन की ओर बढ़ रहा है, खाद्य सुरक्षा और संरक्षा को आगे बढ़ाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें उपभोक्ताओं तक पहुंचने वाले भोजन का संदूषित पदार्थों से सुरक्षित होना तथा भोजन की हानि एवं बर्बादी को कम से कम किया जाना सुनिश्चित करना शामिल है, ताकि सभी को पर्याप्त, पौष्टिक भोजन की उपलब्धता की गारंटी मिल सके।

खाद्य सुरक्षा और निरंतरता बढ़ाने के लिए खाद्य पदार्थों, खासकर फलों और सब्जियों जैसे जल्दी खराब होने वाले पदार्थों की हानि और बर्बादी को कम करना बहुत जरूरी है। इससे हमारे किसानों के लिए लाभकारी दाम सुनिश्चित करने में भी मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त, जैसे-जैसे कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों काव्यापार बढ़ता है, प्रभावी खाद्य सुरक्षा प्रबंधन और भी महत्वपूर्ण होता जाता है। कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं में आयात होने वाले खाद्य पदार्थों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े खाद्य सुरक्षा नियम और कार्यप्रणालियां हैं। खाद्य सुरक्षा संबंधी घटनाओं के सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम, उपभोक्ता विश्वास में कमी और खाद्य आपूर्ति और मूल्य स्थिरता में व्यवधान जैसे गंभीर आर्थिक परिणाम हो सकते हैं। इसलिए, न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए, बल्कि आर्थिक विकास में सहयोग करने, अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने तथा बाजार तक पहुंच बनाये रखने के लिए भी खाद्य सुरक्षा की रक्षा करना आवश्यक है।

**खाद्य विकिरण सुविधाओं की व्यापक कमीशनिंग उच्च पूंजीगत लागतों से अवरुद्ध है।**

खाद्य सुरक्षा एवं संरक्षा की समस्याओं से निपटने और अपने सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप, वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में एमएसएमइ क्षेत्र में 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना के लिए धनराशि आवंटित की गयी है। यह खाद्य सुरक्षा और संरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, क्योंकि खाद्य विकिरण प्रौद्योगिकी कृषि खाद्य उत्पादों की शेल्फ लाइफ और सुरक्षा में इजाफा करती है, जिससे उनका उपभोक्ताओं तक उपयुक्त स्थिति में पहुंचना तथा उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला में खाद्य हानि का कम होना सुनिश्चित होता है।

खाद्य विकिरण में खाद्य पदार्थों को, चाहे वे पैक किए गये हों या बल्क में, सावधानीपूर्वक नियंत्रित वातावरण में आयनकारी विकिरण के संपर्क में लाना शामिल है। यह पद्धति हानिकारक सूक्ष्मजीवों को नष्ट करके खाद्य जनित बीमारियों के जोखिम को प्रभावी ढंग से कम करती है। यह समय से पहले पकने, फुटाव या अकुरण में देरी करके खाद्य हानि को कम करते हुए क्षय की प्रक्रिया को धीमा करके और उसमें खराबी उत्पन्न करने वाले जीवों को नष्ट करके खाद्य पदार्थों को खराब होने से भी बचाती है। यह खाद्य उत्पादों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने में रासायनिक परिरक्षकों की आवश्यकता को भी कम करती है, जिससे अधिक टिकाऊ खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में योगदान मिलता है। विकिरण प्रसंस्करण में आमतौर पर अपेक्षित प्रभाव प्राप्त करने के लिए केवल एक एक्सपोजर ट्रीटमेंट की आवश्यकता होती है, जो प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, खाद्य सुरक्षा पद्धतियों को सरल बनाता है, और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में लागत में कमी लाने में योगदान देता है।

हालांकि खाद्य संरक्षण के लिए विकिरण के उपयोग की अवधारणा कोई नयी नहीं है- सदियों से संरक्षण के लिए फल, सब्जियां, वनस्पति, मांस, मछली आदि को धूप में सुखाने जैसे पारंपरिक तरीकों का उपयोग किया जाता रहा है- संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के संयुक्त खाद्य मानक कार्यक्रम के अंतर्गत कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग द्वारा वैश्विक मानक स्थापित किये जाने पर खाद्य विकिरण प्रौद्योगिकी के प्रति आधुनिक दिलचस्पी बढ़ी।

खाना पकाने की तरह ही खाद्य विकिरण भी सभी पहलुओं में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का सुरक्षित और प्रभावी तरीका है। इसे खासकर अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे उन्नत खाद्य सुरक्षा मानकों वाले देशों में व्यापक रूप से अपनाया गया है, जहां इसका घरेलू और निर्यात दोनों ही तरह के बाजारों में बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। इसके प्रभाव का उल्लेखनीय उदाहरण 2012 का समझौता है, जिसने 20 साल के प्रतिबंध के बाद भारतीय आमों को अमेरिका को निर्यात करने की अनुमति दी। यह सफलता भारत द्वारा कीटों के खतरे को खत्म या काफी हद तक कम करने के लिए निर्यात से पहले अपने आमों को विकिरणित करने पर सहमत होने, फलस्वरूप अमेरिका की घरेलू कृषि की रक्षा होने से हासिल हुई।

भारत ने भी समूचे देश में 34 विकिरण प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित करते हुए उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। इनमें से 16 सुविधाओं को एमओएफपीआइ की सहायता प्राप्त होने सहित इस बुनियादी ढांचे को विकसित करने में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआइ) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। यद्यपि यह प्रगति सराहनीय है, लेकिन सुविधाओं की संख्या और वितरण का विस्तार करने से हमारे जीवंत कृषि खाद्य बाजार की बढ़ती मांगों को पूरा करने की हमारी क्षमता में और वृद्धि होगी।

हालांकि, खाद्य विकिरण सुविधाओं की व्यापक कमीशनिंग उच्च पूंजीगत लागतों से अवरुद्ध है। 1एमसीआइ कोबाल्ट 60 सोर्स युक्त एक विकिरण सुविधा स्थापित करने के लिए भूमि और अतिरिक्त बुनियादी ढांचे की लागतों के बिना लगभग 25 से 30 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होती है। इसकी कमीशनिंग प्रक्रिया में प्रस्ताव की जांच, अनुमोदन, साइट क्लीयरेंस, संयंत्र का निर्माण, स्रोत स्थापना, सुरक्षा आकलन और मार्गदर्शन, पर्यवेक्षण, कमीशनिंग और विकिरण स्रोतों के सामयिक प्रतिस्थापन सहित निरंतर रखरखाव जैसे कई महत्वपूर्ण चरण शामिल हैं। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड जैसे प्रमुख संगठन इस प्रक्रिया का निरीक्षण करते हैं।

इन सुविधाओं से संबंधित शुरुआती उच्च पूंजीगत लागतों के बावजूद, यहां निवेशकों के लिए पर्याप्त अवसर मौजूद हैं। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के बाजारों में सुरक्षित, लंबे समय तक चलने वाले खाद्य उत्पादों की बढ़ती मांग निवेश के लाभप्रद अवसर प्रस्तुत करती है। खाद्य सुरक्षा संवर्धित करने और शेल्फ लाइफ बढ़ाने की क्षमता खाद्य विकिरण सुविधाओं को खाद्य अपशिष्ट में कमी लाने और कड़े निर्यात मानकों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण बनाती है। वर्ष 2025-26 तक भारतीय खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के 535 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात की लगातार बढ़ती हिस्सेदारी के साथ, विकिरण सुविधाएं निवेश के आशाजनक अवसर प्रस्तुत करती हैं।

खाद्य की बबार्दी में कमी लाने के उद्देश्य से बुनियादी ढांचे के विकास में सहायता करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआइ) खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना के लिए प्रति परियोजना 10 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। अनुदान या सब्सिडी के रूप में प्रदान की जाने वाली यह सहायता फलों और सब्जियों सहित जल्दी खराब होने वाले उत्पादों को बचाने और उनकी स्वच्छता एवं शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए प्रदान की जाती है। केंद्रीय बजट 2024-25 में घोषणा के बाद, एमओएफपीआई ने एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्य संवर्धन अवसंरचना (कोल्ड चेन योजना) के तहत बहुउत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना के लिए उद्यमियों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की हैं।

खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और जल्दी खराब होने वाले उत्पादों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने में खाद्य विकिरण की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए भारतीय खाद्य आपूर्ति श्रृंखला और कृषि खाद्य निर्यात क्षेत्र की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए हमारे बुनियादी ढांचे का विस्तार करने की सख्त जरूरत है। हम निवेशकों और उद्यमियों से आग्रह करते हैं कि वे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता का उपयोग करके अतिरिक्त विकिरण सुविधाएं स्थापित करने के इस अवसर का लाभ उठायें। विकिरण सुविधाओं में निवेश करने से खाद्य सुरक्षा बढ़ेगी, बबार्दी में कमी आएगी और समूचे भारत में खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा, साथ ही हमारे किसानों के लिए बेहतर दाम भी सुनिश्चित होंगे। भारत के खाद्य उद्योग में पूरी तरह बदलाव लाने के लिए हमारे साथ जुड़िए- आपका निवेश टिकाऊ कृषि के भविष्य को गति देगा और उन्नतिशील अर्थव्यवस्था में योगदान देगा।

**(लेखक : खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद काम पर नहीं लौटे बंगाल के जूनियर डॉक्टर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बंगाल सरकार के समक्ष रखी नयी शर्त, कोलकाता पुलिस आयुक्त, स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक और चिकित्सा शिक्षा निदेशक को हटाने की मांग**

**ऐसा नहीं करने तक हड़ताल पर अडिग, सरकार से चर्चा को भी तैयार**

**कोलकाता।** आरजी कर रेप-मर्डर कांड के विरोध में एक महीने से हड़ताल पर चल रहे बंगाल के आंदोलनकारी जूनियर डाक्टर मंगलवार शाम पांच बजे के बाद भी काम पर नहीं लौटे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की अवज्ञा करते हुए कहा कि वे अपनी मांगें पूरी होने और पीड़िता को न्याय मिलने तक ड्यूटी पर नहीं जायेंगे। बतातें चलें कि शीर्ष अदालत ने एक दिन पहले, प्रदर्शनकारी जूनियर डाक्टरों को मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने का निर्देश देते हुए कहा था कि ऐसा करने पर उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जायेगी। न्यायालय ने यह निर्देश बंगाल सरकार द्वारा यह आश्वासन दिए जाने के बाद दिया कि काम पर लौटने पर प्रदर्शनकारी चिकित्सकों के खिलाफ दंडात्मक तबादलों सहित कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी। आंदोलनकारी चिकित्सकों में से एक ने कहा कि हमारी मांगें पूरी नहीं होने के कारण हम काम बंद रखेंगे। हमने राज्य सरकार को कोलकाता पुलिस आयुक्त, स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक और चिकित्सा शिक्षा निदेशक को शाम पांच बजे तक पद से हटाने को कहा था। हम चर्चा के लिए तैयार हैं। गौरतलब हो कि जूनियर डाक्टरों ने नौ अगस्त को आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के सेमिनार कक्ष में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला चिकित्सक का शव मिलने के कुछ घंटों बाद काम बंद कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले भी दो बार जूनियर डाक्टरों से हड़ताल वापस लेकर काम पर लौटने की अपील की थी, लेकिन वे हड़ताल पर अडिग हैं।

# टोल नियमों में बड़ा बदलाव : अब 20 किमी तक नहीं देना होगा शुल्क

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सरकार ने टोल नियमों में बड़ा बदलाव किया है। इस राहत भरे बदलाव के जरिए अब जीएनएसएस से लैस निजी वाहनों को 20 किलोमीटर तक टोल टैक्स नहीं देना होगा। दरअसल, नए नियमों में कहा गया है कि वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (जीएनएसएस) से लैस निजी वाहनों के मालिकों से राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर रोजाना 20 किलोमीटर तक के सफर के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को अधिसूचना जारी की है। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियम, 2008 में संशोधन किया गया है। अब इसे राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) संशोधन नियम, 2024 के नाम से जाना जायेगा। नये नियमों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे पर 20 किलोमीटर तक की दूरी तय करने पर कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। इससे अधिक की दूरी तय करने पर वाहन मालिक से कुल दूरी पर शुल्क लिया जायेगा। अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय परमिट रखने वाले वाहनों को छोड़कर किसी अन्य वाहन का चालक या मालिक या वाहन चला रहा व्यक्ति जो राष्ट्रीय राजमार्ग, स्थायी पुल, बाईपास या सुरंग के उसी खंड का उपयोग करता है, उससे जीएनएसएस-आधारित उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह प्रणाली के तहत एक दिन में प्रत्येक दिशा में 20 किलोमीटर की यात्रा तक कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा।

# भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र-केजरीवाल सरकार बर्खास्त करें

**वह जेल से सरकार चला रहे, प्रेसिडेंट ऑफिस ने लेटर गृह मंत्रालय को भेजा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में बीजेपी विधायकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेटर लिखकर केजरीवाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है। इस चिट्ठी को राष्ट्रपति कार्यालय ने गृह मंत्रालय के पास भेज दिया है। लेटर में लिखा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। ऐसे में सरकार से जुड़े कई काम अटके हुए हैं। फाइलों पर साइन नहीं हो पा रहे हैं। इस लेटर में विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता समेत 7 अन्य विधायकों के अलावा एक पूर्व विधायक के साइन हैं।



**केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की याचिका 2 बार खारिज**

मार्च में गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया। वह जेल से ही सरकार चला रहे हैं। हालांकि, इस बीच केजरीवाल को उट पद से हटाने का मामला दो बार कोर्ट भी पहुंचा।

# मणिपुर में राजभवन जा रहे छात्रों की सुरक्षाबलों से झड़प

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**प्रदर्शनकारियों ने आरएफ पर लोहे के छर्रे दागे, 2 जिलों में कर्फ्यू, राज्य में 6 दिन इंटरनेट बैन**

**मणिपुर।** मणिपुर में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन छात्रों का हिंसक प्रदर्शन जारी है। राजभवन की ओर मार्च कर रहे स्टूडेंट्स की सुरक्षाबलों से झड़प हो गयी। छात्रों ने सुरक्षाबलों पर पथराव किया और गुलेल से छर्रे मारे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे गये। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए केंद्र ने मंगलवार को मणिपुर में 2,000 और सीआरपीएफ जवान भेजने का फैसला किया है। 9 सितंबर को भी स्टूडेंट्स ने राजभवन पर पत्थरबाजी की थी, जिसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट्स दागी थीं। 20 से ज्यादा लोग घायल हो गये थे। 9 सितंबर की रात मैतेई समुदाय की महिलाओं ने ड्रोन हमलों के विरोध में मशाल जुलूस निकाला था। राजभवन और मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन किया था। प्रशासन ने इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट में कर्फ्यू लगा दिया है। राज्य में 15 सितंबर की शाम 3 बजे तक इंटरनेट बैन कर दिया गया है। छात्रों का नेतृत्व कर रहे एम सनाथोई चानू ने बताया- हमने DGP राज्य सरकार के सुरक्षा सलाहकार को हटाने की मांग की है। सीआरपीएफ के पूर्व डीजी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में बनी यूनिफाइड कमांड राज्य सरकार को सौंपने की मांग की है।

# यूक्रेन का रूस पर 144 ड्रोन से हमला

**रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया, हमले में एक महिला की मौत, 50 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित**



**एजेंसी**

**यूक्रेन (आजाद सिपाही)।** ने मंगलवार को रूस पर 144 ड्रोन से हमला किया है। हमले में कई रिहायशी इमारतों को भी निशाना बनाया गया है। न्यूज एजेंस रॉयटर्स के मुताबिक रूस की राजधानी मॉस्को के आस-पास करीब 20 ड्रोन मार गिराये गये। इस हमले में एक महिला की मौत भी हो गयी है। हमले में दर्जनों घर नष्ट हो गये हैं।

इस हमले के चलते मॉस्को और उसके आसपास के एयरपोर्ट्स से 50 से ज्यादा उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा है। रूसी अधिकारियों के मुताबिक मॉस्को के 4 में से 3 एयरपोर्ट्स को 6 घंटे से ज्यादा समय तक बंद रहना पड़ा। रूस ने अन्य 8 प्रांतों में 124 ड्रोन भी मार गिराए हैं।

वहीं इस हमले का पलटवार करते हुए रूस ने भी यूक्रेन पर 46 ड्रोन से हमला किया है। हालांकि यूक्रेन के मुताबिक उसने इनमें से 38 ड्रोन मार गिराया।

**10 दिन पहले 150 से ज्यादा ड्रोन दागे थे**

इससे पहले यूक्रेन ने 31 अगस्त को रूस पर 150 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया था। ढाई साल से जारी रूस-यूक्रेन जंग में पहली बार यूक्रेन ने रूस के खिलाफ इतनी ज्यादा संख्या में ड्रोन से हमला किया था । यूक्रेन ने तब भी राजधानी मॉस्को को निशाना बनया था। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के मुताबिक शहर पर 11 ड्रोन से हमला किया गया था। इन हमलों में एक ऑयल रिफाइनरी और एक टेक्निकल रूम को निशाना बनाया गया। ऑयल रिफाइनरी पर हुए हमले के बाद उसमें विस्फोट हो गया। इसके बाद गहरा धुआं उठता नजर आया। रूसी अधिकारियों के मुताबिक यूक्रेन ने 15 प्रांतों में 158 ड्रोन से हमला किया था। उन्होंने कहा कि रूसी एयर डिफेंस ने लगभग सभी ड्रोन को इंटरसेप्ट कर मार गिराया था।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 11 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



## एक सौ लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता भगत सिंह साहू के नेतृत्व में उनके आवास पर लगभग 100 की संख्या में नौजवानों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलायी गयी। भगत सिंह साहू ने कहा, विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के परिवार का बिस्तार रोजाना हो रहा है। इसी क्रम में गढ़वा विधान सभा के गोना, बना, गेरुआ, तेनार पंचायत और गढ़वा शहर के नौजवानों को भाजपा का पट्टा पहना कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता करवाई। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यछ संजय ठाकुर, जिला मंत्री चंदन जैसवाल, पापलू सोनी, गुड्डू सोनी उपस्थित थे। सदस्यता ग्रहण करने वाले में लवकुमार महतो, दीप्पक महतो, रिंकू प्रसाद गुप्ता, रंजन प्रसाद गुप्ता, दिनेश वियर, मोतीचंद गुप्ता, ललन वियर, शिवशंकर प्रसाद गुप्ता, मंटू गुप्ता, बटुरी बियार, विनोद बियार, प्रहलाद बियार, छोटन बियार, आशीष गुप्ता, प्रताप बियार, अभिषेक गुप्ता, रवि गुप्ता, मंटू गुप्ता, अनूप प्रसाद गुप्ता, शुभम विश्वकर्मा, सुरेंद्र साहू, अनिल प्रसाद गुप्ता,इसके अलावा अन्य कई लोग थे।

# खेल के क्षेत्र में भी नंबर वन बनेगा गढ़वा : मंत्री

**गढ़वा में साढ़े पांच करोड़ रुपये की लागत से होगा चार स्टेडियम का निर्माण, मिली स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में चार प्रखंडों में लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपये की लागत से प्रखंड स्तरीय चार स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चिनिया प्रखंड के ग्राम चिरका में एक करोड़ 12 लाख 55 हजार 800 रुपये की लागत से, डंडा प्रखंड के ग्राम मोतीहारा में एक करोड़ 34 लाख 25 हजार 600 रुपये की लागत से, रमकंडा प्रखंड के ग्राम सबाने में एक करोड़ 42 लाख 53 हजार 300 रुपये की लागत से तथा गढ़वा प्रखंड के ग्राम बलिगढ़ में एक करोड़ 33 लाख 76 हजार 600 रुपये की लागत से प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ, सामाजिक, धार्मिक एवं खेल के क्षेत्र में भी काफी तेजी से विकास कर रहा है। खेल के क्षेत्र में भी विकास का गढ़वा अब इतिहास रचेगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस उन्हें उचित प्रोत्साहन और सहयोग की जरूरत है। इसके लिए वे हमेशा तैयार हैं। हर क्षेत्र के खिलाड़ियों को सारी सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।


## मंत्री ने किया शहीद अब्दुल हमीद की प्रतिमा अधिष्ठापन के लिए भूमि पूजन



भूमि पूजन करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारत पाक युद्ध में देश के दुश्मनों को छक्के छुड़ाने वाले परमीर चक्र विजेता वीर शहीद अब्दुल हमीद की शहर के मझिआंव मोड़ पर भव्य प्रतिमा लगायी जायेगी। अब्दुल हमीद की शहादत दिवस के मौके पर मंगलवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने प्रतिमा अधिष्ठापन के लिए भूमि पूजन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा, गढ़वा हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। 2019 के बाद गढ़वा पूरी तरह से बदला हुआ नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी काफी कार्य हो रहा है। गढ़वा में भगवान बिरसा मुंडा, महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी, जननायक कपूरी ठाकुर, अहिल्या बाई होल्कर, वीर बाबा चौहरमल के बाद अब वीर शहीद अब्दुल हमीद की प्रतिमा लगायी जा रही है। मौके पर मुख्य रूप से नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, गढ़वा बीडीओ केएन नारायण, सीओ सफी आलम, झामुमो के जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जाटा और जोबरड़या पंचायत की 400 से अधिक महिलाएं और युवा झामुमो में शामिल



गढ़वा। गढ़वा प्रखंड के जाटा एवं जोबरईया पंचायत के 400 से अधिक महिला-पुरुष और युवा विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। मंगलवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि प्रतिदिन झामुमो परिवार काफी बड़ा और मजबूत हो रहा है। पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने से पार्टी और भी मजबूत बन रही है। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अंकित पांडेय, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बीजेपी संकल्प पत्र कार्यक्रम का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के द्वारा सदर अस्पताल से चिनिया मोड़ तक बीजेपी संकल्प पत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यपथ के व्यवसायियों, बुद्धिजीवियों से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के मेनिफेस्टो में आम जनता के सुझाव पत्र लिया जा रहा है। आम जनता का सुझाव जनहित में कार्य करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आपका सुझाव हमारा संकल्प के तहत भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मंडल प्रभारी मुन्ना तिवारी, मंडल महामंत्री राकेश शंकर गुप्ता, ज़िला मंत्री चंदन जायसवाल कार्यालय मंत्री धनंजय गोंड ज़िला आईटी सेल अभिषेक कश्यप ब्रजेश उपाध्याय संजय दुबे मनोज पाठक लखन गुप्ता विशाल गुप्ता, दुदुन्न चंद्रवंशी प्रमोद जायसवाल अन्य भाजपा कार्यकर्ता समर्थक उपस्थित थे।

## टीबी मुक्त भारत बनाने में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल का योगदान सराहनीय है



गढ़वा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के क्लब कार्यालय पुराना बस स्टैंड गढ़वा में गोद लिये हुए टीबी मरीज पहुंचे और वहां क्लब अध्यक्ष नंदलाल प्रसाद की अध्यक्षता में आये हुए मरीजों के बीच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। आएं हुए मरीजों ने पौष्टिक आहार पाकर क्लब को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी बिमारी के हालात में जहां अपने लोग किनारा कर लिए और छुआछुत मानने लगे ऐसे, हालात में आप लोग देवता स्वरूप साथ खड़े होकर बिना भेदभाव के हम लोगों को मदद लगातार कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के बाद देर शाम लायंस इंटरनेशनल 322 ऐ के पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेफ ला० डॉ आरएनएस दिवाकर की 75वीं जन्मदिवस धुमधाम से क्लब कार्यालय गढ़वा में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में डॉ दिवाकर ने लायंस इंटरनेशनल को डोनेशन भी दिया और लायंस विशाल परिवार को आभार व्यक्त किया।

## जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मंगलवार को रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह के नेतृत्व में रंका थाना परिसर में जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रंका, रमकंडा, चिनियां और भंडरिया थाना क्षेत्र के ग्रामीण जनता अपने-अपने समस्याओं को लेकर लिखित आवेदन दिए। इस मौके पर रंका थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, रमकंडा थाना प्रभारी सुरेंदर सिंह कुंटिया, चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार, भंडरिया थाना प्रभारी आशीष कुमार, डालसा के चीफ डिफेंस कॉसल सहित अन्य पुलिस कर्मी और हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हेसातू में पहली बार होगा दुर्गा पूजा का आयोजन



बड़गड़ (आजाद सिपाही)। बड़गड़ प्रखंड अंतर्गत कभी उग्रवाद प्रभावित रहे बूढ़ा पहाड़ से सटे टेहरी पंचायत के सुदूरवर्ती गांव हेसातू में इस वर्ष पहली बार होगा दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन। बैठक में सर्वप्रथम पूजा समिति के गठन का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से संजय किसान को पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष हिमांशु नगेशिया, सचिव हलकन किसान, उपसचिव सतीश कुमार चंद्र, कोषाध्यक्ष दामोदर किसान, उपकोषाध्यक्ष धर्वेंद किसान को बनाया गया। पूजा समारोह को सफल बनाने को लेकर कार्यकारी सदस्य के रूप में महेश किसान, मतरू किसान, मनेश किसान, रतेश कुमार, राकेश कुमार, बन्धु किसान, जेठु किसान, रविंद्र प्रसाद का चयन किया गया। पूजा समिति के गठन के पश्चात सामाजिक कार्यकर्ता सह विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश, विजय तिवारी, अमीत कुमार, रामवचन सिंह के नेतृत्व में एससी, एसटी समुदाय बहुल हेसातू गांव में धुमधाम से पुरे हर्षोल्लास के साथ दूर्गा पूजा समारोह मनाने का निर्णय लिया गया।

## अंचल पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया आंचल पदाधिकारी कार्यालय कच्छ में दिन मंगलवार को अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह के अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक आहूत की गयी, जिसमें उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ के पास वोटर लिस्ट जारी कर दिया गया है। अपने-अपने दल के लोग बूथ पर बीएलओ के पास जाकर वोटर लिस्ट देख लें, किसी का नाम तो नहीं छूटा है, अगर नाम छूटा होगा, तो तत्काल फार्म व आधार कार्ड लाकर हमको दें। हम ऑपरेटर के माध्यम से तुरंत रजिस्ट्रेशन करने का काम करेंगे। इस मौके पर भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष निर्मला ठाकुर भाजपा के सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा झारखंड मुक्ति मोर्चा के अनुमंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष बजरंग यादव सहित्य गणमान लोग उपस्थित थे।

## वर्षों से चल रहे विवाद का हुआ निपटारा



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र के रपुरा गांव के नवडीहवा टोले पर रास्ता को लेकर वर्षों से चल रहे विवाद को ग्रामीणों ने मिल कर सुलझा लिया है। इसको लेकर पंचायत के मुखिया अनुज कु. सिंह सामाजिक कार्यकर्ता सुशील सिंह, अवधेश सिंह, सुरेश प्रजापति, अलियार प्रजापति, भोला प्रजापति सहित अन्य ने दो पक्षों के बीच विवाद को समाप्त कराकर सामंजस्य स्थापित किया। गौरतलब हो कि उक्त टोले पर सड़क निर्माण को लेकर प्रखंड मुख्यालय पर धरना व आमरण अनशन तक किया जा चुका है। कई बार प्रशासन व पुलिस के हस्तक्षेप के बाद भी तनाव चल रहा था। उस समझौते से पूरे गाँव के अलावा नवडीहवा टोले पर करीब पचास घरों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। नवडीहवा टोले के लोग आजादी के पूर्व से टोले तक सड़क नहीं होने से परेशान थे। मौके पर कई ग्रामीण गणमान्य मौजूद थे।

# केंद्र सरकार की योजनाओं को चलने नहीं दे रही है झामुमो सरकार : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा ।** गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के रंका प्रखंड के चुटिया गांव के हाटदोहर टोला में भाजपा नेता पवन पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा अलखनाथ पांडेय, भाजपा गढ़वा जिला के उपाध्यक्ष राजीव राज तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता भगत सिंह साहू की उपस्थित थे। इसमें चुटिया गांव के लगना 100 युवाओं को भारतीय जनता पार्टी का पट्टा और फूलमाला पहनाकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब झारखंड में थी, तो केंद्र सरकार के द्वारा झारखंड के जनता के हित में जितनी भी योजनाएं चलायी जा रही थी सारी योजनाएं झामुमो की सरकार आने के बाद इसे बंद कर दिया गया। जिससे पूरे झारखंड राज्य की जनता त्रस्त है।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार सबसे बड़ा मुद्दा है आज लोकतंत्र को खत्म करने के लिए पूरे गढ़वा विधानसभा में थाना कोर्ट कचहरी हर जगह घुसखोरी के बीना कोई काम नहीं हो रहा है।

राजीव राज तिवारी ने कहा कि धर्मांतरण एक गंभीर मुद्दा है जिस तरह से धर्म परिवर्तन का सुयोजित खेल झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे गढ़वा में चल रहा है उससे बहुत ही भयावह स्थिति का रूप धारण कर लेगी। वरिष्ठ भाजपा नेता भगत सिंह साहू ने कहा कि पूरे झारखंड की जनता की वर्तमान सरकार में फैले भ्रष्टाचार से त्रस्त हो चुकी है झारखंड की जनता झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के इंतजार में बैठी है वर्तमान की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भाजपा भगत सिंह साहू, भाजपा गढ़वा जिला के मंत्री चंदन जायसवाल , वरिष्ठ भाजपा नेता उत्तम पांडेय, रोशन दुबे सहित कई वरिष्ठ भाजपा और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिविल सर्जन के निर्देश पर सीएचसी के सामने संचालित मेडिकल और पैथोलॉजी सेंटर की हुई जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार के निर्देश पर डॉ दिनेश कुमार ने सीएचसी के सामने संचालित हो रहे मेडिकल और पैथोलॉजी सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण की भनक मात्र से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। वहीं आधा दर्जन से अधिक दुकानदारों ने अपना-अपना दुकान बंद कर के फरार हो गये।

निरीक्षण के दौरान नन्हकूली चौधरी का मेडिकल, मॉडर्न पैथोलॉजी, समीमा मेडिकल, बजरंग पैथोलॉजी, यादव मेडिकल, ज्योति पैथोलॉजी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नन्हकूली चौधरी ने मेडिकल का रजिस्ट्रेशन नहीं होने पर जब एक रजिस्ट्रेशन नहीं होता है, तब तक दुकान बंद रखने को कहा। वहीं मॉडर्न पैथोलॉजी का निरीक्षण किया गया, जब रजिस्ट्रेशन का नहीं होने की बात संचालक द्वारा बोले जाने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा पैथोलॉजी को बंद करने का आदेश देते हुआ कहा कि यह आखरी अल्टीमेटम है, बिना रजिस्ट्रेशन के पैथोलॉजी को खोला गया, तो दुकान को सील करते हुए कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। डॉ. हरिहर पाल के दुकान को निरीक्षण के दौरान अपना किसी भी तरह का कोई कागजात नहीं दिखाया गया। वहीं किसी अन्य उषा कुमारी का रजिस्ट्रेशन का पेपर दिखाया गया, जिसके बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने एक घंटा के अंदर अपना सर्टिफिकेट और रजिस्ट्रेशन का पेपर कार्यालय में लेकर उपस्थित होने को बोला गया, अन्यथा दुकान को बंद करने करने को बोला गया। वहीं जो दुकानदारों के द्वारा रजिस्ट्रेशन होने की बात कहा गया, उन सभी को एक घंटा के अंदर कार्यालय में अपना कजगत जमा करने करने को कहा गया है। वहीं निरीक्षण की सूचना मिलते हीं न्यू लाईफ पैथोलॉजी, सूरज पैथलोजी,नीलू बैठा का मेडिकल संचालक दुकान बंद करके फरार हो गए। मौके पर लिपिक अरुण लकड़ा, सुनील पटेल,बीटीटी अनुज कुमार सहित सीएचसी के गार्ड शामिल थे।

**चार माह में भी पैथोलॉजी संचालक पर नहीं हुई कार्रवाई :** मालूम हो कि बीते माह 3 मई को स्थानीय सीएचसी में इलाज कराने पहुंचे अरसली दक्षिणी के वनखेता टोला निवासी मरीज विरेन्द्र यादव के जांच रिपोर्ट भ्रामक पाये जाने पर ओपीडी में बैठे डॉक्टर दिनेश कुमार ने भवनाथपुर सीएचसी के सामने संचालित मॉडर्न पैथोलॉजी जांच घर के संचालक को बुलाकर डिग्री की जानकारी लेते हुए लैब के कागजात की मांग की थी, जिसपर संचालक ने उस वक्त भी लैब का रजिस्ट्रेशन नहीं होने की बात कही थी। जिसके बाद गढ़वा डीसी शेखर जमुआर ने इसपर संज्ञान लेते हुए सिविल सर्जन को जांचोपरांत लैब संचालक पर कारवाई करते हुए कार्यालय में रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया था, जिसके आलोक में तत्कालीन अस्पताल के प्रभारी डॉ रंजन दास ने मॉडर्न पैथोलॉजी केंद्र के संचालक से पूछताछ करने के उपरांत कारवाई के लिए जांच रिपोर्ट जिला के पदाधिकारी को भेज दिया था, लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी पैथोलॉजी संचालक पर कोई कारवाई नहीं की गई, और न ही संचालक ने दुकान का रजिस्ट्रेशन नहीं कराया और बेधड़क अस्पताल के सामने पैथोलॉजी लैब संचालन कर रहा है।

**Office of The Civil Surgeon –Cum-Chief Medical Officer, Garhwa**
Email ID- cs.garhwa@gmail.com,
Short e-Tender Notice
(E-Procurement Notice)

Tender No. :- CS/GRH/08/24-25 Date: 10 /09/2024

Civil Surgeon, Garhwa, Jharkhand Invites e-Tender from eligible bidders for entering into rate contract for One Dialysis unit Installation at Sadar Hospital, Garhwa(JharKhand). Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website http://jharkhandtenders.gov.in and bid should be submitted through e-procurement systems only. Hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date. Tender fee & Ernest money deposit (EMD) separately to the concerned office.

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for One Dialysis unit Installation at Sadar Hospital, Garhwa(JharKhand). |
| 2 | Date of Publication of the Tender on Website | 13/09/2024 |
| 3 | Pre-Bid Conference<br>Last date of receipt of pre bid queries (if any) from intended bidders. | 16.09.2024 latest by 3.00 P.M.<br>The bidders may visit the department concerned and submit their queries / Suggestions to the Civil Surgeon Cum CMO, Garhwa for which the intended bidders want any amendment or alteration in the tender terms of specifications. |
| 4 | Date & Time Online submiss ion of BID | 18.09.2024 to 03.10.2024 |
| 5 | Bid submission closing date | 03.10.2024 by 5.00PM |
| 6 | Bid Opening date | 05/10/2024 by 03.00PM |
| 7 | Opening date online Financial proposal | After completion of Technical BID |
| 8 | Bid Document Fee (Non-refundable) | **1,000/- (One Thousand Only)** Non-Refundable should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e -Procurment portal of the tender inviting authority |
| 9 | Bid Security/ Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 75 ,000/- (Rs. Seventy Five thousand only) should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e-Procurement portal of the tender inviting authority |
| 10 | Contact No. of Procurement Cell | 9934725715 |

Note : The specified dates and time may change due declaration of holidays or any other unforeseen circumstance. The same shall be informed through web-portal as and when required.

PR 335272 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D

Civil Surgeon-Cum-
Chief Medical Officer, Garhwa.

# अदालत आनेवाला हर व्यक्ति हमारा अतिथि होता है : निवर्तमान पीडीजे

**प्रधान जिला जज राजेश शरण सिंह का झारखंड सरकार विधि विभाग के प्रधान सचिव पर स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** न्यायालय न्याय का मंदिर होता है। यहां न्याय पाने का व्यक्ति का अंतिम दरवाजा होता है। व्यक्ति बड़े विश्वास के साथ न्यायालय में आता है। व्यक्ति के इस विश्वास को बनाये रखने के लिये न्यायालय में ऐसा वातावरण होना चाहिये कि उसे विश्वास हो कि उसे यहां न्याय जरूर मिलेगा। उसको बिना किसी भेदभाव का न्याय मिलेगा। यह बात गढ़वा के निवर्तमान प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह ने कही। वे स्थानीय मेलोडी मंडप में सृजन साहित्यिक मंच द्वारा आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे। पीडीजे श्री सिंह का गढ़वा व्यवहार न्यायालय से झारखंड सरकार विधि विभाग में प्रधान सचिव के पद पर स्थानांतरण हो जाने के पश्चात उनके सम्मान में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर प्रधान सचिव ने कहा कि न्यायालय के गेट पर जब व्यक्ति प्रवेश करे, उसे लगे कि उसका विरोधी चाहे कितना ही बड़ा व्यक्ति क्यों न हो, उसे यहां न्याय जरूर मिलेगा. बशर्ते वह व्यक्ति सही हो। उन्होंने कहा कि न्यायालय में न्याय मांगने जो भी व्यक्ति आता है, वह हमारा अतिथि है। इसलिये उसके साथ वैसा ही व्यवहार होना चाहिये, जैसा एक अतिथि के साथ होता है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में झालसा के माध्यम से हर जगह न्यायालय का कर्मी मिलेंगे, जो जरूरत पड़ने पर पीड़ित को मदद करने के लिये पुलिस से भी पहले पहुंच रहे हैं। इसके पूर्व पूर्व पीडीजे का सृजन साहित्यिक मंच की ओर से स्वागत किया गया। सचिव सतीश मिश्र ने उनके कार्यकाल का उल्लेख किया। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, पतंजलि योग समिति के प्रदेश सह प्रभारी रासबिहारी तिवारी, अध्यक्ष विनोद पाठक, सेवानिवृत बीसीओ अजय शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रमाद कुमार, मीडिया प्रभारी दयाशंकर गुप्ता आदि ने अपना उदगार व्यक्त करते हुये पूर्व पीडीजे के कार्यकालों की सराहना की। गीतगार राजकिशोर राय ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी ने तथा धन्यवादज्ञापन समाजसेवी डॉ पातंजलि केसरी ने किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुमार विपुल, वरिष्ठ अधिवक्ता नवीनचंद सिंह, आशीष दूबे, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी, पर्यावरण परिवार के नितिन, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिता दत्त, जयपूर्णा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

– कार्यालय –
जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग
शंकरपुर बडकागाँव रोड, हजारीबाग – 825301,
Email.- dho_hazaribag@rediffmail.com , dho.hazaribagh@gmail.com
Telephone No. 06546-291453

**अतिअल्पकालीन उद्धरण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान कार्यालय, हजारीबाग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में चल रहे उद्यान विकास योजना की उपयोजना ''प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग '' के तहत जिला – हजारीबाग एवं रामगढ़ शहर एवं उससे आस–पास के सटे हुए शहरों में बसे हुए परिवार के घरों के निकट खाली पड़े छोटे भू–खण्ड ,सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों की खेती हेतु बीज, फुलों एवं फलों तथा साज– सज्जा के पौधे एवं उपादान का क्रय हेतु स्थानीय Service Provider / Nursery चयन के साथ समानों का दर निर्धारण हेतु दिनांक – 13.09.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक न्यूनतम दर हेतु उद्धरण मुहरबंद निविदा बंद लिफाफे में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा जो दिनांक – 18.09.2024 के अपराह्न 04:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता एवं उक्त योजना अन्तर्गत नामित जिला स्तरीय गठित चार सदस्यीय समिति के समक्ष उपस्थिति / अनुपस्थिति में खोला जायेगा। इच्छुक उद्धरणकर्त्ता स्थानीय Service Provider / Nursery जिला उद्यान कार्यालय , हजारीबाग से कार्यालय अवधि में दिनांक – 09.09.2024 से 13.09.2024 तक उद्धरण हेतु समाग्री की सूची प्राप्त किया जा सकता है।
नोट :– विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, हजारीबाग से सम्पर्क किया जा सकता है ।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
हजारीबाग / रामगढ़

PR 335328 Agriculture(24-25).D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 11 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## खूंटी और तोरपा में जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

# जनता की शिकायतों का त्वरित निवारण होगा : पुलिस अधीक्षक

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** खूंटी पुलिस के सौजन्य सें खूंटी के नगर भवन और तोंरपा थाना परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खूंटी में कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अमन कुमार और तोरपा में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर एसपी ने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले के नागरिकों की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निवारण तथा पुलिस एवं नागरिकों के बीच अविश्वास और दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें भाग लेकर आप अपनी शिकायतों के निवारण के साथ-साथ कई महत्त्वपूर्ण मामलों की जानकारी लेकर खुद को जागरूक कर सकते है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा हिट एंड रन मामलों में पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया। साथ हीं मानव तस्करी मामले में छुड़ाई गयी महिलाओं को मंच पर आमंत्रित कर प्रोत्साहित भी किया गया। नगर भवन खूंटी में आयोजित कार्यक्रम में खूंटी पुलिस अनुमंडल के पांच थाना खूंटी, मुरहू, सायको, अड़की और मारंगहादा थाना से जुड़े मामलों का निष्पादन किया गया। तोरपा पुलिस अनुमंडल के लिए तोरपा थाना स्थित सभागार तीन थानों तोरपा, तपकरा और रनिया थाना क्षेत्र के लिए कार्यक्रम आयोजित कर शिकायतों का निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। इनमें मामलों में मुख्य रूप से आपसी विवाद, लड़ाई-झगड़ा, जमीन विवाद, सड़कों का अतिक्रमण समेत अन्य मामले शामिल थे। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कई मामलों पर चर्चा कर लोगों को महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गयी। इनमें मुख्य रूप से गुमशुदा बच्चों एवं महिला सुरक्षा संबंधी कानून, पीड़ितों को मुआवजा, नए आपराधिक कानून के अन्तर्गत जीरो एफआइआर एवं ऑनलाइन एफआइआर प्रणाली, डायल 112 तथा 1930 (साइबर फ्रॉड) एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, संपत्ति मूलक अपराध, साइबर अपराधियों द्वारा ठगी के तरीके, मानव तस्करी, नशीले पदार्थों का सेवन बिक्री की रोकथाम समेत अन्य मामलों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया गया। खूंटी के कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी, सेक्रेटरी डालसा, अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी, अन्य संबंधित पदाधिकारी, स्थानीय नागरिक, शिकायतकर्ता कें अलावा संबंधित थाना के थानेदार आदि उपस्थित थे। तोरपा के कार्यक्रम में एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टा, अंचलाधिकारी पूजा बिन्हा, तोरपा थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जयसवाल सहित सीाी मुखिया, विभिन्न विभागों के अधिकारी और अन्य उपस्थित थे।

## अब खूंटी के विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल खूंटी के अंतर्गत आनेवाले सभी विद्युत उपभोक्ताओं के घरों और प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर लगाया जायेगा। इसके लिए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने मेसर्स टेक्नो इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड को अधिकृत किया है। यह जानकारी विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल खूंटी के प्रबंधक (तकनीकी) ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने के पूर्व खूंटी जिले के शहरी क्षेत्र का कंज्यूमर इंडेक्सिंग हरेक विद्युत उपभोक्ता के घर एवं प्रतिष्ठानों में जाकर एजेंसी के कर्मचारी सर्वे करेंगें। सभी विद्युत उपभोक्तओं से अनुरोध किया गया है कि उक्त एजेंसी के कर्मचारियों का पहचान पत्र देखकर उन्हें सर्वे कार्य में सहायता करें।

## खेलो झारखंड के तहत खेलकूद का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड स्थित टीटीसी मैदान एवं रमेश सिंह मुंडा +2 विद्यालय के मैदान में खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद का आयोजन किया गया जिसमें खो-खो, एथलिटक्स, जंपिंग, थ्रोटोन, कबड्डी, वालीबॉल, फुटबॉल योगासन, हाकी खेल अंडर 14, 17, 19 वर्षीय बालक बालिका के लिए आयोजन किया गया। बालक बालिका के लिए 200 मी, 400 मी, 800 मी दौड़ प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम द्वितीय व तृतीया आने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में 45 स्कूल व कुल 475 छात्रों ने भाग लिया। मौके पर राजेंद्रमहतो, मो०मनीरूदीन, प्रवीण कुमार यशपाल महतो भूपेंद्र कुमार, सुरेश कुमार महतो अपूर्व कुमार बनर्जी, एवं प्रखंड के बीआरपी सीआरपी शिक्षा कर्मियों की योगदान रहा।

## 9.50 लाख की लागत से 800 फीट पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को 15वें वित निधि (जिला परिषद) अंतर्गत बुंडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोड़दा में बर पेड़ से बयार मुंडा के घर तक लगभग 9 .50 लाख की लागत से 800 फीट पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास एस जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल ने किया। इस अवसर पर शांडिल ने कहा कि इस गांव में आजादी के बाद तक सड़क के लिए ग्रामीण सरकार की आश देखते थे मेरे द्वारा यहां सड़क निर्माण करने से ग्रामीण काफी खुश है। मौके पर तारा चंद सिंह मुंडा कोलेश्वर महतो जगन्नाथ महतो चुन्नीलाल मुंडा निरंजन महतो मंगल मुंडा चामु मुंडा शंकर महतो तारा देवी लक्ष्मी देवी राजबाला देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# रात भर चल रहा बालू का खेल वैध चालान तो रात के अंधेरे में क्यों

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** थाना क्षेत्र के रास्ते सोनाहातु थाना क्षेत्र और ईचागढ़ थाना क्षेत्र से रात भर बालू लदे हाइबा का परिचालन धड़ल्ले से हो रहा है। सक्षम पदाधिकारी से लेकर प्रशासन तक को दिखाई नहीं देती। रात 10 बजे से लेकर सुबह 4 बजे तक सैकड़ों बालू लदे हाइवा सिल्ली रांगामाटी सड़क पर सिल्ली और ईचागढ़ के जारगोडीह, विरडीह, बामुनडीह की ओर से रांगामाटी की ओर जाते दिखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि सोनाहातु के बारेंदा और ईचागढ़ के वीरडीह, जारगोडीह, बामुनडीह आदि गांवों से बालू लदे हाइबा ईचागढ़, चौका, चांडिल थाना क्षेत्र से होकर जमशेदपुर ले जाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सोनाहातु थाना क्षेत्र के बारेंदा, जींतुडीह, डीबाडीह और ईचागढ़ के जारगोडीह, बामुनडीह, वीरडीह आदि बालू डंप से बालू का उठाव चालान के माध्यम से किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अगर वैध चालान से बालू का परिवहन हो रहा है, तो फिर रात के अंधेरे में क्यों चलाया जा रहा है? वैध चालान से बालू परिवहन अभी दिन के उजाले में नहीं दिख रहा है। जिससे लोगों में एक जिज्ञासा बनी हुई है, कि आखिर बालू रात के अंधेरे में क्यों ले जाया रहा है। या तो फिर इसमें भी कुछ सेटिंग गेटिंग का मामला है। अचानक से रात को इतने संख्या में बालू लदे हाइबा का परिचालन धड़ल्ले से हो रहा है और कोई प्रशासनिक पदाधिकारीयों द्वारा बालू लदे हाइवा का वैधता का जांच करने का मामला प्रकाश में नही आया। लोगों का मांग है कि सक्षम पदाधिकारी द्वारा रात के अंधेरे में धड़ल्ले से चल रहे बालू लदे हाइवा का जांच हो, और अवैध बालू का परिवहन इस क्षेत्र से बंद हो।

# खलारी में जनशिकायत समाधान कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बुढ़मू, खलारी और मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के लोगों ने अपनी भूमि संबंधित, आपसी विवाद, पैसे का लेन देन का विवाद, पूर्व से चले आ रहे मुकद्मो सहित अन्य मामलों के समाधान हेतु आवेदन दिए। आयोजित कार्यक्रम में बुढ़मू, खलारी और मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के लोगों के लिए अलग अलग स्टॉल लगाये गये थे। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में खलारी थाना क्षेत्र से 14 मामलों को लेकर आवेदन दिए गए। जिनमे जमीन विवाद, वृद्धा पेंशन, आपसी पैसों का लेन देन में विवाद, जमीन खाता संबंधित समस्या, सीसीएल क्षेत्र में अधिग्रहित भूमि पर नौकरी और मुआवजा नहीं मिलने शिकायत संबंधित आवेदन दिया गया। वहीं मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार की उपस्थित में थाना क्षेत्र से 50 लोगों ने अपनी समस्याओ को लेकर आवेदन दिए। जिनमे पैसों के लेन देन, अबुआ आवास के अलावा जमीन विवाद संबंधित मामले शामिल थे। बुढ़मू थाना क्षेत्र से आए लोगों ने बुढ़मू थाना के स्टॉल में बुढ़मू अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा की उपस्थित में अपनी समस्याओं के समाधान हेतु कुल 08 लोगों ने आवेदन दिए। जिनमें पशु चराने को लेकर हुए विवाद, बाइक चोरी, जमीन विवाद, जमीन कब्जा करने, मारपीट से संबंधित मामले शामिल है। मौके पर खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने कहा की तीनो थाना क्षेत्र से आए लोगों कार्यक्रम के दौरान अपनी शिकायतों को लेकर आवेदन दिए है। सभी आवेदन देने वाले लोगों को पावती रसीद भी दी गई है। साथ ही सभी लोगों को जांच करने वाले अधिकारी का नाम और उनका फोन नंबर भी दिया गया है, ताकि उनसे जांच और कारवाई सबंधित जानकारी मिल सके।

## छात्र-छात्राओं ने मनाया शिक्षक दिवस



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना किसान कॉलेज के इंटर विभाग में मंगलवार को छात्र-छात्राओं के द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर देश के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ विनीता कुमारी डॉ दीप नारायण जायसवाल एवं जैक सदस्य डॉ राधा रमन साहू ने पुष्पांजलि एवं दीप जलाकर की। छात्र-छात्राओं के द्वारा डॉक्टर विनीता कुमारी डॉ दीप नारायण जायसवाल एवं जैक सदस्य डॉ राधा रमन साहू को बुके एवं सोल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर गौतम शुक्ला, सविता कुमारी, उत्तरा मेहता, सोनम जायसवाल, जयंती रानी महतो, अनिल महतो, कुणाल सिन्हा, राजीव रंजन, सुभाष चंद्र महतो, दिलेश्वर महतो, विकेश्वर लोहरा सहित सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# करमा पूर्व महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में मंगलवार को करमा पूर्व महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार और विशिष्ट अतिथि में अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग, झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सक्रिय सदस्य बबलू सागर मुंडा सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का पारंपरिक ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया, जिसके बाद महिलाओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। वहीं आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों को बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिसके बाद सामूहिक रुप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में बाहर से आयी टीम के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें मुख्य रुप से खोड़हा नृत्य और आदिवासी नृत्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आनंद मुंडा, हिमांशु चाटर, ईश्वर पाहन, जीतू तिर्की, सुनील मुण्डा, उमेश उरांव, रमेश भगत, धनंजय मुंडा, प्रकाश तिग्गा,गौरव हेंब्रम, राजकिशोर मिस्त्री, जूलियस टोपनो, रामपति मुंडा, मनीष बोदरा, अजेश मुंडा, विजय कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने कहा कि झारखंड में सभी पर्व त्यौहार आपसी सौहार्द और भाईचारगी के साथ मनाया जाता है।

# मैकलुस्कीगंज में फिल्म की शूटिंग शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** मिनी लंदन मैकलुस्कीगंज में एक बार फिर फिल्म की शूटिंग शुरू हो गया है।मंगलवार को फिल्म का मुहूर्त भी किया गया।राजधानी रांची से 60 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित पर्यटन नगरी व ब्रिटिश काल में मिनी लंदन के नाम से मसहूर मैकलुस्कीगंज में लम्बे अर्से के बाद बालीवुड फिल्म की शूटिंग शुरू किया गया है। मंगलवार को मैकलुस्कीगंज के बुट फार्म में सैमकिन इनटरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली फिल्म किलर स्टीन्ट के मूहुर्त के साथ फिल्म की सूटिंग शुरू हुई। फिल्म के मूहुर्त के अवसर पर फिल्म के प्रोड्यूसर शंभू मेहता, विनय मेहता, सुभाष आर्य सहित अन्य लोग उपस्थित थे। फिल्म की पूरी सूटिंग मैकलुस्कीगंज में ब्रिटिशकालीन हेरिटेज बंगलों एवं मैकलुस्कीगंज के मनोरम वादियों के साथ साथ पतरातु डैम एवं घाटी व रांची में होगी। संदीप चटर्जी के निर्देशन में बनने वाले इस फिल्म में बालीवुड कलाकार शिवेन्दु भट्टाचार्य, सिद्धार्थ, सत्यम आनंद अवनी मोदी, असीमा वर्धन, सुजाना मुखर्जी विकास शुक्ला सहित अन्य नामी गिरामी कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म में झारखंड फिल्म उद्योग से जुड़े लगभग 70 कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म का स्क्रीप्प्ट प्रिति सिंह व संगीत युग ने दिया है। फिल्म के निमार्ताओं ने मैकलुस्कीगंज को फिल्म निर्माण के लिए उत्तम स्थान बताया।

## शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड प्रखंड के सलगाडीह एनएम पब्लिक स्कूल में आज शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये।

## रतिभान सिंह ने सुनी दशमफाल थाना क्षेत्र की जनशिकायत



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** जन शिकायत कार्यक्रम मंगलवार को अनुमंडल पुलिस कार्यालय बुंडू में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बुंडू, सोनाहातु, राहे, तमाड़, दशमफाल थाना क्षेत्र के जन शिकायत मामले को डीएसपी रतिभान सिंह ने सुनी। इस जन शिकायत समाधान में कुल 80 मामले आए जिसमें 10 मामले को ऑन द स्पॉट सुलझाया गया। बाकी अन्य मामलों को जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। सभी शिकायतकर्ता का आवेदन जमा लिया गया है। इस जन शिकायत में सबसे अधिक जमीन संबंधी मामले आए। बुंडू डीएसपी रतीभान सिंह ने कहा इस तरह के आयोजन से क्षेत्र के लोगों का शिकायत पर त्वरित व प्रभावी निराकरण तथा पुलिस नागरिकों के बीच अविश्वास और दूरी कम करने का उद्देश्य है। जनता से अपील करते हुए आगे कहा अनुमंडल क्षेत्र के थाना आपके आवेदन पर कारवाई नहीं होती है तो हमें लिखित आवेदन पत्र दें। इस मौके पर बुंडू अनुमंडल के सभी थानेदार सभी अंचल के अंचल अधिकारी व सीआई मौजूद थे।

## कार ने ऑटो को मारी टक्कर, चालक की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी-रांची रोड पर फुदी गांव के पास मंगलवार अपराह्न लगभग चार बजे एक तेज रफ्तार अर्टिका कार ने एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान खूंटी थानांतर्गत डुगडुगिया गांव के रामपाल प्रधान उर्फ बुधु प्रधान (40 वर्ष) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद मौके से फरार हुए अर्टिका कार को पुलिस ने जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक ऑटो चालक बुधवार अपराह्न कालामाटी से फुदी की ओर आ रहा था, इसी क्रम में रांची की ओर से तेज रफ्तार में खूंटी की ओर आ रही अर्टिका कार ने उसके ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क पर पड़े ऑटो चालक के शव को उठाकर अपने कब्जे में लिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे स्वजनों को सौंप दिया जायेगा।

## आइसीएसइ नेशनल कराटे चैंपियनशिप में भाग लेगा खूंटी का अर्पण भेंगरा, झांसी रवाना



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उर्सुलाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल के होनहार कराटेकार अर्पण भेंगरा आईसीएसई स्कूल नेशनल कराटे चैंपियनशिप में भाग लेगा। झांसी (यूपी) के ब्लू वेल्स पब्लिक स्कूल में 12, 13 एवं 14 सितंबर को आयोजित होनेवाली आईसीएसई नेशनल कराटे चौंपियनशिप में भाग लेने के लिए अर्पण भेंगरा मंगलवार को खूंटी से झांसी के लिए रवाना हुआ। यह जानकारी उसके कोच विजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में आयोजित जोनल एवं रीजनल लेवल की प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाले अर्पण भेंगरा का चयन नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। नेशनल चैंपियनशिप में पूरे देश के आईसीएसई बोर्ड के स्कूलों से चयनित खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कोच ने कहा कि अर्पण बहुत होनहार खिलाड़ी है।

# बाहरी दिग्भ्रमित करनेवाले लोगों के बहकावे में न आवें : लक्ष्मण सिंह मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** मंगलवार को वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह मुंडा प्राचीन कालिन दिउड़ी मंदिर पहुंचे एवं माता के चरणों में माथा टेका तथा क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि के लिए मां से कामना किया। इस दौरान मंदिर के पाहान पुजारियों से मिलकर मंदिर में आपसी भाईचारा, प्रेम, सौहार्द एवं शांति बहाल रखते हुए लाखों लोगों के आस्था और विश्वास का केंद्र दिउड़ी दुर्गा देवी का पूजा आने वाले भक्तों के लिए श्रद्धा पूर्वक करें। किसी भी रूप में बाहरी दिगभ्रमित करने वाले लोगों के बहकावे में न आवें। सरना और सनातन का पवित्र संगम शायद देश के लिए एक पहला ऐसा मंदिर है जहां पाहान और पंडा एकसाथ भक्तों के लिए बड़े ही भक्ति भाव से करते हैं। चाहे यह पवित्र स्थल दिउड़ी मंदिर के रूप में जाने या फिर दिउरी दिरी सरना स्थल के रूप में जाने आखिर मां तो मां हैं। सरना और सनातन भाईयों को किसी को कोई आपत्ति नहीं होती है। कहीं न कहीं बाहरी वैसे लोग जिसकी ये संबंध (सरना सनातन) अच्छा नहीं लगता है माता के दरबार में विघ्न डालने का प्रयास करते हैं। हमारे सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास करते हैं। हर युग में ऐसा होते आया है। कुछ विघटन कारी शक्तियां खासकर हम आदिवासियों को भटकाने का काम लगातार कर रहे हैं जिसे समझने की जरूरत है। कुछ लोग भड़काते हैं कि ये जमीन छीन जायेगा, लुट जायेगा, आप सब बेदखल हो जाओगे जबकि ऐसा कुछ भी होने वाला नहीं है। वर्षों से मैं देख रहा हूँ ये जमीन वहीं का वहीं है और वहां के लोग भी जिस व्यवस्था में थे उसे कोई नहीं छीना है। सरकार आम जनों और भक्तों के लिए बस कुछ व्यवस्था बनाती है कि यहां आने वाले भक्तों को पूजा पाठ के साथ ही कुछ अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो यहां के लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिल सके। भक्तों द्वारा चढावा के रूप में दिए दान की राशियों का मंदिर और मंदिर परिसर के विकास में सदुपयोग कैसे हो। किसी भी रूप में सरना सनातन का भाव के साथ खिलवाड़ न हो। ट्रस्ट के बैठकों में कमिटी के सदस्यों जैसे दिउड़ी के ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, मुखिया पंचायत समिति के सदस्य, जिला परिषद सदस्य सहित मुख्य पाहान, मुख्य पुजारी, तमाड़ राजा सत्येंद्र नाथ शाहदेव, अध्यक्ष के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी, सचिव अंचलाधिकारी, सदस्य में थाना प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य को खुलकर विचार रखने की अनुमति दी जाती है ताकि किसी भी रूप में प्राचीन कालीन दिउड़ी दुर्गा मंदिर के आस्था और पूजा के परंपरा में छेड़छाड़ न हो लोगों के भावनाओं पर चोट न पहुंचे। ट्रस्ट के लोगों को दिउड़ी मंदिर या दिउड़ी दिरी के नाम पर कोई आपत्ति नहीं है। सरना झंडा पर भी आपत्ति नहीं हुआ है। लेकिन कष्ट तब होता है जब युगों युगों से चली आ रही माता के दरबार को कुछ सामाजिक को तोड़ने वाली शक्तियों के द्वारा ये कहा जाता है कि यहां बजरंग बली झंडा नहीं लगेगा, यहां भगवा झंडा नहीं लगेगा जबकि उनको मालुम होना चाहिए कि यही एक ऐसा पवित्र पूजा स्थल हैं जहां पाहान और पंडा मां और बाबा भोले नाथ का पूजा एक साथ करते हैं। मंदिर में जहां पहला पूजा पाहान द्वारा किया जाता है तो वहीं उसके बाद पंडा का प्रवेश होता है। कोई भी भक्त आज तक ये नहीं कहा है कि मैं मां का पूजा पाहान से नहीं कराऊंगा या कोई ये भी नहीं कहा कि मैं पंडा से पूजा नहीं कराऊंगा। भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह मुंडा के साथ मंदिर के मुख्य पाहान सुखराम मुण्डा, मुन्ना मुंडा, मुख्य पुजारी नरसिंह पंडा के अलावा मनोज पंडा, तुलसी मुंडा शामिल थे।

## बानाबुरु महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड की हुई वार्षिक आमसभा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बानाबुरु महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड का वार्षिक आम सभा का आयोजन कंपनी के कौशल विकास केंद्र, बुंडू में किया गया जिसमें फार्मर प्रोडूसर कंपनी के डायरेक्टर किरण देवी, रेखा देवी, सनोका देवी के द्वारा पिछले वितीय वर्ष का लेखा जोखा एंव अगले वर्ष की कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण सभी अंशधारकों के बीच किया गया। कार्यक्रम में एफटीसी आलम अंसारी, रामेश्वर सिंह मुंडा,एफपीसी प्रबंधक प्रभा कुमारी, एफपीसी कोऑर्डिनेटर विश्वामित्र महतो, लेखापाल रोमोला कुमारी, पांचाली देवी, खगेश्वरी देवी, राजमुनि देवी, एकेएम,एपीएस,एभीएम एंव सैकड़ों सखी मंडल की महिला किसान दीदी कार्यक्रम में उपस्थित हुई।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन खूंटी के जिलाध्यक्ष बने ललित



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला अंतर्गत रनीया प्रखंड के खटंगा में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की एक बैठक हुई! बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू उपस्थित हुए! बैठक में उपस्थित सभी स्वजातियों के आग्रह पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने ललित नाग को जिलाध्यक्ष घोषित किया और कहा कि तेली समाज लगातार पिछड़ता जा रहा है! लगातार पिछड़ने का मुख्य कारण है राजनीतिक जागरूकता से अनभिज्ञ रहना! पिछड़ापन से मुक्त होने के लिए राजनीतिक क्षेत्र में किंग या फिर किंग मेकर बनना ही होगा! जिलाध्यक्ष घोषित होने पर स्वजातियों ने ललित नाग को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं!

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 11 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in
09

## रांची के अक्षत आरोग्यम की ओर से गया में आयोजित क्लीनिंग थेरेपी शिविर का समापन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची अक्षत आरोग्यम की ओर से बिहार के गया शहर में आयोजित तीन दिवसीय क्लींजिंग थेरेपी शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। इसमें वाराणसी के प्रसिद्ध प्राकृतिक चिकित्सक डॉ संतोष पांडे के साथ ही डॉ अवनींद्र सिंह, सुधींद्र कुमार, राकेश रंजन एवं हेमंत किशोर सुपर क्लीनिंग थैरेपिस्ट की टीम ने शिविर में आए कुल 14 असाध्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों की क्लीनिंग थेरेपी के माध्यम से उपचार किया और प्रशिक्षण दिया। इनमें से दो लकवा से ग्रसित, चार गॉल ब्लैडर स्टोन के साथ फैटी लीवर, हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, किडनी और हार्ट के रोगी शामिल थे। आयोजक सुधींद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों, चिकित्सकों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि खुद स्वस्थ व प्रसन्न रहते हुए प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से समाज को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। हमारे मेंटर डॉक्टर पीयूष सक्सेना के 'दवा मुक्त भारत अभियान' और 'हृदय रोग मुक्त भारत अभियान' को सफल बनने में एक स्वयंसेवक के रूप में सहयोग करें। गौरतलब हो कि डॉ पीयूष सक्सेना के मार्गदर्शन में लोगों में प्राकृतिक चिकित्सा एवं क्लींजिंग थेरेपी के बारे में जागरूकता के लिए क्लीनिंग थेरेपी कैंप भारत के विभिन्न शहरों में नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

## रातू के हुरहुरी में 15 सितंबर को होगा अंजुमन कमेटी का चुनाव, तैयारियां पूरी

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हुरहुरी नूर मस्जिद अंजुमन कमेटी के चुनाव की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी हैं। 15 सितंबर को प्रखंड अंजुमन कमेटी की देखरेख में कमेटी का चुनाव होगा। जिसकी सूचना प्रशासन को भी दे दी गयी है। 15 को मदरसा में आयोजित होने वाले इस त्रिवार्षिक चुनाव में नूर मस्जिद के लोग शामिल होंगे। जो सदर, सेकेट्री, खजांची उप सदर व उप सेकेट्री पदो में खड़े प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करेंगें। इसके लिए चुनाव कमेटी का भी गठन किया गया है। सदर के लिए 5 हजार, सेकेट्री 4 हजार व उप सदर, उप सेकेट्री व खजांची के लिए 3 हजार रुपया नामांकन फीस रखा गया है। मंगलवार को नामांकन का आखिरी दिन था। बुधवार को नाम वापसी और 12 सितंबर को चुनाव चिन्ह के साथ मतदाता पर्ची दी जायेगी। प्रचार प्रसार के दौरान प्रत्याशियों की ओर से वोटरों के बीच रुपये की लेन देन व प्रलोभन देने की जानकारी होने पर चुनाव कमेटी द्वारा उक्त उम्मीदवार का नामांकन रद्द कर दिये जाने की बात कही गयी है। दूसरी ओर, नूर मस्जिद अंजुमन कमेटी के पांच पद के लिए 10 लोगों ने नामांकन किया है। जिसमें सदर के लिए रजब अली व नौशाद आलम, सचिव के लिए इमरान खान व बारीक अंसारी, उप सदर के लिए रिजवान अंसारी व अख्तर अंसारी, उप सचिव के लिये आशिक अंसारी व तालिब अंसारी और खजांची के लिए मुबारक अंसारी व मुस्ताक अंसारी शामिल है।

## पलाश झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के जेंडर रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में मंगलवार को पलाश झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के जेंडर रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन जिला परिषद पूनम देवी, प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप, उपप्रमुख अफसाना परवीन और बीडीओ दीपाली भगत ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने कहा कि समवेशी विकास को बढ़ावा देने के माध्यम से गरीबी को कम करने के लिए एक लैंगिंग न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना, जहां महिलाओं का समान अधिकार प्राप्त हो, अधिकारों तक पहुंच हो, बोलने की स्वतंत्रता हो और किसी भी प्रकार की हिंसा और भेदभाव से मुक्त गरिमा का जीवन हो यही सोसायटी का उद्देश्य है। एक छत के नीचे घरेलु और सावर्जनिक जीवन में दोनों जगहों पर हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एकीकृत कानूनी मनोवैज्ञानिक परामर्श की सुविधा और महिलाओं के हिंसा के खिलाफ न्याय दिलाने,चिकत्सा, कानूनी, मनोवैज्ञानिक और परामर्श सहायता देना पलाश का लक्ष्य रहेगा। मौके पर अनिकेत जयसवाल, नूपुर, अंसू, रीना लिंडा, अदीबुल आफरीन, बीपीएम नीतीश कुमार, नगड़ी संकुल संगठन की अध्यक्ष अनीता देवी और रीना देवी आदि उपस्थित थे।

## तालाबंदी कर बेमियादी हड़ताल पर गये बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रांची वेटनरी कॉलेज के विद्यार्थी



**कांके (आजाद सिपाही)।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रांची वेटनरी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे और अधिष्ठाता डॉ सुशील प्रसाद के छात्रों के प्रति उदासीन रवैये से परेशान-नाराज होकर मंगलवार से कॉलेज में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। छात्रों ने सभी विभागों और ओपीडी कॉम्प्लेक्स में तालाबंदी कर दी। इस दिन सुबह आठ बजे विद्यार्थी कॉलेज जाने वाले मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर धरने पर बैठ गए। इस कारण ओपीडी सेवाएं के साथ ही शिक्षण कार्य भी पूरी तरह से ठप हो गया। उन्होंने एक भी शिक्षक और कर्मचारी को अंदर नहीं जाने दिया। लेकिन आकस्मिक सेवा पशुओं की देखभाल कार्य आदि को बाधित नहीं किया। बाद में डीन डॉ सुशील प्रसाद और डीन पीजी डॉ एमके गुप्ता ने छात्रों से बात कर तालाबंदी और हड़ताल खत्म करने की अपील की। लेकिन विद्यार्थी विश्वविद्यालय और कॉलेज प्रशासन की उदासीनता को लेकर खासे नाराज थे। कहा कि कई आवेदनों के बाद भी उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। कहा कि वे सभी बिना मांग पूरी हुए हड़ताल को समाप्त नहीं करेंगे। वे इसे लेकर कुलपति डॉ एससी दुबे से वार्ता करना चाह रहे थे। लेकिन डीन ने बताया कि उनसे केवल कुछ छात्र ही मिलकर अपनी बात रख सकते हैं। उधर, मांगों को लेकर छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिला और उनसे पहल करने का आग्रह किया। कृषि मंत्री ने वीसी को फोन कर छात्रों की मांग के संबंध में एक प्रस्ताव बना कर उनको देने का निर्देश दिया। वहीं, विद्यार्थियों ने कहा कि उनका आंदोलन बुधवार को भी जारी रहेगा।

# डायन बिसाही के संदेह में पीट-पीटकर महिला की हत्या

## मुन्नी की देवरानी की हुई मौत के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए रिश्तेदारों ने ही ली जान

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के हरिहरपुर जाम टोली पंचायत के भसनंदा गांव में डायन बिसाही का आरोप लगा कर रिश्तेदारों ने ही 47 वर्षीय एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसकी पहचान मुन्नी उराईन के रूप में हुई है। घटना सोमवार की रात 11 बजे की बताई जा रही है। इस बाबत मृतिका के बेटे सुमित उरांव ने पांच आरोपियों के खिलाफ थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। उसने बताया कि उसके चाचा व उनके बेटे धापा उरांव, मंगल उरांव, सोमरा उरांव, राजू और बबलू उरांव मिल कर उसके घर पर धावा बोल दिया और दरवाजा तोड़कर घर में घुसे और बिस्तर पर सोई बीमार मां की लाठी-डंडे व लात घुसे से पीटकर हत्या कर दी। यही नहीं, मां को बचाने गये पिता मंगरा उरांव की भी बुरी तरह पिटाई कर दी। जिससे वे भी घायल हो गए। चाचा व उनके बेटे आरोप लगा रहे थे कि मेरी मां ने जादू टोना कर दिया था, जिससे चाचा सुकरा उरांव की पत्नी बुधन उराईन की शनिवार को मौत हो गई जो बीमार थी। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी नकुल साह, एसआई अनिल टोप्पो सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। वहीं घटना को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है। समाचार लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

## नामकुम में प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का समापन

# आजकल नौकरी में भी खेल को मिल रही है प्राथमिकता : मनोज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का का समापन मंगलवार को जैक मैदान में हुआ। जिसमें में फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ आदि कई तरह के खेल शामिल थे। प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैंपियन हंसराज वाधवा की टीम रही। जबकि कस्तूरबा गांधी, प्रकाश हाई स्कूल, प्रोजेक्ट हाई स्कूल, सिंगर सराय स्कूल के छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मनोज कुमार सिंह ने विजयी टीम को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल स्वास्थ की दृष्टि से सबसे उत्तम साधन है। स्वास्थ अच्छा रहेगा तो पढ़ने में मन भी लगेगा। आजकल खेल की प्रथमिकता नौकरी में भी है। इसलिए कदम ऐसे चलो की निशान बन जाए, काम ऐसे करो की पहचान बन जाए मंत्र के साथ आगे बढ़ना है। मौके पर नामकुम प्रखंड बीपीओ विजय कुमार, आशीष कुमार, भूषण कुमार, शशांक यादव, प्रभात रंजन, मोनिका टुडू, निरंजन प्रताप, वीरेंद्र कुमार, राणा कुमार, अनिमेष कुमार आदि शामिल हुए।



विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते राज्यसभा सांसद मनोज सिंह।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 107 आवेदन आये, अधिकांश का किया गया समाधान

**मांडर (आजाद सिपाही)।** डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर मंगवार को मांडर थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मांडर. चान्हो और ठाकुरगांव थाना क्षेत्रों से आये 107 याचिकाओं पर सुनवाई की गई। इस दौरान मांडर थाना के कुल 58, चान्हो के 41 और ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के 8 याचिका पर जन सुनवाई हुई। जिसमें से पहली याचिका मांडर थाना क्षेत्र के करगे निवासी शंकर टोप्पो द्वारा रांची डीएसपी राम नारायण चौधरी को दिया गया। जिसके बाद तत्काल प्रभाव से शंकर टोप्पो की आचरण सबंधित याचिका का त्वरित निष्पदान किया गया। उसी तरह चान्हो थाना क्षेत्र की याचिका मो इस्माइल ने दिया। इसके अतिरिक्त अमृता देवी व सुखदेव महली की याचिका का भी तत्काल प्रभाव से निष्पादन किया गया, जबकि ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के दो मामलों का निष्पदान किया गया। जबकि दो याचिका स्थानांतरित किया गया।

## पारंपरिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता झारखंडी संस्कृति को बचाने का बन सकता है माध्यम: राजेश कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी।** रांची के अनगड़ा स्थित बरवाटोली विवेकानंद सेवा केंद्र ने रामकृष्ण मिशन आश्रम के मार्गदर्शन में पारंपरिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अलावा झारखंड सरकार के पंचायती राज्य निदेशक निशा उरांव, स्वामी भक्तिशानंद जी महराज रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबदी, अनगड़ा पूर्वी के जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्वजों से धरोहर के रुप में मिले इस कला संस्कृति के प्रति नयी पीढ़ी को जागरूक करना था। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि हमें अपने पहचान को बनाये रखने के लिए इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जगह - जगह कर युवा पीढ़ी को जागरूक करने की आवशयकता है। ऐसा आयोजन हमारे सास्कृतिक को बचाने का अच्छा माध्यम हो सकता है। कहा कि हड़िया हमारा प्रसाद है और प्रसाद को प्रसाद के रूप में ही लेना चाहिए, ताकि भगवान का आशीर्वाद हम पर सदा बना रहे। वहीं, निशा उरांव ने कहा कि हम सब आदिवासी हैं। हम पूरे परिवार खुशी के समय में एक साथ मिलकर बाध्य यंत्रों के साथ नाच गान करते हैं। हमारा नाचना एवं गाना ही एक आदिवासियत की पहचान हैं इसे बचाकर रखने की आवश्यकता है। वहीं, कार्यक्रम में वेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमों में प्रथम नवागढ़ खक्सी चोली को नगद पुरस्कार 3501 रुपए, द्वतिय पुरस्कार हुंजरू जारा को नगड़ा, एवं तृतीय पुरस्कार बंधुवाडीह को ढोलक देकर सम्मानित किया गया।

## बंद के समर्थन में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा ने निकाला मशाल जुलूस

**लापुंग/बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा ने बुधवार को झारखंड बंद बुलाया है। इससे पूर्व मंगलवार की शाम बिरसा चौक में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्षता कमलेश्वर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मशाल जुलूस निकाला गया। मौके पर सचिव बिरसा मुंडा, जयंत बारला, एतवा मुंडा, सीताराम दास, पारस नाथ दास, आनंद बड़ाइक, हबील कच्छप आदि शामिल थे। वहीं, बेड़ो में भी मशाल जुलूस निकाला गया। आंदोलनकारियों ने बुधवार को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक संपूर्ण झारखंड बंद की घोषणा किया। मोर्चा के अध्यक्ष जुगेश उरांव ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी की मांग को सरकार जब तक संज्ञान में नहीं लेती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर धनंजय राय, पीटर तिर्की, कुंवर मिंज,सहिंद्र लकड़ा आदि थे।

## केदल आरटीसी पब्लिक स्कूल में विजेताओं को किया गया सम्मानित

# बच्चों को मोबाइल से दूर रह कर पढ़ाई पर ध्यान देने की जरूरत: रणधीर चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** केदल आरटीसी पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रणधीर चौधरी भी शामिल हुए। उन्होंने विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए केक काटा गया। रणधीर चौधरी ने कहा कि आज के विद्यार्थि अपना कीमती समय पढ़ाई से ज्यादा मोबाईल पर व्यतित कर रहे हैं। जिस कारण वे अपने लक्ष्य से भटक रहे हैं। बच्चों को मोबाईल से दूर रह कर पढ़ाई पर ध्यान देने की आवश्यकता है। बतातें चलें कि पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कूल की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिसके विजेताओं को इस दिन कलम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य सुरेश प्रसाद, हरिलाल राणा, बलराम महतो, युगल किशोर, ओम प्रकाश महतो, नागेश्वर साहू, अंगद महतो, विंदेश्वर महतो, आकाश कुमार, नरेश मुखियार, रेखा कुमारी, रूपल कुमारी, बसंती, किरण, ज्योति, कोकिला आदि मौजूद थे।



सम्मान कार्यक्रम का उद्घाटन करते भाजपा नेता रणधीर चौधरी व अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का समापन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में बेड़ो प्रखंड संसाधन केंद्र के तत्वाधान में खेलो झारखंड 2024-25 के तहत आयोजित दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। इसमें 14,17 व 19 वर्ग के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेता छात्र-छात्राओं को विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। प्रखंड स्तर पर मध्य विद्यालय उच्च विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं, बीपीओ विकास भूषण ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके प रबीपीओ देव कुमार, अरुण कुमार साहू, आनंद साहू, शैलेंद्र सिंह, सुशील कच्छप, मृणाल मोहन खलखो, सुषमा टोप्पो, अनामिका तिर्की, प्रकाश पवार, अनिल खलखो, प्रवीण सुचित बाजराय, राखी जयसवाल, मो आदिल आदि मौजूद थे।

### लापुंग में आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का हुआ समापन

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड खेलो 2024 के तहत आयोजित प्रकंड स्तरीय कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसका उद्घाटन थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव, प्लस टू उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय, सापुकेरा मुखिया सविता उरांव, लापुंग डीडीओ शिव प्रसाद महतो, बीपीओ लीलावती तिर्की ने संयुक्त रूप से किया। इस खेल प्रतियोगिता में 100 से 800 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लॉन्ग जम्प, वाली बोल, खो खो, कबड्डी, इस प्रतियोगिता में अंडर 14 से 19 वर्ष के छात्र-छात्राओं के बीच खेला गया। विजेता प्रथम, दितीय व तृतीय को प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्राफी दी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय कुमार शहर, विनोद भगत, खेल शिक्षक, आशा ज्योतिष, रेखा, दिलीप सिंह, भुवंजय साहू, सुनील, संजय महतो आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### आज से मांडर में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट-2024, 16 टीमें हो रही शामिल

**मांडर (आजाद सिपाही)।** नगड़ा पंचायत और खान ब्रर्दश मांडर के संयुक्त तत्वावधान में रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के गोरे गांव में बुधवार से पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है, जिसका उद्घाटन मुखिया बहादुर उरांव सुबह 10 बजे करेंगे। शैफ खान, वाजिद खान और अफजल खान ने बताया कि इसमें कुल 16 टीमें शामिल होंगी। टूर्नामेंट का दो सेमीफाइनल और फाइनल 17 सितंबर को होगा। वहीं, विजेता को एक लाख रुपए नगद व ट्रॉफी, उपविजेता को 70 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी दी जाएगी। वहीं, तृतीय और चतुर्थ स्थान पानेवाले टीम को 10-10 हजार रुपए नगद व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द सिरीज होने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### उम्मीद है संदीप व मुकेश समाज के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे : राजू नायक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजसू के केंद्रीय सदस्य राजू नायक ने घासी समाज युवा कल्याण समिति का संदीप टाइगर नायक को अध्यक्ष और मुकेश कुमार नायक को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि घासी समाज के युवाओं को हर स्तर पर सशक्त बनाने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें एक बड़ी जिम्मेवारी सौंपी गई। आशा है समाज के उत्थान को लेकर वे हमेशा तत्पर रहेंगे। वहीं, योगेंद्र नायक, बासुदेव नायक, अशोक घासी, कैलाश घासी, दीपक कुमार घासी, महेश नायक आदि ने भी बधाई दी है।

### सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे की हुई मौत

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गोविंद नगर चौक में गत 8 सितंबर को सड़क दुर्घटना में घायल 12 वर्षीय प्रियांशु कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस तरह अब तक दुर्घटना में घायल तीन लोगों की मौत हो चुकी है। मामले को लेकर मृतक प्रियांशु की मौसी किरण कुमारी ने प्राथमीकी दर्ज कराया है। किरण ने बताया की 8 सितंबर की दोपहर उसके पिता गोपीचंद साह, मां रासमणि देवी एवं भतीजा प्रियांशु कुमार गणेश पूजा देखकर रातू काठीटांड से अपने घर तिलता लौट रहे थे। तभी तेज गति से आ रहे एक वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया था, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ईलाज के क्रम में दो की मौत उसी दिन हो गई थी. जबकि भतीजा प्रियांशु ने सोमवार को दम तोड़ दिया।

# रातू व बेड़ो प्रखंड में जन शिकायत समाधान का आयोजन, जमीन विवाद सहित मिले 58 आवेदन

**लगायी न्याय की गुहार, डीएसपी अरविंद कुमार ने सुनी फरियाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रांगण में मंगलवार को जनता की समस्याओं के निराकरन के लिये एक दिवसीय जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यालय डीएसपी 2 अरविंद कुमार मौजूद थे। उन्होंने शिवर में आये लोगों की फरियाद सुनी और परेशानियों पर त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में अधिकांश मामले जमीन विवाद से जुड़े थे। जन शिकायत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान 32 लोगों ने अपनी- अपनी समस्याओं से जुड़े मामले का आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। पुलिस की ओर से आवेदकों को पावती रसीद भी दी गयी है, जिसमें आवेदन संख्या अंकित था। प्राप्त आवेदन पत्र की जानकारी पुलिस विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा, जिससे आवेदक अपने आवेदन पर पुलिस द्वारा की जा रही कारवाई की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान सुनवाई में सीओ रवि कुमार, डीएसपी अरविंद कुमार, थानेदार रामनारायण सिंह, सब इंस्पेक्टर विशेस्वर राय, निरंजन कुमार, अवधेश पाठक, आशिष कुमार व एएसआई मनोज कुमार शामिल थे।



### आवेदनों की त्वरित गति से होगी जांच





**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में मंगलवार को जनशिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित की गयी, जिसमें डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर की मौजूदगी में ग्रामीणों ने विभिन्न मामलों से जुड़े नरकोपी व बेड़ो थाना के कुल 26 आवेदन दिए। इसमें बेड़ो के 22 व नरकोपी थाना क्षेत्र के 4 आवेदन शामिल थे। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि सभी आवेदनों की जांच करने का जिम्मा पुलिस पदाधिकारियों को सौंपी गई है। जिसका त्वरित गति से जांच की जाएगी। मौके पर डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर, पुलिस निरीक्षक उत्तम उपाध्याय,सीओ प्रताप मिंज,बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह,नरकोपी थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान व एएसआई अक्षय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# जन शिकायत समाधान शिविर में आइजी और एसपी ने सुनी फरियाद, 355 शिकायतें आयीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पलामू जिले में भी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिले के पांचों पुलिस अनुमंडल स्तर पर अलग अलग क्षेत्र में पूर्वाहन 12 बजे से इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया था। सभी शिकायतें पलामू रेंज के आइजी नरेन्द्र सिंह, एसपी रीष्मा रमेशन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणिभूषण प्रसाद ने सुनी औ? निदान करने की कोशिश की। ऑफलाइन और ऑनलाइन शिकायतों की झड़ी लगा दी गयी। कई शिकायतों पर ऑन द स्पॉट निदान किया गया, जबकि कुछ को निर्धारित समय में एक्शन की जानकारी दी जायेगी।

डालटनगंज पुलिस अनुमंडल स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन मेदिनीनगर के बेलवाटिका के गुरु तेग बहादुर हाल में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पलामू रेंज के पुलिस महानिरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह, एसपी रीष्मा रमेशन, एसडीपीओ सदर मणिभूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार, एलआरडीसी प्यारेलाल, डीएलएसए के अधिकवक्ता समेत पुलिस और सिविल प्रशासन के कई पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर दो हेल्प डेस्क बनाए गए थे।

**अधिकतर जमीन विवाद के मामले,सदर थाना को ग्रामीण क्षेत्र में शिफ्ट करने की मांग :** जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में जमीन विवाद के अधिकतर मामले आए। इसी तरह यातायात, बिजली बिल, डायन प्रथा, केस के अनुसंधान में सुस्ती, प्रताड़ना, चोरी, प्राथमिकी दर्ज करने के बाद भी कार्रवाई नहीं करने सहित कई अन्य तरह के मामले सामने आये। शिकायत करके जल्द समाधान करने का आग्रह किया गया।

शाम पांच बजे तक चले शिविर में 355 शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें से 71 का निष्पादन किया गया. 11 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गयी। इससे पहले 5 से 9 सितम्बर तक 238 आवेदन आए, जिसमें से 124 का निपटारा किया गया। 114 लंबित है। पहाड़ी मुहल्ला के जाहिद खान ने यातायात के लिए आग्रह किया है। कन्नीराम चौक से लेकर जयभवानी चौक तक स्कूल बस आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने पुलिस जवानों को कन्नीराम चौक पर रहने की बात कही। एसपी ने आश्वास दिया कि सहायक पुलिस के लोग हड़ताल पर थे। वहां पर जवानों को डयूटी दी जायेगी। पाटन थाना क्षेत्र के लोइंगा पंचायत की तारो देवी ने कहा कि गांव के लोग उसे डायन कहकर वहां से मारपीट कर बाहर भगाना चाहते है। तारा देवी के एक बेटा की 2015 में मौत हो गयी थी। इसके लिए भी गांव के लोग तारा देवी को



ही डायन बताकर तंत्र विद्या से अपने बेटे को मार देने का आरोप लगाते हैं। इस मामले में दोनों तरफ से केस किया गया है। डीएसपी मणिभूषण ने आश्वासन दिया कि इस केस का अनुसंधान कर लिया हूं। इसका जवाब एक से दो दिन में दिया जायेगा। इसके बाद कार्रवाई की जायेगी। इसी तरह चैनपुर थाना क्षेत्र के सलतुवा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटीन की प्रधानाध्यापक रानी गुप्ता ने बताया कि 4.9.2024 को की गई शिकायत में अबतक चैनपुर पुलिस कार्रवाई नहीं की है। स्कूल की रसोइया कुंती देवी के साथ जुड़ा हुआ मामला है। कुंती के साथ एक शराबी युवक एवं उसका छोटा बेटा शर्मा ने दुव्यर्वहार किया था. मोबाइल छीन लिया था। स्कूल की चाभी भी लूटने की कोशिश की थी। काफी देर तक हंगामा हुआ था। चैनपुर थाना प्रभारी ने कहा कि इसका निदान जल्द से जल्द किया जायेगा। हाल के दिनों में मेदिनीनगर के बीएन कॉलेज एवं कुम्हार टोली में चोरी की घटना हुई है। चोरों को पकड़ लिया गया है, लेकिन चोरी किए गए जेवरात को अभी तक बरामद नहीं किया गया है। इस पर एसपी ने आश्वासन दिया कि एक सोनार जो घटना में शामिल है, उसको पकड़ लिया गया है, लेकिन तीन आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ कर सामान की बरामदगी कर ली जायेगी। छतरपुर की मुन्नी देवी और उसके परिवार के सदस्यों को एसपी ने समझाया। दरअसल मुन्नी के पति नरेशन ठाकुर को 24 दिसंबर 2023 को सैलुन से आने के क्रम में गोली मार दी गयी थी। रांची रिम्स में 25 दिसंबर को उनकी मौत हो गयी थी। 28 दिसंबर को नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बावजूद 8 माह बीत जाने के बाद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। हत्या मामले का उदभेदन नहीं हुआ। न्याय नहीं मिलने के कारण मुन्नी देवी अपने परिवार के साथ 20 सितंबर को आत्मदाह की तैयारी की थी। एसपी ने बताया कि छतरपुर के एसडीपीओ छूट्टी पर हैं, 15 सितंबर को उनके आते ही 25 सितंबर तक घटना का अनुसंधान कर आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। इसी तरह नूरी मस्जिद रोड के इसराइल आजाद उर्फ मिंटू के घर पर कुछ दिन पहले सोनू नामक व्यक्ति ने गोली चलायी थी। इस पर मिंटू ने शहर थाना में आवेदन दिया था। एसपी ने बताया कि इस मामले में अनुसंधान किया गया है। इसमें मुख्य बात सामने आयी है कि चैनपुर में जमीन के लिए रंगदारी मांगी गयी थी, नहीं देने पर गोली चली। आरोपी के रिश्तेदार के यहां छापामारी की गयी थी, लेकिन वहां से कुछ नहीं मिला।

### सदर थाना को चियांकी शिफ्ट किया जाये: प्रेम प्रकाश

सदर प्रखंड बीस सूत्री के सदस्य एवं पूर्व मुखिया प्रेम प्रकाश ठाकुर ने कहा कि सदर थाना को चियांकी शिफ्ट किया जाए। सदर थाना का संचालन निगम क्षेत्र में किया जाता है, जबकि यह थाना ग्रामीण क्षेत्र का है। सदर थाना शहर थाना अंतर्गत आने वाले भूभाग पर पड़ता है, जो सही नहीं है। चियांकी शिफ्ट होने से लोगों को सहुलियत होगी।

## कल से एनएच 139 की मरम्मती शुरू नहीं हुई तो होगा चक्का जाम : कमलेश यादव



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** अगामी 12 सितंबर से शहर के एनएच 139 की मरम्मती कार्य शुरू नहीं होने पर राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। मंगलवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि एक सप्ताह पूर्व शिवालया कंपनी के द्वारा 12 सितंबर को सड़क मरम्मती कराने का आश्वासन मिला है। इसके बावजूद मरम्मती कार्य शुरू नहीं हुई तो 13 सितंबर को भारी वाहनों का चक्का जाम किया जायेगा। जिसकी जिम्मेवारी शिवालया कंपनी की होगी।उन्होंने कहा कि शहर में एनएच 139 की बदहाली से लोग काफी परेशान हैं। शहर के मछली गली स्थित एनएच 139 सड़क संकीर्ण होने के साथ उसमें बड़े बड़े गड्ढे से जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। इससे लोग घंटो तक जाम में फंसे रह रहे हैं। इस दौरान आपातकालीन वाहनों को भी जाम से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे प्रस्थिती में सड़क की मरम्मती नहीं हुई तो निश्चित तौर पर 13 को चक्का जाम होगा।

## विश्रामपुर के विकास बक्सराय को मिला नेशनल फायर एंड सेफ्टी का सेफ टेक अवार्ड



**विश्रामपुर-पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर राज परिवार के सदस्य गजेंद्र बक्सराय उर्फ बबन जी के ज्येष्ठ पुत्र विकाश बक्ससराय उर्फ चंचल जी को राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित सेफ टेक 2024 का मिला है। मुंबई के ताज होटल में आयोजित भव्य समारोह में भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह अवार्ड विकाश बक्स राय को प्रदान किया। विकाश बक्स राय अभी राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त नेशनल फायर एंड सेफ्टी कॉलेज नागपुर के निदेशक हैं। बाल्यकाल से कुशाग्र बुद्धि व स्वभाव से चंचल को कुछ विशेष करने की तमन्ना ने उन्हे प्रारंभिक शिक्षा हासिल करने के बाद उच्चतर शिक्षा हेतु महानगर चले गए। अध्यापन पूरा करने के बाद उन्होंने नागपुर के नेशनल फायर एंड सेफ्टी कॉलेज में अपनी सेवा देना शुरू किया। जल्द ही वे इस कॉलेज के निदेशक बन गए। अपने कार्यकाल मे इन्होंने इस कॉलेज को राष्ट्रीयस्तर का दर्जा दिलाने में कामयाबी हासिल कर ली। इस क्रम में उन्होंने अपने संस्थान को भारत सरकार के उपक्रम ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ऑफ नागपुर से संबद्धता प्राप्त कर ली। इसके बाद वे एक दशक से भी कम समय में सफलता के उच्च शिखर तक पहुंचने में देर नहीं की। उनकी इस सफलता के सफर पर विश्रामपुर राजघराना के सारे सदस्य प्रसन्न हैं। स्थानीय लोगों में भी विकाश की इस कामयाबी से खुशी की लहर व्याप्त है।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के माध्यम से होगा विवादों का त्वरित निपटारा : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल मुख्यालय स्थित जनता प्लस टू हाई स्कूल परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्रामपुर एसडीपीओ सह आईपीएस राकेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। एसडीपीओ राकेश सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा शुरू किया गया यह जागरूकता अभियान ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए ज्यादा लाभकारी है। क्षेत्र के छोटे- छोटे विवादों का त्वरित निष्पादन इस कार्यक्रम के माध्यम से हो जायेगा। उन्होंने लोगों से इस कार्यक्रम से जुड़कर लाभ



उठाने का अपील किया.कार्यक्रम के दौरान कुल 40 आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमे से ज्यादा मामला जमीनी विवाद का था,जिसे संबंधित विभाग को अग्रेषित किया गया। कुछ मामलों का निपटारा ऑन द स्पॉट भी किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र- छात्राओं व स्थानीय लोगों को नए कानूनों के बारे में बताया गया। इसके अलावा साइबर अपराध से बचने की भी विशेष जानकारी दी गयी। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान,जनता प्लस टू हाई स्कूल के प्राचार्य डॉ भोला कुमार राय, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे, पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ, नावा बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार, उंटारी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, नौगढा ओपी प्रभारी अनिल कुमार, नावाडीह ओपी प्रभारी हर्षवर्द्धन, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बाक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, देवनाथ यादव, समाजसेवी विजय कुमार रवि सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## पीपरा में किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए किया गया प्रेरित



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** आत्मा पलामू के सौजन्य से मंगलवार को पीपरा प्रखंड क्षेत्र के तेंदुई पंचायत अंतर्गत कोदवरिया गांव में कृषकों को मोटे अनाज में मडुआ की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान प्रशिक्षनार्थियों को मडुवा की खेती करने से फायदे के बारे में बताया गया। साथ ही किस जमीन पर खेती की जाती है और बीज का उपचार खेतों में कैसे होता है की विधि आदि विस्तारपूर्वक बताया गया। वहीं सुनीता देवी के खेत में 20 से 25 सेमी. की दूरी पर मडुवा की बिचड़ा लगा कर विधि बताई गई। इस दौरान किसानों से संबंधीत राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस मौके पर पीपरा प्रखंड एटीएम रंजीत कुमार, कृषक मित्र संतोष कुमार, नंदू उरांव और कई किसान उपस्थित थे।

## गणपति विसर्जन को लेकर निकाली गयी शोभायात्रा



**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)।** गणपति पूजा समिति लक्ष्मण घाट के द्वारा गणपति विसर्जन को लेकर मंगलवार को भव्य शोभायात्रा निकाला गया। जिसमें सैकड़ो महिलाएं पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। शोभायात्रा लक्ष्मण घाट से शुरू होकर महावीर चौक मस्जिद मोहल्ला मेलाटांड़ पहुंची जहां से एन एच 75 होते हुए पूणः लक्ष्मण घाट पहुंचकर समाप्त हो गई। शोभा यात्रा में शामिल सभी लोग भक्ति गानों पर झूमते हुए और गणपति बप्पा मोरया का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। गुलाल उड़ाते हुए सभी भक्ति में लीन थे।बताते चले की गणेश चतुर्दशी के शुभ अवसर पर लक्ष्मण घाट सतबरवा के द्वारा तीन दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया था, इस दौरान पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना और आरती किया गया साथी महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। गणेश पूजा महोत्सव को सफल बनाने में पूजा समिति के सतन जायसवाल, सुजु प्रसाद,बबलू कुमार,दिलीप प्रसाद, पुटू प्रसाद,मनोहर यादव, भोलू कुमार, हिमांशु कुमार,सुमित, दर्जन ऑन कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा।

## शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी का शहादत दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदीक चौक स्थित कर्नल संजय अखौरी के आवास (शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी रोड) पर शहादत दिवस मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन एवं अध्यक्षता पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद की दादी दया चरण द्वारा शहीद के चित्र पर तिलक, धूप-दीप एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। पूरा परिसर भारत माता की जय, वन्दे मातरम् एवं शहीद मनु अखौरी अमर रहे के नारों से गुंजायमान हो उठा। ज्ञात हो कि शहीद मनु अखौरी का जन्म 21 फरवरी 1984 को पलामू के मेदिनीनगर में कर्नल संजय अखौरी एवं नीरा अखौरी के घर तीसरी संतान के रूप में हुआ था। शुरू से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी शहीद मनु अखौरी की प्रारंभिक शिक्षा सेक्रेड हार्ट स्कूल



से हुई। इसके बाद कक्षा 11-12 में पठानकोट आर्मी स्कूल से अच्छे मार्क्स से पास हुए। बाद में इन्होंने एनडीए ज्वाइन करने का सोचा और तीसरे प्रयास में सफल हुए। इससे पहले वे इंजीनियरिंग की पढ़ाई पुणे से कर रहे थे जो उन्होंने छोड़ दिया। इन्होंने राईडिंग और एयर फोर्स में एयर फोर्स को चुना तथा एयर फोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में 17 जून 2006 को ज्वाइन किये जो कि पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय था। अपने प्रशिक्षण पूरा करने के बाद एयर फोर्स के 17 स्क्वाड्रन में पोस्टेड हुए। वे रॉयल एयर फोर्स का खिताब अपने नाम किया। हमेशा से अपने कठिन मेहनत एवं दृढ़ इच्छा शक्ति से उत्तम स्थान प्राप्त किये। 10 सितंबर 2009 को युद्ध अभ्यास के दौरान पंजाब प्रांत के मुक्तसर जिले के भलाइयाना गांव में मिग-21 फाइटर प्लेन उड़ाते समय 1500 स्कूली बच्चों की जान बचाने में प्रशिक्षण के दौरान सीखे हुए चेट वुड मोड' के तहत इन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। आज हम उनकी शौर्यता को सलाम करते हुए नमन कर रहे हैं। मौके पर सुबेदार मेजर दयाशंकर शर्मा, सुबेदार मेजर सुनील कुमार सिंह, शंभू सिंह, व्यवसायी सुरेश जैन, सरस जैन, सुरेंद्र सिंह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, सुधीर कुमार सिंह सचिव पलामू क्रिकेट एसोसिएशन, अविनाश देव, निदेशक संत मरियम स्कूल, भाजपा नेता अविनाश वर्मा, अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रिंसिपल जनित फ्यूचर पब्लिक स्कूल, संजू शुक्ला, आनंद कुमार, अजय कुमार यादव काजल कुमारी, श्वेता कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

### रामगढ़ की खबर

## नहीं पहुंचे डीसी और एसपी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की बैठक रद्द



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा रामगढ़ जिले के दौरे पर पहुंची थी। मंगलवार को जहां एक तरफ मुख्यमंत्री जन समस्या समाधान कार्यक्रम को लांच कर रहे थे, वहीं आयोग की टीम भी जिले के विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी जुटाना में लगी थी। जिले के आला अधिकारियों ने दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए काफी मशक्कत की। डीसी और एसपी छावनी परिषद मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। डीडीसी और अन्य वरीय अधिकारी जिले के तमाम विभागों की रिपोर्ट लिए आयोग के सामने मौजूद थे। लेकिन डॉक्टर आशा लकड़ा डीसी और एसपी का चेहरा ढूंढ रही थी। काफी देर तक जब डीसी और एसपी वहां नहीं पहुंचे तो उन्होंने बैठक को रद्द करने का ही फैसला ले लिया। जब उन्होंने बैठक करने से इनकार किया तो जिले के अधिकारी सर्किट हाउस में ही उनके बुलावा का इंतजार करते रहे। काफी देर तक बैठने के बाद राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्या डॉक्टर आशा लकड़ा अपनी गाड़ी में बैठी और रांची की ओर निकल गयी।

# स्पोर्ट्स



नोएडा में कल (सोमवार) पूरी रात बारिश हुई। इस वजह से आज आउटफील्ड की काफी बुरी हालत हो गयी है।

## नोएडा स्टेडियम का बुरा हाल:वॉशरूम के पानी से धोये बर्तन, पंखे से सुखा रहे ग्राउंड, नहीं शुरू हो सका अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली ।** अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच ग्रेटर नोएडा में होने वाला क्रिकेट टेस्ट मैच दूसरे दिन भी शुरू नहीं हो सका। पहले दिन बारिश के कारण खेल नहीं हुआ था तो दूसरा दिन बदइंतजामी की भेंट चढ़ गया। मंगलवार को बारिश नहीं हुई लेकिन आउट फील्ड काफी गीला था। आउटफील्ड को सुखाने के पर्याप्त इंतजाम स्टेडियम में नहीं थे। इलेक्ट्रिक पंखे से ग्राउंड को सुखाने की



कोशिश की गई जो कि नाकाम रही। अब तक मैच का टॉस तक नहीं हो पाया है। बदइंतजामी ग्राउंड के साथ-साथ पवेलियन में भी देखने को मिली। इस वजह से खिलाड़ियों से लेकर अफगानिस्तान बोर्ड के अधिकारी भी परेशान नजर आये। एक अधिकारी ने कहा, यहां काफी गड़बड़ हो गई है। हम यहां वापस कभी नहीं आएंगे। हमारे खिलाड़ी भी सुविधाओं से खुश नहीं हैं।

**पूरी रात बारिश की वजह से मैदान की बुरी हालत**

नोएडा में कल (सोमवार) पूरी रात बारिश हुई। इस वजह से आज आउटफील्ड की काफी बुरी हालत हो गई। ग्राउंड्समैन आउटफील्ड इलेक्ट्रिक फैन से सुखाते दिखे। साथ ही कुछ जगह की आउटफील्ड पर आर्टिफिशियल घास भी लगाई गई, लेकिन इससे भी काम नहीं हो सका। वहीं सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हो रही है, जिसमें एक कैटरिंग स्टाफ वाशरुम के पानी से बर्तन धो रहा है। स्टेडियम पर पहले लग चुका है प्रतिबंध मार्च 2017 में यहां आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला गया था, जब अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच डउक्र सीरीज खेली गई थी। इसी साल के आखिर में सितंबर 2017 में कॉर्पोरेट मुकाबलों में मैच फिक्सिंग के मामले सामने आए थे, तब इउउक ने स्टेडियम को प्रतिबंधित कर दिया था। यही कारण रहा कि यूपी क्रिकेट एसोसिएशन ने इस वेन्यू पर ध्यान नहीं दिया।

**नोएडा में दो हफ्ते से बारिश**

ग्रेटर नोएडा में पिछले दो हफ्ते से लगातार बारिश हो रही है। कल रात भी भारी बारिश हुई थी। ग्राउंड्समैन मैदान को सुपर सॉपर की मदद से ठीक करने में लगे रहे।

## इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची विश्वविद्यालय रांची में इंटर सेमेस्टर शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची विश्वविद्यालय, रांची में इंटर सेमेस्टर शतरंज टूनामेंट का आयोजन किया गया। इस टूनामेंट में 4 राउंड थे और इसका प्रारूप रैपिड टाइम था। टूनामेंट में 16 प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई। इसमें सेमेस्टर 7 के सचिन आनंद चैंपियन बने जबकि दूसरे स्थान पर सेमेस्टर 9 के सुशांत पाठक' रहे। इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर एसएन मिश्रा ने विजेता एवं उपविजेता सहित सभी प्रतियोगियों को ट्राफी तथा मेडल देकर सम्मानित किए। इस टूनामेंट को सफल बनाने में स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ मोहम्मद जाकिर की मुख्य भूमिका रही । इस टूनामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ी बबलू (सेमेस्टर 7), नूर (सेमेस्टर 3), हर्ष (सेमेस्टर 7), राज (सेमेस्टर 5), आदर्श (सेमेस्टर 7), माधव (सेमेस्टर 9), विश्वजीत (सेमेस्टर 9), निकेत (सेमेस्टर 7), दीपक (सेमेस्टर 7), सिद्धांत (सेमेस्टर 3), अंगिका (सेमेस्टर 5), कृष्णनशु (सेमेस्टर 3), संदीप (सेमेस्टर 3), खुशबू (सेमेस्टर 10) पुरस्कार वितरण के समय मौजूद थे।

# वृद्ध दंपति ने लगायी बेटा-बहू की प्रताड़ना से बचाने की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में एडीएम लॉ एंड आर्डर मती हेमा प्रसाद ने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आये लोगों की समस्याएं सुनी। इसमें धनबाद के बारामुड़ी से आये एक वृद्ध दंपति ने बेटा बहू की प्रताड़ना से बचने की गुहार लगायी। दंपत्ति ने बताया कि अनुसेवक के पद से सेवानिवृत होने के बाद वे अपने निजी मकान में रहते थे। बेटा की शादी करने के बाद बहू और बेटा दोनों मिलकर वृद्ध दंपति को आये दिन प्रताड़ित करते हैं। मारपीट भी करते हैं। जिस कारण उन्होंने अपना निजी मकान छोड़कर भाड़े के मकान में आसरा लिया है। उन्होंने बेटा बहू की प्रताड़ना से बचाने और दोनों को घर से बाहर करने की गुहार लगायी। वहीं सीएमपीएफ कॉलोनी के अमन ग्रीन अपार्टमेंट में रहने वाली महिला ने बताया कि वहां एक फ्लैट में किराये पर रहती है। नियमित रूप से किराया देती है। परंतु 2 सितंबर को फ्लैट मालिक ने फ्लैट का बिजली कनेक्शन काट दिया है। महिला ने बिजली कनेक्शन पुनः बहाल करवाने का अनुरोध किया। वासेपुर से आए एक व्यक्ति ने उनकी रैयती जमीन हड़पने और उस पर अवैध कब्जा करने के लिए दबंगों द्वारा जबरन जेसीबी से बाउंड्री वॉल तोड़ देने की शिकायत की। इसके अलावा जनता दरबार में जमीन का मुआवजा नहीं मिलने, रैयती जमीन पर जबरन कब्जा करने, घर तक आने जाने का रास्ता बंद कर देने, तोपचांची में वन विभाग की जमीन पर जबरन कब्जा कर-के आम रास्ता बंद कर देने, बाघमारा के कपूरिया और कंचनपुर पंचायत में अवैध नमक फैक्ट्री को बंद कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुये। मौके पर जन शिकायत कोषांग के नंद किशोर कुशवाहा, विवेक कुमार मौजूद थे।

# जन शिकायत समाधान में पहुंचा 16 लाख रुपये के गबन का मामला

**टाटा आडिटोरियम मैं जिला प्रशासन की और से जोरापोखर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झारखंड में बेहतर पुलिसिंग को लेकर डीजीपी के आदेशानुसार पुरे राज्य के साथ साथ धनबाद जिला प्रशासन की और से जिले में पांच जगहों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत की गयी हैं। सिंदरी अनुमंडल के अंतर्गत टाटा आडिटोरियम जोरापोखर में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर शुभारंभ राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलित कर की गयी। कैंप में भारी संख्या में लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे। कैंप में जमीन ,आपसी विवाद , घरेलू मामलों को लेकर भी लोग पहुंच रहें हैं। अलकडीहा ओपी क्षेत्र से एक वृद्ध महिला न्याय की आस लेकर जन शिकायत समाधान पहुंची। महिला ने बताया कि जलसाजी कर दलाल ने 16 लाख रूपये निकाल लिये। दो लाख रूपये का वाउचर भरे थे। और बैंक से 16 लाख रूपये दिखा रहे हैं निकाला गया। सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राऊत ने मीडिया को बताया कि सभी शिकायत लिया जा रहा है। इस कैंप में कई मामलों का तत्काल निष्पादन करने की कोशिश की जा रही है। जबकि मामले से संबंधित सभी विभाग के अधिकारी यहां मौजूद है और 6 थाना और 5 ओपी के प्रभारी इस कैंप में मौजूद रहे ज्यादा से ज्यादा मामलों को तत्काल निष्पादन करने की कोशिश की जा रही है। झरिया सीओ ने मीडिया को बताया कि धनबाद पुलिस की अनोखी पहल है। झरिया अंचल के अंतर्गत सभी मामलों का त्वरित निष्पादन करने की कोशिश की जा रही है। अगर किन्ही के मामला दो पक्षों में है और दोनों पक्ष यहां मौजूद है उन्हें आपसी सहमति के अनुसार से सुलह कराने की काफी प्रयास की जा रही है। जमीन से संबंधित मामले को लेकर मैं खुद निष्पादन करने की प्रक्रिया में हूं, और वैसे मामले जो कोर्ट से संबंधित है। उन्हें विशेष सलाह देकर जल्द से जल्द आपसी समझौता कर सुलह करने की आग्रह की जा रही है।

# माहौल बिगाड़ने की कोशिश नाकाम, चार लोग हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** धनबाद जिले के चिरकुंडा थाना क्षेत्र में मंगलवार को माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गयी। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता और पुलिस की सक्रियता के कारण स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस ने एक्शन लेते हुए चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। शांति बहाली के लिए पुलिस की तैनाती की गयी है। चिरकुंडा थाना क्षेत्र की डुमरकुंडा दक्षिण पंचायत की सीएमडब्ल्यू कॉलोनी के महावीर मंदिर में मांस का टुकड़ा मिलने के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गये। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार युवकों को हिरासत में लिया है।

स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की जानकारी मुखिया प्रतिनिधि अजय पासवान को दी। उन्होंने मंदिर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को शांत कराया और चिरकुंडा पुलिस को इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी रामजी राय पुलिस बल के साथ महावीर मंदिर पहुंचे और मंदिर में पड़े मांस के टुकड़े को हटवाया। उन्होंने लोगों से शांत रहने की अपील की, पंचायत भवन में एसडीपीओ रजत माणिक बाखला की उपस्थिति में बैठक की गयी और लोगों की शिकायत सुनी गयी। मोहल्ले के लोग इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। फिर सभी मंदिर के पास आये तो दूसरे समुदाय की कुछ महिलाएं पुलिस प्रशासन और भीड़ के समक्ष ही गाली-गलौज करने लगी। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। मौके पर काफी संख्या में मौजूद पुलिस अधिकारी और जवानों के रहने के कारण स्थिति नियंत्रण में रही। एसडीपीओ ने इन्हें लिखित शिकायत देने के लिए कहा। रामजी साव द्वारा लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गयी। उन्होंने उपस्थित लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिया। कार्रवाई के भरोसे के बाद लोग शांत हुए, तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मंदिर के पास पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

# कॉलेज में पीजी और इंटर की पढ़ाई अविलंब प्रारंभ हो: कुमार अमित

**पी.जी, इंटर और एनसीसी प्रारम्भ करने सहित अन्य मांगो को लेकर कॉलेज प्रबंधन से मिले कुमार अमित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** सिटी कॉलेज में स्नातकोत्तर, इंटर की पढ़ायी और एनसीसी प्रारम्भ करने सहित अन्य मांगो को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार सिटी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्या डा. उमामांगेश्वरी से मुलाकात की। कुमार अमित ने प्रभारी प्राचार्या से कहा कि छात्रों के कठिन संघर्ष के बाद इस कॉलेज में पीजी की पढायी प्रारम्भ हुई थी। जिसे कॉलेज प्रबंधन के उदासीनता के कारण बंद कर दिया गया। पीजी की पढायी प्रारम्भ होने से बोकारो के विकास में एक महत्वपूर्ण आयाम जुड़ गया था। छात्रों को स्नातकोत्तर जैसे उच्च शिक्षा के लिए बोकारो से बाहर जाने की मजबूरी समाप्त हो गयी थी। अब जब विश्वविद्यालय प्रबंधन कॉलेज में पीजी और इंटर पढ़ायी प्रारम्भ करने के निर्णय लिए कॉलेज प्रबंधन को ही अधिकृत कर दिया है तो सिटी कॉलेज प्रबंधन का इन दोनो कोर्स को प्रारम्भ करने से इंकार करना बोकारो के विकास के लिए दुर्भाग्यपूर्ण और नाकाबिले बर्दाश्त है। इसके अलावे सिटी कॉलेज में छात्रों को दी जाने वाली एनसीसी की ट्रेनिंग को भी कुछ कॉलेज की उदासिनता के कारण वर्षों से बंद कर दिया गया है। जिसके कारण इच्छुक छात्र-छात्राएं इसके लाभ से वंचित हो जा रहे हैं। कालेज प्रबंधन स्नातकोत्तर, इंटर और एनसीसी को प्रारम्भ करने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय प्रबंधन को अविलंब भेजें अन्यथा कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ चरण बद्ध आंदोलन होगा। प्रभारी प्राचार्या ने इन प्रस्तावों को विश्वविद्यालय को शीघ्र भेजने की आश्वासन दिया है। इस अवसर पर छात्र नेता सुमन कुमार, पवन कुमार, लालबाबू, अजय कुमार, करण गोराईं, अनील शर्मा, चंद्रप्रकाश, मुकेश शर्मा, देवनारायण टुडू, रामू कुमार सोरेन, अविनाश शर्मा, रविंद्र यादव, जितेंद्र कुमार कुशवाहा आदि मौजूद थे।

# रेलवे फाटक से टकराया वाहन, पांच लोग हुए जख्मी



**कतरास (आजाद सिपाही )।** मंगलवार प्रातः लगभग तीन बजे के करीब कतरास थाना क्षेत्र स्थित एन एच-32 पर शाखाटांड रेलवे फाटक संख्या तीन से एक स्कार्पियो टकरा गया। घटना में स्कार्पियो सवार पांच लोग जख्मी हो गये। घटना में वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। जख्मियों में सुमित कुमार, रंजन कुमार, सुजीत कुमार, धनराज कुमार महतो, पवन कुमार शामिल हैं। सूचना पाकर कतरास थाना के अधिकारी कार्तिक उरांव अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जख्मियों को इलाज के लिए धनबाद के एस एन एम एमसीएच भेज दिया। आंशिक रूप से जख्मी सुमित ने बताया कि वे रामगढ़ के मांडू से धनबाद अपने एक मित्र के यहां जा रहे थे। घटनास्थल के पास चालक ने फाटक को देख नहीं पाया और टक्कर मार दिया ।

# सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम कॉटेज इंडस्ट्रीज के सदस्यों के लिए बड़ी खुशखबरी

**धनबाद (आजाद सिपाही )।** सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम जो की ट्रांसमीटो डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा संचालित एक कार्यक्रम है। कॉटेज इंडस्ट्रीज कार्यक्रम के तहत, जुड़े जितने भी सदस्य गण हैं। जिनको अभी तक सहायता राशि संस्था द्वारा प्राप्त नहीं हुआ है। उनके लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी है, संस्था के द्वारा एक खास कार्यक्रम योद्धा चलाया जा रहा है। और इस इस कार्यक्रम में दानवीरों को 195 रुपया दान करने पर 5 एलईडी बल्ब उपहार स्वरूप दिया जा रहा है। अभी तक जानकारी के मुताबिक लाखों एलईडी बल्ब की आवश्यकता संस्था को आ चुकी है। जिसके तहत संस्था के मैनेजमेंट टीम और कोर टीम की एक खास बैठक में यह यह तय हुआ कि जितने भी हमारे संस्था के कॉटेज इंडस्ट्रीज कार्यक्रम में जुड़े सदस्य हैं । उन सभी को जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय एलईडी बल्ब असेंबलिंग यूनिट लगाया जायेगा। और एलईडी बल्ब हमारे सदस्यों के द्वारा तैयार करवाया जायेगा जिसके एवज में सदस्यों को प्रति एलईडी बल्ब मेहनताना दिया जायेगा। जिससे एक सदस्य दिन भर में जितना भी समय देकर के एलईडी बल्ब बना पायेंगे वो उतना कमा पायेंगे। और सर्वप्रथम शुरूआत जिला स्तरीय किया जा रहा है। इसमें कॉटेज इंडस्ट्रीज के जुड़े सभी सदस्यों को सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम के द्वारा रोजगार कार्ड निर्गत किया जा रहा है। और उन्हें एलईडी बल्ब बनाने का काम दिया जा रहा है। इससे सभी सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गयी है।क्योंकि उन्हें एक अच्छा खासा काम करके कमाने का अवसर प्राप्त हुआ है। संस्था की मैनेजमेंट टीम और कोर टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पूरे देश में हर जिले में और आगे चलकर हर ब्लॉक में हम लोग एलईडी बल्ब बनाने की व्यवस्था दे रहे हैं। ब्लॉक स्तरीय असेंबली यूनिट का निरीक्षण नेशनल सपोर्ट टीम के द्वारा किया जायेगा और सभी सदस्यों को नि:शुल्क प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोडा.जायेगा। और बने हुए हैं उनके लिए यह बहुत ही बड़ी खुशखबरी है ।

# टुंडी में जेपी हॉस्पिटल का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सह स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

**नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण शिविर में 240 ग्रामीण हुए लाभान्वित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद/टुंडी।** जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का ग्रामीण क्षेत्रों में अपने सामाजिक दायित्व के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर अभियान का आयोजन निरंतर जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को टुंडी प्रखंड के चेपकिया ग्राम में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 240 से अधिक ग्रामीण महिलाओं, पुरुषों और लोगों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और इलाज का लाभ उठाया। शिविर में जेपी हॉस्पिटल के चिकित्सकों की टीम ने 240 से अधिक मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर, बीएमआई, और अन्य बीमारियों का जांच पड़ताल किया। मरीजों को मुफ्त चिकित्सा सेवा के साथ मुफ्त में मर्ज के अनुसार दवाइयां दी गयी। शिविर में उपस्थित जेपी हॉस्पिटल के अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविरो का आयोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना है। शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच पड़ताल और परामर्श एवं नि:शुल्क दवा वितरण के अलावा चिकित्सकों ने स्वस्थ जीवन शैली को बनाये रखने, बीमारी और दुर्घटना से संबंधित आपातकालीन स्थिति से बचाव के बारे में बहुमूल्य जानकारियां भी प्रदान की गयी। चेपकिया ग्राम और आसपास के ग्रामीण इस नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और शिविर में ही नि:शुल्क दवा वितरण के आयोजन से काफी खुश दिखें। शिविर में उपस्थित मरीजों ने डॉक्टरों, नर्सेज, स्वास्थ्य कर्मियों और जेपी अस्पताल प्रबंधन को धन्यवाद दिया। जेपी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा जेपी हॉस्पिटल ग्रामीण क्षेत्रों और जरूरतमंद मरीजों की नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और हॉस्पिटल का स्वास्थ्य जांच शिविर सह स्वास्थ जागरूकता अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# धनबाद पुलिस ने किया विभिन्न स्थानों पर जन शिकायत समाधान का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड में बेहतर पुलिसिंग को लेकर मुख्यमंत्री और डीजीपी के आदेशानुसार पुरे राज्य के साथ साथ धनबाद जिला प्रशासन की ओर से जिले में पांच जगहों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत की गयी हैं। 1.धनबाद जिले के विधि व्यवस्था के अंतर्गत सभी थाना-अभय सुन्दरी बालिका उच्च विधालय हीरापुर में। 2.बाघमारा पुलिस अनुमंडल के अन्तर्गत सभी थाना-राजस्थानी धर्मशाला राजगंज रोड पचगढी बजार कतरास। 3.सिंदरी पुलिस अनुमंडल के अंतर्गत सभी थाना-टाटा आडिटोरियम जोरापोखर। 4.निरसा पुलिस अनुमंडल के अन्तर्गत सभी थाना-पॉलीटेक्निक कालेज निरसा। 5. पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 1 और 2 के अंतर्गत सभी थाना-अल इकरा कॉलेज बरियो टुंडी रोड गोविंदपुर शिविर का आयोजन किया गया है। सभी कैंप में स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में आवेदन लेकर पहुंचे। जिला पुलिस शिविर में मुख्य रूप से जमीन, आपसी विवाद , पारिवारिक और अराधीक मामलों को लेकर फरियादी पहुंचे। डीएसपी विधि व्यवस्था दीपक कुमार ने मीडिया को बताया कि इस कैंप में कई मामलों का तत्काल निष्पादन करने की कोशिश की जा रही है। जबकि मामले से संबंधित सभी विभाग के अधिकारी यहां मौजूद है और 8 थाना और 2 ओपी के प्रभारी इस कैंप में मौजूद है।

ज्यादा से ज्यादा मामलों को तत्काल निष्पादन करने की कोशिश की जा रही है। अंचल अधिकारी शशिकांत सिनकर ने मीडिया को बताया की धनबाद अंचल के अंतर्गत सभी मामलों का आज मुख्यमंत्री के निर्देश पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया है और यहां पर त्वरित निष्पादन करने की कोशिश की जा रही है। अगर किन्ही के मामला दो पक्षों में है और दोनों पक्ष यहां मौजूद है उन्हें आपसी सहमति के अनुसार से सुलह कराने की काफी प्रयास की जा रही है। जमीन से संबंधित मामले को लेकर मैं खुद निष्पादन करने की प्रक्रिया में हूं और वैसे मामले जो कोर्ट से संबंधित है उन्हें विशेष सलाह देकर जल्द से जल्द आपसी समझौता कर सुलह करने की आग्रह की जा रही है।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल,चतरा**

**ई– अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई–निविदा संख्या– 05/RII/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 09.09.2024**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/30/ 2024-25 | मयूरहण्ड प्रखण्ड के मंझगांवा पंचायत में पी.डब्ल्यू.डी. रोड महेशा से आर.ई.ओ. रोड तिलरा तक पथ का निर्माण कार्य (लं.– 2.625 कि.मी.)। | 295.355 | दो करोड़ पन्चानबे लाख पैंतीस हजार पाँच सौ मात्र | 15 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 13.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 335219 Rural Work Department(24-25).D



**कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा**

**आम सूचना**
**राष्ट्रीय लोक अदालत–सह–मासिक लोक अदालत संबंधित आवश्यक सूचना**
**दिनांक 28.09.2024 स्थान:– व्यवहार न्यायालय, चतरा**
**नि:शुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय के लिए**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के द्वारा व्यवहार न्यायालय, चतरा में दिनांक 28.09.2024 को समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से कार्य समाप्ति तक राष्ट्रीय लोक अदालत–सह–मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दिवानी मामले | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय अपराधिक मामले | बिजली विभाग से संबंधित मामले |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | वन विभाग से संबंधित मामले |
| वैवाहिक पारिवारिक मामले | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भू अधिग्रहण से संबंधित मामले | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस पर व्यवहार न्यायालय, चतरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा। — पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा। — उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा। — प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा।

PR 335280 (Law)24-25*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–EE/RDSD/LATEHAR/17/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत आरागुण्डी ग्राम कुन्दरी में जर्जर ऑगनवाड़ी केन्द्र का निर्माण | 1819800 | 36400 | 5000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत आरागुण्डी ग्राम डाटम में जर्जर ऑगनवाड़ी केन्द्र का निर्माण | 1819800 | 36400 | 5000 | 3 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत आरागुण्डी ग्राम जडयांग में जर्जर ऑगनवाड़ी केन्द्र का निर्माण | 1819800 | 36400 | 5000 | 3 माह |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा पंचायत सासंग उत्क्रमित प्राथमिक विघालय जमुनीखाड़ का चहारदिवारी निर्माण। | 1577413 | 31600 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 11.09.2024 से दिनांक 18.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण वकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.335306 Rural Development(24-25):D

### बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का प्रभाव असरदार

# ओड़िशा सीएम ने नुकसान और निपटने के उपायों की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मंगलवार को विधानसभा कक्ष में बंगाल की खाड़ी में कम दबाव से हुए नुकसान और इससे निपटने के लिए किये गये उपायों की समीक्षा की। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी एवं एसआरसी एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य प्रशासनिक सचिव देवरंजन कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को स्थिति एवं उठाये गये कदमों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समुद्र में उचित जल निकासी की कमी के कारण कई स्थानों पर जलभराव की समस्या है। कोरापुट और मालकानगिरी जिलों के लोग बारिश से विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं। कई स्थानों पर यातायात बाधित हो गया है। जलजमाव की भी समस्या हो गयी है। उन्होंने विभाग को ओड्राफ, एनडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की मदद से लोगों की समस्या का तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने बड़ी मात्रा में राहत सामग्री रखने और प्रभावित लोगों तक पहुंचाने को कहा।

# डेविड स्टोन को वेदांता एल्युमीनियम ने सीइओ-कोल माइंस नियुक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने डेविड स्टोन को मुख्य कार्यकारी अधिकारी - कोयला खदान के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। अपनी नयी भूमिका में, डेविड कंपनी के संपूर्ण कोयला खनन कार्यों की देखरेख करेंगे, रणनीति का नेतृत्व करेंगे और संसाधन दक्षता को अनुकूलित करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठायेंगे।

डेविड की विशेषज्ञता ओड़िशा के झारसुगुड़ा और लांजीगढ़ और छत्तीसगढ़ के कोरबा में वेदांता एल्युमीनियम के ताप विद्युत संयंत्रों में संसाधन दक्षता को अनुकूलित करने के लिए महत्वपूर्ण होगी, साथ ही टिकाऊ खनन प्रथाओं पर भी उनका विशेष ध्यान रहेगा। कंपनी के पास 5 संचालित कोयला खदानें हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 40 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है। इनमें जामखानी, कुरालोई, राधिकापुर, घोघरपल्ली और बर्रा शामिल हैं - जहां अन्वेषण चल रहा है।

30 से ज्यादा वर्षों के शानदार करियर के साथ डेविड के पास संसाधन व्यवसायों के प्रबंधन और संचालन में समृद्ध वैश्विक अनुभव है। उन्होंने विकास के चरणों, विलय और अधिग्रहण, परियोजना विकास और समापन तक संचालन के निर्बाध संचालन में भूमिकाओं में नेतृत्व की भूमिका निभायी है। उन्होंने शेयरधारक मूल्य बनाने पर समर्पित ध्यान के साथ इन व्यवसायों के भीतर लगातार एक परिवर्तनकारी क्षमता का प्रदर्शन किया है। खनन परिचालन में उनके वैश्विक अनुभव में एंग्लोअमेरिकन, एक्सस्ट्रेटा और ग्लेनकोर के साथ उल्लेखनीय कार्यकाल शामिल हैं।

वेदांता एल्युमीनियम के सीइओ जॉन स्लेवन ने कहा कि डेविड का वेदांता एल्युमीनियम में स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। उनका सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड उन्हें हमारे खनन परिचालनों को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श लीडर बनाता है, जो कच्चे माल को सुरक्षित रखने और हमारे व्यवसाय के लिए उत्पादन की लागत को कम करने के लिए बैकवर्ड इंटीग्रेशन सुनिश्चित करता है। उनकी विशेषज्ञता अमूल्य होगी, क्योंकि हम महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं पर नजर रखते हुए अपने संसाधन दक्षता को बढ़ा रहे हैं। अपनी नियुक्ति पर वेदांता एल्युमीनियम के सीइओ (कोल माइंस) डेविड स्टोन ने कहा कि मैं वेदांता एल्युमीनियम से जुड़ कर और ऐसे महत्वपूर्ण समय में कोयला परिचालन का नेतृत्व करके गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं, जब कंपनी उत्पादन क्षमता का विस्तार कर रही है और महत्वाकांक्षी विकास पथ पर अग्रसर है। मैं प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करने के लिए तत्पर हूं, ताकि अभिनव रणनीतियों को लागू किया जा सके, जो हमारे संसाधनों का अनुकूलन करेगी, लागत कम करेगी और कंपनी के विकास और स्थिरता उद्देश्यों में योगदान देगी।

# 10 वर्षों में 719 हाथी, 55 बाघ मारे गये

- वन मंत्री गणेश राम सिंह खुंटिया ने किया विधानसभा में चौंकाने वाला खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री गणेश राम सिंह खुंटिया ने आज राज्य विधानसभा में चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में ओडिशा में 719 हाथियों और 55 बाघों की मौत हुई है। खुर्दा विधायक प्रशांत जगदेव द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि राज्य में वर्ष 2013-14 से 2023-24 तक विभिन्न कारणों से 719 हाथियों की मौत हुई है, जबकि शिकारियों ने कुल 41 हाथियों का शिकार किया है। इसी तरह, इस अवधि के दौरान हाथियों के हमले में 1,145 लोगों की जान गई है। इसी प्रकार, सिंह ने बताया कि 2013-14 और 2023-24 के बीच ओडिशा में 48 तेंदुए और 7 रॉयल बंगाल सहित 55 बाघों की मौत हुई। उन्होंने आगे बताया कि 25 बाघों की मौत अवैध शिकार के कारण, 6 बाघों की मौत पानी में डूबने से, 5 बाघों की मौत दुर्घटनाओं में तथा 4 बाघों की मौत बिजली का झटका लगने से हुई है।

# ओड़िशा में 3 नयी वंदे भारत ट्रेनें चलेंगी

- केंद्रीय रेल मंत्री ने सीएम को नयी वंदे भारत ट्रेनों का शुभारंभ करने के लिए आमंत्रित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने मंगलवार को विधानसभा कार्यालय परिसर में केंद्रीय रेल मंत्रालय की ओर से मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात की और उन्हें इस महीने की 15 तारीख को प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से इस संबंध में एक विशेष निमंत्रण पत्र और पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है।

गौरतलब है कि इस महीने की 15 तारीख को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 10 नये स्टेशनों पर वंदे भारत ट्रेनों के संचालन का शुभारंभ कर रहे हैं। इसमें से 3 ट्रेनें ओडिशा के बीच चलेंगी। ये ट्रेनें हैं टाटा-ब्रह्मपुर बंदे भारत, राउरकेला-हावड़ा बंदे भारत और दुर्ग-विशाखापटना बंदे भारत। केंद्रीय रेल मंत्री श्री वैष्णव ने मुख्यमंत्री को ब्रह्मपुर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

गौरतलब है कि अभी वंदे भारत ओड़िशा के बीच 3 स्टेशनों पर ट्रेनें चला रहा है। 3 नयी ट्रेनों के जुड़ने से कुल 6 वंदे भारत ट्रेनें ओड़िशा के लोगों की सेवा करेंगी। इस साल के बजट में केंद्र सरकार ने ओड़िशा के रेलवे बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए रिकॉर्ड 10,586 करोड़ रुपये दिये हैं। वर्तमान राज्य में 54,434 करोड़ रुपये के रेलवे बुनियादी ढांचे का निर्माण चल रहा है। इससे ओड़िशा के रेलवे बुनियादी ढांचे और पारगमन प्रणाली के सुधार के लिए केंद्र सरकार का ईमानदार समर्थन स्पष्ट है। मुख्यमंत्री श्री माझी ने इस निमंत्रण के लिए रेल मंत्री श्री वैष्णव को धन्यवाद दिया।


**पूर्व मध्य रेल**

खुली निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : **EL-proj-DNRETEN-02RT-23-24, दिनांक– 06.09.2024**
**1.0 कार्य का नाम एवं स्थान :** Design, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 2x25KV feeder line work with 25KV OHE modification works to meet 3000 MT loading target for Gomoh- Patratu Section's UP & DN line of Dhanbad Division under E.C.Railway (Total 127/254 RKM/TKM)., **2.0 कार्य का अनुमानित लागत :** रूपये. 770072034. 10, **3.0 निविदा फार्म की कीमत :** रुपये. 0.00, **4.0 आवश्यक बयाना राशि :** रूपये – 4000400.00/–, **5.0 निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक– 01.10. 2024 निविदा खुलने की तारीख एवं समय– दिनांक 15.10.2024 को 15:00 बजे, **6.0** वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे **www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर देखा जा सकता है।, **7.0 पता एवं अन्य जानकारी :** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / रेल परियोजना / दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट– खगौल जिला– पटना, पिन – 801105.

उप मुख्य विद्युत अभियंता, रेल परियोजना, दानापुर
पीआर/01095/आरपी/ईजी./टी/24–25/44


## डेंगू की स्थिति नियंत्रण में है : बीएमसी मेयर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)** बीएमसी मेयर ने मंगलवार को कहा कि भुवनेश्वर में डेंगू की स्थिति नियंत्रण में है। महापौर ने भुवनेश्वर में डेंगू पर बात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि राजधानी में डेंगू की स्थिति नियंत्रण में है। भले ही संख्या अधिक हो, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। राज्य का सबसे बड़ा अस्पताल राजधानी भुवनेश्वर में स्थित है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। बारिश के कारण पौधारोपण अभियान को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

### संबलपुर रेलवे स्टेशन पर प्रमुख यार्ड का नवीनीकरण

# नये प्लेटफार्मों का किया जायेगा निर्माण

- ट्रेनों को सुचारू रूप से गुजारने और नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त लाइनें जोड़ी जायेंगी
- ट्रेनें अब आसानी से संबलपुर पहुंच सकेंगी और आसपास के स्टेशनों पर नहीं रहेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** देश भर के प्रमुख स्टेशनों को उन्नत और आधुनिक बनाने की भारतीय रेलवे की भव्य योजना के हिस्से के रूप में, संबलपुर रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण यार्ड पुनर्गठन कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) क्षेत्र के रेलवे नेटवर्क के एक प्रमुख केंद्र, इस महत्वपूर्ण स्टेशन पर परिचालन दक्षता बढ़ाना और ट्रेन प्रबंधन में सुधार करना है।

संबलपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्रीय रसद और यात्री परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो पूर्व तट रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत महत्वपूर्ण स्टेशनों में से एक है। इस आधुनिकीकरण परियोजना से न केवल स्टेशन की संचालन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि यात्रियों और माल यातायात के लिए अधिक सुव्यवस्थित, कुशल रेल सेवा भी सुनिश्चित होगी। एक बार पूरा हो जाने पर, यात्री सुचारू ट्रेन संचालन, प्रतीक्षा समय कम होने और समग्र सेवा गुणवत्ता में वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं।

इस व्यापक यार्ड रीमॉडलिंग में बे लाइन, लोको रिवर्सल लाइन और इंस्पेक्शन कैरिज साइडिंग को स्थानांतरित करना शामिल होगा। इस आधुनिकीकरण कार्य के हिस्से के रूप में बे लाइन को एक पूर्ण लंबाई वाले प्लेटफॉर्म तक भी विस्तारित किया जायेगा। इस परियोजना में 4.5 महीने (135 दिन) लगने की उम्मीद है। भारतीय रेलवे बढ़ती यात्री मांग, क्षेत्रीय विकास और राष्ट्रीय रसद आवश्यकताओं के अनुरूप बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पुनर्गठन कार्य के मुख्य पहलू

**नये प्लेटफार्मों को जोड़ना :** दो नये प्लेटफार्मों का निर्माण किया जायेगा, जिससे अधिक ट्रेनों और यात्रियों को संभालने के लिए स्टेशन क्षमता का विस्तार होगा।

**सुचारू संचालन के लिए अतिरिक्त लाइनें :** ट्रेनों की आसान आवाजाही और नियंत्रण, देरी को कम करने और समय की पाबंदी बढ़ाने के लिए अतिरिक्त लाइनें जोड़ी जा रही हैं।

**बेहतर ट्रेन संचलन :** एक बार पूरा हो जाने पर, ट्रेनें आसपास के स्टेशनों पर रोके बिना, संबलपुर स्टेशन में आसानी से प्रवेश कर सकेंगी।

**अस्थायी परिवर्तन :** यार्ड पुनर्गठन के पैमाने के कारण, कई ट्रेन सेवाओं को अस्थायी रूप से डायवर्ट किया जाएगा। यात्रियों के चढ़ने और उतरने के लिए स्टॉपेज प्रदान करके, पांच जोड़ी ट्रेनों को संबलपुर सिटी स्टेशन से होकर, संबलपुर स्टेशन को बायपास करते हुए डायवर्ट किया जायेगा। निर्माण अवधि के दौरान सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए यह डायवर्जन आवश्यक है।

## प्रभावित ट्रेनें और डायवर्जन तिथियां

**18126/18125 पुरी-राउरकेला-पुरी एक्सप्रेस :** दोनों तरफ से 20 सितंबर 2024 से 5 फरवरी 2025 तक।

**12879/12880 एलटीटी-भुवनेश्वर-एलटीटी एक्सप्रेस:** एलटीटी से 21 सितंबर 2024 से 1 फरवरी 2025 तक और भुवनेश्वर से 23 सितंबर 2024 से 3 फरवरी 2025 तक।

**22865/22866 एलटीटी-पुरी-एलटीटी एक्सप्रेस :** एलटीटी से 19 सितंबर 2024 से 30 जनवरी 2025 तक और पुरी से 24 सितंबर 2024 से 4 फरवरी 2025 तक।

**20471/20472 लालगढ़-पुरी-लालगढ़ एक्सप्रेस :** लालगढ़ से 22 सितंबर 2024 से 2 फरवरी 2025 तक और पुरी से 25 सितंबर 2024 से 5 फरवरी 2025 तक।

**20813/20814 पुरी-जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस :** पुरी से 25 सितंबर 2024 से 5 फरवरी 2025 तक और जोधपुर से 21 सितंबर 2024 से 1 फरवरी 2025 तक।

यात्री सुविधा के लिए इन परिवर्तित ट्रेनों का संबलपुर सिटी स्टेशन पर 5 मिनट का ठहराव होगा।

**मेमू ट्रेन सेवा रद्द करना:** पुनर्गठन कार्य को समायोजित करने के लिए 08169/08170 झारसुगुड़ा-संबलपुर-झारसुगुड़ा मेमू ट्रेन 20 सितंबर 2024 और 5 फरवरी 2025 के बीच रद्द कर दी जायेगी।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**